VPL

वर्ष 10 अंक 172
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
1 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 पीजी मेडिकल दाखिला: काउन्सलिंग का अतिरिक्त चरण ... | 06 पाकिस्तानी कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध : ऋषभदेव शर्मा | 11 धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते: फ्लेमिंग










## उ.प्र.: ईद पर मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गई, अमन-चैन की दुआ मांगी गई

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश में सोमवार को ईद-उल-फित्र का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की इमामत में ईद-उल-फित्र की नमाज पढ़ी और अमन-चैन की दुआ की।

अधिकारियों ने बताया कि राजधानी लखनऊ के अलावा संभल, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, रामपुर, अमेठी, हरदोई, अलीगढ़, झांसी, गोंडा समेत विभिन्न जिलों की मस्जिदों और ईदगाहों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान, नमाजियों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ की।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह पहुंचकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री दानिश आजाद, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय भी नमाजियों को ईद की मुबारकबाद देने के लिए ऐशबाग ईदगाह पहुंचे।

संभल की शाही ईदगाह में भी हजारों लोगों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद-उल-फित्र की नमाज अदा की। इस मौके पर संभल के सांसद जिया उर रहमान वर्क, जिला अधिकारी राजेंद्र पेसीया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सहित कई अधिकारी वहां मौजूद थे।

पेसीया ने पत्रकारों से कहा कि संभल की शाही ईदगाह में लगभग 50 हजार लोगों ने ईद की नमाज अदा की।

अधिकारियों ने बताया कि नमाज के लिए शाही ईदगाह पहुंचे नमाजियों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूलों की बारिश की और उन्हें एकता व भाईचारे का संदेश भी दिया।

वाराणसी में ज्ञानवापी और नदेसर मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस दौरान, प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

काशी जोन के पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने कहा, "ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस मौके पर शहर और देहात की सभी मस्जिदों के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सभी संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से नजर रखी गई।"

गोंडा की मस्जिदों और ईदगाहों में भी ईद की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी।

गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह में हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से ईद की नमाज अदा की और वह खुद भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरों से क्षेत्र पर लगातार नजर रखी गई।

अलीगढ़ में ईद के दौरान माहौल सामान्य था, लेकिन कुछ नमाजी वैश्विक स्तर पर मुसलमानों के साथ एकजुटता दिखाने और संसद में पेश वक्फ विधेयक को लेकर विरोध जताने के लिए काली पट्टी बांधे देखे गए।

हरदोई में ईद-उल-फित्र का त्योहार पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जिले की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी और देश में अमन-चैन तथा कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी।

अमेठी में जायस ईदगाह और जामा मस्जिद सहित 213 प्रमुख मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा की गई। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि जिले में ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

झांसी की मस्जिदों में नमाजियों ने ईद की नमाज में मुल्क की तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान, मस्जिद परिसरों में हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

रामपुर, अमरोह और मुरादाबाद में भी ईद-उल-फित्र की नमान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों के मुताबिक, मुरादाबाद ईदगाह पर कुछ लोगों ने सड़क पर नमाज अदा करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

बागपत की मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों ने नमाज के बाद एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर काजी हबीब उर रहमान ने कहा, "मुल्क में सभी अमन-चैन और भाईचारे से रहें, मिलजुलकर ईद का पर्व मनाएं।"

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर स्थित विवादित शाही ईदगाह मस्जिद सहित सभी प्रमुख मस्जिदों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ईद-उल-फित्र की नमाज अदा की गई।

## छत्तीसगढ़: दंतेवाड़ा जिले में मुठभेड़ में 45 लाख की इनामी महिला नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा,** (भाषा) छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने 45 लाख रुपये की इनामी एक महिला नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की सदस्य गुम्माडिवेली रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सिरस्वती उर्फ दमयन्ती को मार गिराया है। रेणुका के सिर पर कुल 45 लाख रुपये का इनाम था। नक्सली के सिर पर छत्तीसगढ़ शासन ने 25 लाख रुपये तथा तेलंगाना शासन ने 20 लाख रुपये का इनाम रखा था। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा, बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र के अंतर्गत गीदम थाना (दंतेवाड़ा) के नेलगोड़ा, इकेली और बेलनार गांव के मध्य स्थित जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर रविवार को दंतेवाड़ा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बस्तर फाईटर्स के जवानों को गश्त के लिए रवाना किया गया था। राय ने बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह लगभग नौ बजे नेलगोड़ा, इकेली और बेलनार के मध्य स्थित जंगल में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई जो लगभग दो घंटे तक जारी रही।

**विशेष अनुरोध** नेशनल एक्सप्रेस बहुत जल्द सप्ताहांत में उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं और विविध रचनात्मक कार्यों में जुटी समाजसेवी विभूतियों एवं संस्थाओं पर लेख माला प्रकाशित करने जा रहा है। सुधी पाठकों से अनुरोध है कि वे अपने परिचित लेखकों और समाजसेवी विभूतियों एवं संस्थाओं का संपर्क सूत्र निम्न मेल पर देने का कष्ट करें। rkpaliwal1986@gmail.com










**महर्षि भृगु पीठाधिश्वर श्री गुरूजी गोस्वामी सुशील जी महाराज (राष्ट्रीय संयोजक भारतीय सर्व धर्म संसद), ललेश्वर महादेव मन्दिर, शिवबारी के महंत श्री विमर्शानंद गिरी जी महाराज , महामंडलेश्वर श्री आचार्य नर्मदा जी महाराज , निरंजनी अखाडा ने जयपुर पधार कर समाज सेवी प्रिय आदित्य नाग सहाब जी की पुत्री के शुभ विवाह के अवसर पर सभी संतो ने आशीर्वाद दिया।**

# राजस्थान ग्लोबल फोरम के नेतृत्व में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का भव्य सत्कार



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

राजस्थान ग्लोबल फोरम मुंबई द्वारा सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का हजारों की तादाद में उपस्थित समुदाय की मौजूदगी में भव्य सत्कार मुंबई कि सभी प्रमुख व्यापारी व सामाजिक संस्थाओं द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार, पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के पुरोहित, मोतीलाल ओसवाल की उपस्थिति मे बिरला मातुश्री सभागृह, मुंबई में किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वर्ष 2014 के चुनाव, जिसमें वर्तमान महामहिम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर उस दौर में महाराष्ट्र के प्रभारी थे, उन्होंने बताया कि किस तरह तत्कालीन शिवसेना के युवराज अपनी मांग पर अडिग रहे और भाजपा को अपनी परंपरागत सहयोगी के साथ गठबंधन तोड़ने पर विवश होना पड़ा ।परिणाम सबके सामने है और भाजपा सौ से अधिक विधानसभा सीट जीतने वाली महाराष्ट्र की एकमात्र पार्टी बनी ।कार्यक्रम के संयोजक राकेश मेहता ने सभी का स्वागत करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि राजस्थान ग्लोबल फोरम मुंबई व महाराष्ट्र के चहुंमखी विकास हेतु प्रतिबद्ध है। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, मंत्री शिव कानोड़िया ने कहा पूरा वैश्य समाज महाराष्ट्र के प्रगति हेतु सरकार के साथ है ।

इस अवसर पर विधायक संजय उपाध्याय, विधायक अतुल भंसाली, विधायक अभिमन्यु पवार, विशेष अतिथि के रूप में सुखराज नाहर, पृथ्वीराज कोठारी, प्रदीप राठौड़, शैलेश लोढ़ा, चंपालाल वर्धन, मुकेश वर्धन, घनश्याम मोदी, सी सी डांगी, गणपत कोठारी, गजेंद्र भंडारी, आकाश राज पुरोहित, भरत गुर्जर, प्रकाश कानूनगो, अग्रवाल समाज के ट्रस्टी एवं महामंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता सहित कई व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी व समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश सरकार सुगम, किफायती सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था शुरू करने की योजना बना रही है: मोहन यादव




भोपाल (भाषा) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को ग्रामीण, शहरी और अंतर-शहरी क्षेत्रों में लोगों के लिए सुगम एवं किफायती सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू करने के प्रस्ताव की समीक्षा की।उच्च स्तरीय बैठक में प्रस्ताव की समीक्षा के बाद यादव ने कहा कि यह सुविधा ग्रामीण, शहरी और अंतर-शहरी परिवहन व्यवस्था को मजबूत करेगी।एक अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और सभी से विस्तृत चर्चा, सुझाव और सहमति के बाद इसे मंजूरी के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में लाया जाएगा।परिवहन सचिव मनीष सिंह ने बताया कि नयी परिवहन व्यवस्था के तहत यात्री बसों के संचालन की त्रिस्तरीय निगरानी की जाएगी और राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी बनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सात प्रमुख संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और रीवा) में सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी बनाई जाएंगी तथा जिला स्तरीय यात्री परिवहन समितियां गठित की जाएंगी।सिंह ने कहा कि ये निकाय परिवहन में सुधार, किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय करने और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए निगरानी और मार्गदर्शन करेंगे।उनका कहना था कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों के लिए आय के स्रोत बनाने के लिए विशेष व्यवस्था भी की जाएगी।

सिंह ने कहा कि राज्य सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता के आधार पर परमिट देगी और इन वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण रखेगी।उन्होंने कहा कि नयी प्रणाली में यात्रियों और बस संचालकों के लिए एक ऐप एवं कंपनी की निगरानी के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा।नयी सेवा के लिए सर्वेक्षण किए जा रहे हैं और फीडबैक के आधार पर सरकार क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी।अधिकारी ने कहा कि इस सुविधा में बस संचालकों को बेहतर माहौल प्रदान करने और उन्हें नियमित व्यवसाय देने का भी प्रावधान किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सेवाएं बाधित न हों एवं यात्रियों को असुविधा न हो।पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, शहरी विकास और प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्य सचिव अनुराग जैन डिजिटल तरीके से बैठक में शामिल हुए।मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# म.प्र.मैं अग्रवाल समाज की संचालित सभी संस्थाएं एकजुट होकर समाज के उत्थान मैं अग्रणी भूमिका मैं रहेंगी: मित्तल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा ग्वालियर द्वारा आयोजित फूलों की होली एवम सम्मान समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें शहर के गणमान्य समाज बंधुओं ने शामिल होकर आयोजन को भव्यता देकर हमारी महासभा के सभी सदस्यों का मान बढ़ाया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश मित्तल जी ने समाज सेवा के क्षेत्र में संस्था के योगदान को विस्तार से अवगत कराया, आने वाले समय में विकास की गति तेज करने की कोशिश और नई योजनाओं के बारे में जानकारी दी.

महासभा के संरक्षक अति विशिष्ट अतिथि श्री रमेश अग्रवाल जी पूर्व विधायक ग्वालियर, श्री अशोक गोयल जी अध्यक्ष महासभा ग्वालियर ,संरक्षक श्री मुकेश अग्रवाल जी , परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश ऐरन जी, जिलाध्यक्ष महासभा श्री मुकेश अग्रवाल जी,श्री सुभम सिंघल जी श्री राम किशन सिंघल जी, श्री शिवशंकर अग्रवाल जी, श्रीमती ममता अग्रवाल और.श्री नरेंद सिंघल सहित सभी संस्था के गणमान्य सदस्यों ने सभा में अपने सार गर्भित विचार व्यक्त किए और विकास को बढ़ावा देने का मार्गदर्शन कर सभी को समाज हित मैं कार्य करने के लिए प्रेरित किया. आदरणीय श्री अशोक गोयल जी ने संस्था को महाराज अग्रसेन भवन निर्माण हेतु जो 5 बीघा जमीन दी है .उस महान कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने हेतु सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी सहमति दी जिसपर शीघ्र ही विशाल अग्रसेन भवन बनाए जाने के लिए सभी का सहयोग और कार्य को पूरा करने का निर्णय लिया गया.

संस्था की सभी महिलाओं को माननीय सभी अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया और नए सदस्यों को ऊर्जा के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में जुड़ने के लिए प्रेरित किया. अवसर पर सभी महिलाओं ने नृत्य, गेमस और हाऊजी का आनंद लिया. ग्वालियर के सुप्रसिद्ध कलाकार श्री राम उपाध्याय ने हनुमान जी का वेश धारण कर होली खेले अंजनी को लाल सिंदूर से होली खेले भजन पर अपने नृत्य द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया. प्रदेश की उपाध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता के अथक प्रयासों से कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ, संभागीय अध्यक्ष साधना मित्तल, जिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ,उमा बंसल, उषा गुप्ता, अनुपमा सिंघल , अंजू गुप्ता, शोभा गर्ग, हेमलता गर्ग, मुक्ति बंसल और संस्था के सभी सदस्यों ने अपने सहयोग से कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया ,कार्यक्रम समापन के बाद सभी ने स्वल्पाहार का आनंद भी लिया

## रेल विहार सोसायटी की कार्यकारिणी का वर्ष 2025-26 के लिए पदवार चुनाव संपन्न



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा आज दिनांक 30 मार्च 2025 को रेल विहार सोसायटी की कार्यकारिणी का वर्ष 2025-26 के लिए पदवार चुनाव अधिकारी श्री अशोक कुमार अरोड़ा जी श्री ओमप्रकाश शर्मा जी तथा डी के सबरवाल जी के नेतृत्व में निर्विरोध शांतिपूर्ण संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए श्री उमेश चंद चतुर्वेदी जी को लगातार 14 वी बार निर्विरोध चुना गया जो अपने आप में ऐतिहासिक पल है सचिव पद के लिए श्री जितेंद्र बहादुर मौर्य व लेखाकार अधिकारी पद के लिए श्री शैलेंद्र कुमार जैन तीसरी बार निर्विरोध चुने गए वर्तमान अध्यक्ष श्री उमेश चंद्र चतुर्वेदी जी ने बताया कि समिति की कार्यकारिणी सदस्यों के पांच आदमी पदों के लिए भी निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अमरेश श्रीवास्तव जयप्रकाश शर्मा श्रीमती रचना जैन सपन कुमार मजूमदार व रामनरेश को चुना गया आज का आकर्षण अध्यक्ष पद के लिए श्री उमेश चतुर्वेदी को चुना जाना रहा सभी सोसाइटी वासियों ने अध्यक्ष जी के व उनकी कमेटी को अच्छे कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए कामना की इस शुभ अवसर पर अध्यक्ष जी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद किया

# अग्रवाल सभा ईस्ट ऑफ कैलाश द्वारा पांचवी खाटू श्याम संध्या का सफल आयोजन हुआ




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अग्रवाल सभा ईस्ट ऑफ कैलाश द्वारा पांचवी खाटू श्याम संध्या का सफल आयोजन ऑडिटोरियम में हुआ इस भजन संध्या में लगभग 1500 लोगों ने आनंद लिया और खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया समाज के और क्षेत्र के विधानसभा अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता विधानसभा अध्यक्षश्री विष्णु मित्तल दिल्ली बीजेपी, श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद,श्री सतीश उपाध्याय विधायक, श्रीमती शिखा राय विधायक, श्री नीरज बसोया विधायक,श्री मदन लाल पूर्व विधायक,श्री राजपाल क्षेत्रीय थाने के थाना अध्यक्ष श्री अनुज अग्रवाल ,अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के श्री दिनेश गुप्ता इत्यादि अनेक विभूतियां ने पधारकर भगवान खाटू श्याम का आशीर्वाद लिया ,सभा के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार मित्तल ने बताया गत 5 वर्षों से खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है और इसके माध्यम से समाज सेवा के अनेक कार्य संस्था द्वारा किए जा रहे है

## शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी

# पेशी में विफल रहने के बाद कामरा के घर पहुंची मुंबई पुलिस

मुंबई (भाषा) स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उनके खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में सोमवार को खार पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए। इस बीच, पुलिस की एक टीम यह ह्लपताह्व लगाने के लिए कामरा के माहिम स्थित घर पहुंची कि वह मामले के सिलसिले में पेश होंगे या नहीं।

एक अधिकारी ने बताया कि कामरा को आज खार पुलिस के समक्ष पेश होना था। उन्होंने कहा कि यह दूसरी बार है, जब उन्हें तलब किया गया था।

अधिकारी के मुताबिक, खार पुलिस की एक टीम माहिम में कामरा के घर गई, जहां उनका परिवार रहता है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह मामले के सिलसिले में पेश होंगे या नहीं। चूंकि, वह पेश नहीं हुए, इसलिए आगे की कार्रवाई पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कामरा को पेशी के लिए पहला नोटिस पिछले हफ्ते जारी किया गया था और पुलिस ने सात दिन का समय देने का उनका अनुरोध ठुकरा दिया था।

मद्रास उच्च न्यायालय ने 28 मार्च को कामरा को इस शर्त पर अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी थी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए मुचलका देना होगा।

कामरा ने दलील दी थी कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले गए थे और तब से ह्लसामान्यतः उसी राज्य (तमिलनाडु) के निवासी हैं तथा उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका है।

पिछले हफ्ते नासिक ग्रामीण, जलगांव और नासिक (नंदगांव) थाने में कामरा के खिलाफ दर्ज तीन प्राथमिकी को खार पुलिस थाने में स्थानांतरित कर दिया गया था, जहां शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर उनके खिलाफ पहले से ही मामला दर्ज है।

कामरा ने अपने एक शो में एक पैरोडी गाई थी, जिसमें शिवसेना में विभाजन के लिए शिंदे पर कटाक्ष किया गया था और उन्हें गद्दार बताया था। यह शो खार के एक होटल में स्थित स्टूडियो में आयोजित किया गया था। शिवसेना कार्यकताओं ने 23 मार्च को उक्त होटल और स्टूडियो में तोड़फोड़ की थी।

## कामरा के मुंबई आने पर शिवसेना के तरीके से किया जाएगा स्वागत: पार्टी पदाधिकारी



मुंबई (भाषा) शिवसेना पदाधिकारी राहुल कनाल ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके राजनीतिक विवाद पैदा करने वाले हास्य कलाकार कुणाल कामरा के मुंबई आने पर शिवसेना के तरीके से स्वागत किया जाएगा।

मुंबई पुलिस ने कामरा के खिलाफ दर्ज एक मामले में उन्हें पेश होने के लिए समन भेजा है। कामरा ने कुछ दिन पहले खार इलाके में यूनीकांटिनेंटल होटल में हैबिटेट कॉमेडी क्लब में प्रस्तुति के दौरान शिंदे का नाम लिए बगैर उन्हें गद्दार कहा था। कामरा की प्रस्तुति के बाद उस स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के मामले में कनाल और 11 अन्य शिवसेना कार्यकताओं को 23 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। उपमुख्यमंत्री शिंदे शिवसेना के अध्यक्ष भी हैं। कनाल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पार्टी ने मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत कामरा के खिलाफ जांच की मांग की है।उन्होंने कहा, कुणाल कामरा जब मुंबई आता है तो उसका शिवसेना के तरीके से स्वागत किया जाएगा। कनाल ने कहा, हम हमारा रुख नहीं बदलेंगे क्योंकि उसके (कामरा के) रुख में भी कोई बदलाव नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि तमिलनाडु पुलिस कामरा को संरक्षण प्रदान कर रही है। मुंबई पुलिस ने कामरा को शिंदे के खिलाफ अपमानजनक बयान देने से संबंधित मामले में 31 मार्च को पेश होने को कहा था।

# राजस्थान दिवस समारोह उल्हासपूर्वक संपन्न

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




रायपुर। स्थानीय वृंदावन हॉल में राजस्थान दिवस समारोह का कार्यक्रम पूरी भव्यता एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गौरवपूर्ण राजस्थान एवं प्रवासी राजस्थानियों का देश के विकास में योगदानஞ विषयक एक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संयोजक कैलाश रारा ने बताया कि राजस्थान के व्यवसाय कुशल वणिको ने न केवल भारतवर्ष बल्कि सम्पूर्ण दुनिया की अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाया है। मुख्य वक्ता गिरीश पंकज ने कहा कि राजस्थान की धरती के कण-कण में राणा सांगा एवं महाराणा प्रताप की वीरता, मीरांबाई की भक्ति एवं भामाशाह की दानशीलता की गाथाएं गूंजती है। आई.पी.एस. रतनलाल डांगी ने कहा कि राजस्थान की धूप में तप तप कर वहां के युवक कुंदन बन गए हैं। कठोर परिश्रम के उनके संस्कार ही उनको प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल आने की ओर प्रेरित करते हैं। पूर्व जिला जज नीलम सांखला ने बताया कि सर्व धर्म के उपासना स्थलों ने राजस्थान की मरुभूमि को देवभूमि बना दिया है। श्री नागपुर प्रांतीय दिगंबर जैन खंडेलवाल सभा के अध्यक्ष मनोज पहाड़िया ने कहा कि कभी 'मरुभूमि' के नाम से विख्यात राजस्थान में अब हरित क्रांति के पुष्प खिलते है। श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा की प्रांतीय अध्यक्ष उषा गंगवाल ने कहा कि भाषा किसी भी संस्कृति की पहली पहचान होती है। हमारी आने वाली नस्लों में खान-पान, पहनाव एवं रीति-रिवाज के साथ-साथ भाषा के संस्कारों का सुरक्षित रहना अति अनिवार्य है। खरतरगच्छ जैन श्वेतांबर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश सुराणा ने उपस्थित जनों को राजस्थान दिवस की बधाई दी। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री राजकुमार राठी ने आने वाले वर्ष में राजस्थान दिवस को वृहत्तर स्तर पर मनाए जाने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में कवि राजेश जैन 'राही' की वीर रस की कविताओं ने समा बांध दिया। समारोह में कार्यक्रम संयोजक कैलाश रारा को 'मरुधर गौरव सम्मान', एम. राजीव सर को 'युवा प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान' एवं अन्य 22 व्यक्तियों को 'मरुधर मित्र सम्मान' से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश जैन, भरत जैन, राजकुमार गंगवाल, अरविंद जैन, पारस पापड़ीवाल, अनिल छाबड़ा, सुभाष गोधा, वर्धमान सुराणा, जितेंद्र छाबड़ा, राकेश छाबड़ा, अरिहंत जैन, हार्दिक पाटनी तथा वैश्य इंटरनेशनल फेडरेशन के अशोक गुप्ता, वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल, सचिव ऋषि गुप्ता, लखनलाल बानी, अशोक वैश्य, चरामैती फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा, वनबंधु परिषद की अनीता खंडेलवाल, कविता राठी, ललिता पाटोदी, पूजा अग्रवाल, शीला प्रजापति एवं शुभांगी आप्टे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती ममता जैन के द्वारा किया गया।

# पीजी मेडिकल दाखिला: काउन्सलिंग का अतिरिक्त चरण आयोजित करने से जुड़ी याचिका पर एम्स से जवाब तलब

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से जवाब मांगा है, जिसमें दावा किया गया है कि एम्स कुछ रिक्त सीट के बावजूद मेडिकल शिक्षा के परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रम में प्रवेश से जुड़ी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (आईएनआई-सीईटी)-2025 के तहत दाखिले के लिये काउन्सलिंग का अतिरिक्त चरण (स्पॉट राउन्ड) आयोजित करने में विफल रहा।

परास्नातक मेडिकल काउन्सलिंग में, ''ओपन राउंड'' (मुख्य चरण) का मतलब है कि काउन्सलिंग प्रक्रिया का वह दौर जहां सभी सीटें सभी योग्य उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होती हैं, जबकि ''स्पॉट राउंड'' (अतिरिक्त चरण) का मतलब है कि जब पहले चरण या मुख्य चरण में सीटें खाली रह जाती हैं, तो उन खाली सीटों के लिए आयोजित किया जाने वाला एक अतिरिक्त दौर।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने आईएनआई-सीईटी के जनवरी, 2025 के सत्र में शामिल कई चिकित्सकों द्वारा दायर याचिका पर केंद्र सरकार और दिल्ली स्थित एम्स को नोटिस जारी किया।

अदालत ने 28 मार्च को याचिका पर सुनवाई करते हुए इसकी अगली सुनवाई को चार अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया।

याचिका में दाखिले के लिये काउन्सलिंग का अतिरिक्त चरण आयोजित करने में एम्स की विफलता को चुनौती दी गई है। याचिका में दावा



किया गया है कि आईएनआई-सीईटी के जनवरी 2025 सत्र के लिए मुख्य दाखिला चरण (ओपन राउन्ड) के बाद अतिरिक्त दाखिला चरण (स्पॉट राउन्ड) आयोजित किया जाना था।

याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील तन्वी दुबे ने अदालत को 'प्रॉस्पेक्टस' (विवरणिका) दिखाते हुए तर्क दिया कि मुख्य चरण के बाद सीट आवंटन की प्रक्रिया के तहत, यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त चरण भी आयोजित किया जाना था। वकील ने अदालत से एम्स को बिना किसी देरी के आईएनआई-सीईटी काउन्सलिंग का अतिरिक्त चरण आयोजित करने का निर्देश देने का आग्रह किया।

एम्स के वकील ने दलील दी कि याचिका 'गलत तथ्य पर आधारित' है और कहा कि परास्तानक (पीजी) की सीट, जो काउन्सलिंग के मुख्य चरण के बाद भी खाली रहेंगी, उनके लिए केवल संबंधित आईएनआई द्वारा उनके सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद अतिरिक्त चरण आयोजित करके भरा जा सकता है।

एम्स के वकील ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (आईएनआई), जहां रिक्तियां उपलब्ध हैं, इस मामले में आवश्यक पक्ष हैं। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि वह आईएनआई को पक्षकार बनाने के लिए एक आवेदन दायर करेंगी, जो आवश्यक पक्ष हैं। एम्स ने पीजी पाठ्यक्रमों (एमडी/एमएस/एम.सीएच. (छह वर्ष)/डीएम (छह वर्ष)/एमडीएस) के लिए आईएनआई-सीईटी परीक्षा के लिए 'प्रॉस्पेक्टस' जारी किया था और 10 नवंबर, 2024 को परीक्षा आयोजित की थी। परिणाम 16 नवंबर, 2024 को घोषित किया गया था।

याचिका में कहा गया है कि एम्स ने 'प्रॉस्पेक्टस' में कहा है कि ''एमडी/एमएस पाठ्यक्रमों के विभिन्न विषयों का आवंटन राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों की संयुक्त ऑनलाइन काउंसलिंग द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन काउंसलिंग का पहला, दूसरा (ओपन चरण) और 'स्पॉट' चरण (यदि आवश्यक हो) दिल्ली स्थित एम्स द्वारा सभी आईएनआई के लिए आयोजित किया जाएगा।''

इसमें कहा गया है कि अभ्यर्थियों को यह लग रहा था कि 'प्रॉस्पेक्टस' के मुताबिक 'स्पॉट' चरण आयोजित किया जाएगा, लेकिन बाद में उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि एम्स ने 'स्पॉट' चरण आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया है और इससे याचिकाकर्ताओं को सीट सुरक्षित करने के लिए काउंसलिंग में भाग लेने के अवसर से वंचित होना पड़ा।

## दिल्ली-एनसीआर में 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, पांच व्यक्ति गिरफ्तार: अमित शाह

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और दिल्ली पुलिस की एक संयुक्त टीम ने 27.4 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया और पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

शाह ने यह भी कहा कि मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मादक पदार्थ के खिलाफ मोदी सरकार की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े मादक पदार्थ-नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। एनसीबी और दिल्ली पुलिस ने 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मेथामफेटामाइन, कोकीन और एमडीएमए बरामद किए तथा पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।''

गृह मंत्री ने यह बड़ी कामयाबी मिलने पर एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना की।

# अप्रैल-जून में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना: मौसम विभाग

**नयी दिल्ली,** (भाषा) भारत में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है तथा मध्य एवं पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिक दिन लू चल सकती है। यह बात भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कही।



आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इन दोनों क्षेत्रों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

महापात्रा ने कहा, ''अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की संभावना है।''

आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन तक लू चलती है।

आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दौरान लू के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है।

इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम के दौरान आमतौर पर पांच से छह दिन लू चलती है। जिन राज्यों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से शामिल हैं।

अप्रैल में भारत के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। हालांकि, सुदूर दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ इलाकों में तापमान सामान्य रह सकता है।

महापात्रा ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा, सिवाय उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर के कुछ स्थानों के, जहां तापमान सामान्य या सामान्य से थोड़ा कम रह सकता है।

विशेषज्ञों ने कहा है भारत को इस साल गर्मियों के मौसम में बिजली की मांग में 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए।

पिछले साल, देशभर में बिजली की अधिकतम मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी, जो पूर्व में किये गए अनुमानों से 6.3 प्रतिशत अधिक थी।

जलवायु परिवर्तन, बिजली की मांग में वृद्धि करने वाले प्रमुख कारकों में से एक है।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक व्यक्ति की उसके दो बेटों और पड़ोसी ने चाकू घोंपकर हत्या की

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली में एक विवाद के कारण 60 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके दो बेटों और एक पड़ोसी ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

घटना रविवार अपराह्न करीब 1:35 बजे मौजपुर इलाके के विजय मोहल्ला में हुई। अधिकारी के अनुसार, पीड़ित रहीसुद्दीन पर उसके बेटों महमूद और जुबैद ने अपने पड़ोसी रफीक और एक नाबालिग के साथ मिलकर मामूली विवाद पर हमला किया। बुजुर्ग व्यक्ति को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि रफीक (46) को गिरफ्तार कर लिया गया है और नाबालिग को पकड़ लिया गया है। पीड़ित के दो बेटे फरार हो गए हैं।

# पूर्वी दिल्ली के अस्पताल में आग लगी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

नयी दिल्ली, (भाषा) पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात 11:42 बजे लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

उन्होंने बताया कि दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं।

अधिकारियों ने बताया कि आग 'एयर कंडीशनर' और अस्पताल के बिस्तर में लगी थी, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। कुछ मरीजों को तुरंत बाहर निकाला गया। ढाई साल के मरीज रियांश के परिजनों ने उसे नोएडा के कैलाश अस्पताल में स्थानांतरित कराया। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में पीसीआर कॉल रात करीब 12:04 बजे प्राप्त हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''आग रात करीब 11:30 बजे भूतल पर मुख्य




आपातकालीन क्षेत्र से सटे एक खाली कमरे में लगी। कमरे में कुछ फाइलें और बिस्तर थे।'' अधिकारी के अनुसार, आपातकालीन वार्ड में कोई मरीज नहीं था, जबकि तीन मरीज प्रथम तल पर आईसीयू में थे।

रियांश के रिश्तेदार ने संवाददाताओं को बताया कि वह वेंटिलेटर पर था और आग लगने से कुछ घंटे पहले उसे अस्पताल रेफर किया गया था। उन्होंने कहा, ''जैसे ही हमें पता चला कि आग लगी है, हम रियांश की हालत देखने पहुंचे।

## बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल हादसा: रेलवे बोर्ड ने सभी मंडलों से आरओबी कार्यों का ऑडिट करने को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) रेलवे बोर्ड ने अहमदाबाद में 24 मार्च को बुलेट ट्रेन परियोजना स्थल पर हुई एक दुर्घटना के बाद अपने सभी जोन और मंडलों से रोड-ओवर-ब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्यों का सुरक्षा ऑडिट करने का आग्रह किया है। बोर्ड ने संबंधित अधिकारियों को भेजे संदेश में कहा, ''हाल में, गर्डर लॉन्चिंग के दौरान पश्चिमी रेलवे में एक असामान्य घटना घटी। रेलवे बोर्ड ने इसे बहुत गंभीरता से लिया है।'' इसमें कहा गया है, ''कृपया लॉन्चिंग योजना, रोड क्रेन की उचित क्षमता उपलब्धता और साथ ही स्टैंड-बाय रोड क्रेन के साथ-साथ प्रत्येक आरओबी (रोड-ओवर-ब्रिज) स्थल पर उचित सुरक्षा सावधानियों का विस्तृत ऑडिट करें।'' उसने संबंधित अधिकारियों से यह भी बताने को कहा है कि क्या अगले 10 दिन में किसी आरओबी गर्डर लॉन्चिंग की योजना बनाई गई है।

# अर्धसैनिक बलों में एचआईवी संक्रमित कर्मियों को पदोन्नति से वंचित करने का फैसला खारिज

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि एचआईवी से पीड़ित लोगों को रोजगार में 'उचित अवसर' प्रदान करना अधिकारियों का कानूनी दायित्व है।

अदालत ने अर्धसैनिक बलों में तीन ऐसे लोगों को पदोन्नति और नियुक्ति देने से इनकार करने के फैसले को भी खारिज कर दिया, जो एचआईवी से संक्रमित पाए गए थे।

वर्तमान मामले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में कांस्टेबल के पद पर तैनात दो याचिकाकर्ताओं को पदोन्नति देने से मना कर दिया गया, जबकि तीसरे याचिकाकर्ता, बीएसएफ में प्रोबेशन अवधि पर कार्यरत कांस्टेबल को 2023 में नियुक्ति देने से मना कर दिया गया।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी




कि उन्हें केवल एचआईवी संक्रमित होने के आधार पर पदोन्नति और नियुक्ति से वंचित किया गया था, जो ह्यूमन इम्यूनोडिफीसिअन्सी वायरस एंड एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम (रोकथाम और नियंत्रण), अधिनियम (एचआईवी अधिनियम) का उल्लंघन है।

न्यायमूर्ति नवीन चावला की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए कहा कि एचआईवी अधिनियम एचआईवी संक्रमित लोगों को रोजगार के मामलों में भेदभाव से बचाता है, खासकर उस स्थिति में जब नियोक्ता ऐसे व्यक्ति को उचित अवसर प्रदान न करने के लिए प्रशासनिक या वित्तीय कठिनाई को 'प्रमाणित' करने में सक्षम न हो।

पीठ में न्यायमूर्ति शालिंदर कौर भी शामिल थीं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को गलत तरीके से पदोन्नति देने से इनकार किया गया और उन्हें पदोन्नति देने से इसलिए मना नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे एचआईवी संक्रमित रोगियों की 'शेप-1' श्रेणी में नहीं आते। पीठ ने कहा कि इस तरह से इनकार करने से एचआईवी अधिनियम ल्के तहत उन्हें दी गई सुरक्षा खत्म हो जाएगी और अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उनकी (याचिकाकर्ताओं को) पदोन्नति के मुद्दे की समीक्षा करने का निर्देश दिया।

न्यायालय ने ठीक इसी प्रकार फैसला सुनाया कि केवल एचआईवी संक्रमित होने के आधार पर प्रोबेशन अवधि पर कार्यरत तीसरे कर्मचारी की सेवा समाप्त करना भी भेदभाव होगा।

अदालत ने निर्देश दिया कि तीसरे याचिकाकर्ता को सेवा से हटाने/बनाए रखने के संबंध में नए सिरे से निर्णय लिया जाए।


# राम प्रसाद 'बिस्मिल' की आत्मकथा का अंग्रेजी अनुवाद अप्रैल में जारी होगा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल की आत्मकथा, ''ए ग्लिम्प्स ऑफ माई लाइफ'' का अंग्रेजी अनुवाद अप्रैल में उपलब्ध होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को घोषणा की।

मूलतः हिंदी में ''निज जीवन की छटा'' शीर्षक वाली यह पुस्तक बिस्मिल ने तब लिखी थी जब उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी।

इस पुस्तक में उस युवा और साहसी स्वतंत्रता सेनानी के जीवन का वर्णन है जो भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने के एकमात्र उद्देश्य के साथ जिए और मरे। इसका अनुवाद भोपाल के अनुवादक और साहित्य आलोचक अवधेश त्रिपाठी ने किया है।

प्रकाशक द्वारा जारी विवरण में कहा गया है, ''बिस्मिल ने न केवल अपने जीवन की झलकियां प्रस्तुत की हैं, बल्कि लिंग, जाति, वर्ग, सांप्रदायिकता, न्याय, राष्ट्र-निर्माण और क्रांतिकारी गतिविधियों के आकर्षण और नुकसान पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए हैं। उनकी




आत्मकथा के पाठकों को इनमें से कई विचार वर्तमान भारत में अत्यधिक प्रासंगिक लगेंगे।''

हिंदी लेखक, कवि और क्रांतिकारी बिस्मिल ने स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अपने क्रांतिकारी आंदोलन के लिए धन इकट्ठा करने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन डकैती में भाग लिया, जिसके लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 19 दिसंबर 1927 को स्वतंत्रता सेनानी अशफाकउल्ला खान और रोशन सिंह के साथ उन्हें फांसी दे दी गई।

## दिल्ली में 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त, दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की 548 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने सिलसिलेवार अभियान चलाकर सबसे पहले पूजा देवी को गिरफ्तार किया और उसके पास 415 ग्राम हेरोइन जब्त की। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने रोहित नाम के व्यक्ति के बारे में बताया जो कि उसे मादक पदार्थ मुहैया कराता था।

इसके बाद, रोहित को सुल्तानपुरी से गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से 133 ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

अवैध शराब के कारोबार में पहले से ही संलिप्त पूजा, रोहित के साथ मादक पदार्थ तस्करी में भी शामिल हो गई। अधिकारी ने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर में हेरोइन की तस्करी करते थे।

# भाजपा विधायक ने दुकानदारों को 'असली' मालिक का नाम आदि प्रदर्शित करने का निर्देश देने की मांग की

नयी दिल्ली, 31 मार्च (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक तरविंदर मारवाह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शहर के सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर 'असली' मालिक का नाम और आधार विवरण प्रदर्शित करने का निर्देश देने की मांग की है, ताकि लोगों को नवरात्र के दौरान पवित्र चीजों की खरीदारी करते समय 'उचित विकल्प' चुनने में मदद मिल सके।

मुख्यमंत्री को 30 मार्च को लिखे पत्र में मारवाह ने कहा है कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि समारोह आपसी सम्मान और सद्भाव के साथ आयोजित किए जाएं। जंगपुरा से विधायक मारवाह ने लिखा है, "मैं आपके कार्यालय से अनुरोध करता हूं कि वह दिल्ली के सभी दुकानदारों को अपनी दुकान के सामने मालिक के नाम और आधार विवरण वाली पट्टिका लगाने का निर्देश जारी करे।"



उन्होंने कहा कि इससे लोगों को पवित्र चीजों की खरीदारी करते समय 'उचित विकल्प' चुनने और अपने अनुष्ठानों की पवित्रता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

मारवाह ने स्पष्ट किया कि उनकी यह मांग किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है। भाजपा विधायक ने कहा कि उन्होंने ईद के पर्व को लेकर भी इस तरह का निर्देश जारी करने की मांग की है।

मारवाह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "मुझे शिकायतें मिली थीं कि दुकानों पर असली मालिक के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के नाम प्रदर्शित किए जाते हैं।

## अप्रैल से जून की तिमाही में दिल्ली सरकार ने पांच शुष्क दिवस की घोषणा की

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली सरकार ने रामनवमी और गुड फ्राइडे समेत महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों पर शराब की दुकानों को बंद रखने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में पांच शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किए हैं। एक आदेश में इस बारे में जानकारी दी गयी।

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग द्वारा जारी एक हालिया आदेश के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में शराब की दुकानें रामनवमी (6 अप्रैल), महावीर जयंती (10 अप्रैल), गुड फ्राइडे (18 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (12 मई) और ईद-उल-जुहा (6 जून) को बंद रहेंगी। आबकारी आयुक्त सनी सिंह ने जारी आदेश में कहा कि शराब लाइसेंसधारियों के लिए शुष्क दिवस दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के नियम 52 के प्रावधानों के अनुसार घोषित किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि लाइसेंसधारियों को अपने लाइसेंस प्राप्त परिसर में प्रमुख स्थान पर आदेश को प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।

# छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर गठित राष्ट्रीय कार्यबल ने काम शुरू किया

नयी दिल्ली, (भाषा) छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय की ओर से गठित राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) ने अपना काम शुरू कर दिया है और वह अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए जनता की राय लेगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने 24 मार्च को पारित आदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों का संज्ञान लिया था और छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने तथा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एनटीएफ का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने दिल्ली पुलिस को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के उन दो छात्रों के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिया था, जिन्होंने 2023 में आत्महत्या कर ली थी। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस रवींद्र भट की अध्यक्षता वाले एनटीएफ में डॉ. आलोक सरीन, प्रोफेसर मैरी ई जॉन, अरमान अली, प्रोफेसर राजेंद्र काचरू, डॉ. अक्सा शेख, डॉ. सीमा मेहरोत्रा, प्रोफेसर वर्जिनियस जाक्सा, डॉ. निधि सभरवाल और अपर्णा भट्ट जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हैं।

उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सहित प्रमुख सरकारी विभागों के पदेन सदस्य भी इस एनटीएफ का हिस्सा हैं।

एनटीएफ ने 29 मार्च 2025 को आयोजित अपनी पहली बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के आत्महत्या करने के मूल कारणों का पता लगाने और कार्यान्वियन योग्य सिफारिशों के साथ एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने की अपनी योजना के बारे में बताया था।

कार्य बल को अंतरिम रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का और अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ महीने का समय दिया गया है। रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में सार्वजनिक विचार-विमर्श, शैक्षणिक संस्थानों के साथ बातचीत और मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, छात्रों एवं अभिभावकों के साथ चर्चा शामिल होगी। एनटीएफ जनता की सहभागिता को प्रोत्साहित करने और उसके सुझाव हासिल करने के लिए एक वेबसाइट तथा सोशल मीडिया हैंडल भी पेश करेगा।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

# राहुल ने सरकार से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए उच्च वेतन और ग्रेच्युटी की मांग की

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने और सेवानिवृत्त कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को ग्रेच्युटी दिलाने में मदद करने का आग्रह किया है।

राहुल ने सरकार से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की स्थिति और सामाजिक सुरक्षा में लगातार सुधार का मार्ग प्रशस्त करने का भी आग्रह किया।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने तीन वर्ष पहले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को औपचारिक कर्मियों के रूप में मान्यता दी थी तथा उन्हें ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के तहत ग्रेच्युटी का हकदार बनाया था।


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा, ''फिर भी भारत सरकार ने इस फैसले को लागू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।''



अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ हाल ही में हुई बैठक का जिक्र करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) कार्यक्रम की रीढ़ बताया, जिन्होंने भूख और कुपोषण से लड़ने के साथ-साथ पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रदान करके महिलाओं और बच्चों की अथक सेवा की है।

उन्होंने कहा कि कोविड संकट के दौरान उन्होंने अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के रूप में व्यक्तिगत जोखिम उठाते हुए अपने कर्तव्यों से ऊपर उठकर काम किया।

गांधी ने 26 मार्च को लिखे अपने पत्र में कहा, ''राष्ट्र के विकास के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं दुर्भाग्यवश अपर्याप्त वेतन, कार्य स्थितियों और सामाजिक सुरक्षा की कमी से जूझ रही हैं।'' उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाया गया सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा ग्रेच्युटी का भुगतान न होना था। गांधी ने पत्र में कहा, ''मुझे विश्वास है कि आप इस बात से सहमत होंगे कि जो कर्मचारी दशकों तक प्रतिबद्धता के साथ काम करते हैं, उन्हें पर्याप्त सेवानिवृत्ति लाभ मिलना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के समर्पण और योगदान को मान्यता एवं सम्मान मिलना चाहिए तथा उनकी शिकायतों को सुना जाना चाहिए और उनका निवारण किया जाना चाहिए।



# गंगा जमुनी तहजीब के शहर बरेली में अमन भाईचारे के साथ ईद मुबारक

## मुल्क-ए-हिंदुस्तान की तरक्की और खुशहाली समेत फिलिस्तीन के मुसलमानों के लिए खुसूसी दुआ, तीस रोजो का इनाम है ईद उल फितर का त्यौहार

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**





बरेली। आज देश भर में ईद-उल-फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों और बड़ों ने नए-नए कपड़े पहनकर मस्जिदों और ईदगाह का रुख किया। रमजान के पूरे महीने इबादत कर ईद की खुशियां मनाई। ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों में इमामों ने मिल्लत की खुशहाली के साथ मुल्क-ए-हिंदुस्तान की तरक्की और फिलिस्तीन के मुसलमानो के लिए खुसूसी दुआ की। शहर में मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में साढ़े दस (10.30) बजे ग्रैंड मुफ़्ती मुफ़्ती असजद रजा कादरी(असजद मिया) ने अदा करायी। नमाज के बाद खुत्बा पढ़ा उसके बाद खुसूसी दुआ की। सभी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियाँ) ने भी सबको गले मिलकर मुबारकबाद दी। यहाँ की व्यवस्था ईदगाह कमेटी के खलील अहमद,महताब मियां,अशरफ अली,इरशाद अहमद,साहिल रजा कादरी आदि ने संभाली। लोगो ने नमाज अदा कर कब्रिस्तान जाकर अपने पुरखों के लिए फातिहा पढ़कर ईसाले सवाब किया। इसके बाद दावतों का दौर चला। बड़ो ने बच्चों को ईदी दी। सबसे पहले बाजार सन्दल खान स्थित दरगाह वली मियां में नमाज अदा की गई। इसके बाद दरगाह ताजुशशरिया,दरगाह शाह शराफत मिया,दरगाह बशीर मियां,खानकाह-ए-वामिकिया, खानकाह-ए-नियाजिया,दरगाह शाहदाना वली,दरगाह रफीक-उल-औलिया,जामा मस्जिद,दरगाह नासिर मियां(नौमहला मस्जिद),मस्जिद बीबी जी,पीराशाह मस्जिद,हबिबिया मस्जिद,नूरानी मस्जिद,कचहरी वाली मस्जिद,मसीत उल्लाह हरी मस्जिद,मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद आदि में अपने तय शुदा वक्तों पर नमाज अदा की गयी। दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में सुबह 11 बजे दरगाह आला हजरत की रजा मस्जिद में मुफ्ती जहीम रजा ने नमाज अदा करा कर खुत्बा पढ़ा। इसके बाद अल्लामा तौसीफ मियां ने खुसूसी दुआ की। यहाँ दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मिया,सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन मियां, हजरत मन्नानी मियां,मौलानाज तौकीर रजा खा,मुफ़्ती सलीम नूरी समेत आला हजरत के परिवार ने नमाज अदा की। यहाँ दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां व मुफ़्ती अहसन मियां ने सभी को मुबारकबाद पेश की।

मुफ़्ती अहसन मियां ने नमाज अदा करने के बाद कहा कि अल्लाह ने अपने बंदों को तीस रोजो को इनाम ईद के रूप में अता किया। रोजदारो ने जिस तरह अपने आप को रमजान भर हर बुरे काम से रोके रखा उसी तरह बाकी के दिनों में भी गुनाहों से तौबा करनी चाहिए इसके बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

# मुख्यमंत्री योगी का बरेली दौरा, प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान का खाका खींचा

## बरेली मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा, यदि आप बरेली से बाहर जा रहे हैं या बरेली आ रहे हैं तो इस खबर के माध्यम से जाने बरेली रास्तों का रूट डायवर्जन हाल

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**





बरेली। मुख्यमंत्री योगी के बरेली दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बरेली कॉलेज में बनाया जा रहा है मंच विभिन्न क्षेत्रों से लाभार्थियों को बसों के माध्यम से बरेली लाया जाएगा। मुख्यमंत्री बरेली कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे, समीक्षा बैठक और नवाबगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय की नव-निर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन से पहले बरेली के एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, और डीएम रविंद्र कुमार ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। प्रशासन द्वारा शहर में साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर व्यापक योजना बनाई गई है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कुछ प्रमुख निम्नलिखित मार्गों पर ऑटो, ई-रिक्शा, मैक्स वाहनों और ठेलों के संचालन पर रोक रहेगी :श्यामगंज चौराहा, ईंट पजाया, बियावान कोठी, बिजलीघर तिराहा, अक्षर बिहार तिराहा, सर्किट हाउस चौराहा, चौकी चौराहा, कचहरी तिराहा, चौपला चौराहा, सिटी सब्जी मंडी, पटेल चौक, कोहाड़ापीर, कोतवाली गेट, नावल्टी, सिकलापुर चौराहा।इन मार्गों पर प्रतिबंधित वाहनों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा।

**मुख्यमंत्री आगमन पर बरेली रूटों का डायवर्जेंट प्लान:** दिल्ली और रामपुर से आने वाले भारी* वाहन तथा रोडवेज बसें, जिन्हें बदायूं जाना है, वे झुमका तिराहा, बड़ा बाईपास, नवदिया इरादा, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा और भमोरा होते हुए जा सकेंगे। नैनीताल से बदायूं जाने वाले भारी वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। पीलीभीत से बदायूं जाने वाले भारी वाहन जहानाबाद कट, सितारगंज, किच्छा, बहेड़ी, बिलवा पुल, बड़ा बाईपास, फरीदपुर होते हुए दातागंज रोड से आ-जा सकेंगे। पीलीभीत से बरेली आने वाले वाहन जहानाबाद, सितारगंज, किच्छा, बहेड़ी, बिलवा पुल और नैनीताल रोड का उपयोग करेंगे। दिल्ली और रामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन तथा रोडवेज बसें बड़ा बाईपास, झुमका, बिलवा, विलयधाम, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी होते हुए जा सकेंगी। लखनऊ से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा और बड़ा बाईपास का रूट लेंगे। बदायूं से बरेली आने वाले भारी वाहन भमोरा, देववरा चौराहा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। दिल्ली जाने वाले वाहन बड़ा बाईपास से गुजरेंगे। बदायूं और लखनऊ से बरेली आने वाली रोडवेज बसें इन्वर्टिस से सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात प्लान का पालन करें और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

# मैच खेल रहे है बच्चे के सिर में लगी चोट इलाज के दौरान मौत

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली । दोस्तों के साथ मैच खेल रहे हैं 8 वर्षीय बच्चे के सिर में चोट लग गई उसे परिवार वालों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

आपको बताते चलें घटना उत्तराखंड की है जहां जिला उधम सिंह नगर के थाना गदरपुर क्षेत्र के मोहल्ला गदरपुर के रहने वाले जोगिंदर पाल का 8 वर्षीय पुत्र मनी रविवार की शाम को दोस्तों के साथ रोड पर मैच खेल रहा था इस दौरान मैच में गेंद को उठाने के लिए गया था। गेंद उठते समय लोहे का एंगल मनी के सिर में लग गया मनी गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को गदरपुर में निजी अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने कारण उसे बरेली निजी अस्पताल को रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उत्तराखंड के मासूम बच्चे मनी की लगभग सुबह चार बजे मौत हो गई , मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया मनी की मां का रो- रो कर बुरा हाल है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वागत के लिए बरेली तैयार

## मुख्यमंत्री योगी देने आ रहे बरेली को सौगात, 932.59 करोड रुपए की 132 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास





**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**

बरेली उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बरेली दौरा प्रस्तावित है, जिसके तहत पहले मुख्य मंत्री जी द्वारा बरेली कालेज, बरेली में जनसभा की जाएगी और 932.59 करोड़ रु0 की धनराशि की 132 परियोजनाओ का लोकार्पण व शिलान्यास किया जायेगा। बरेली कालेज में ही स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान की रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जायेगा। तदोपरान्त कुछ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जायेगा।

उसके उपरांत मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की जाएगी। तदोपरान्त तहसील नवाबगंज के ग्राम अधकटा नजराना में नवनिर्मित अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया जायेगा।

# अंतरर्राष्ट्रीय सम्मान हेतु बरेली आगमन पर डॉ धर्मेंद्र कुमार का हुआ भव्य स्वागत

## बीइंग स्पिरिचुअल फाउंडेशन परिवार ने फूल मालाओं एवं ढोल के साथ किया आध्यात्मिक गुरु का स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। स्पिरिचुअल वेलनेस कोच और बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ धर्मेंद्र कुमार को ओश स्टेट यूनिवर्सिटी, किर्गिज रिपब्लिक द्वारा ₹डॉक्टर ऑफ हॉलिस्टिक योग एवं स्पिरिचुअलिटी₹की मानद उपाधि एवं किर्गिज रिपब्लिक इंटरनेशनल अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित होकर बरेली आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन परिवार ने फूल - मालाओं एवं ढोल के साथ रेलवे स्टेशन जाकर अपने आध्यात्मिक गुरु का स्वागत खुशियां मना कर किया।

उसके पश्चात कारों के काफिले के साथ बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन कार्यालय लाकर फूल मालाओं, ढोल एवं आतिशबाजी के साथ सभी ने अपने गुरु के सम्मान में खुशियां मनायी। संस्था के मीडिया प्रभारी आशीष जौहरी ने गुरु डॉ धर्मेंद्र कुमार को अंगवस्त्र एवं पटका पहनाकर स्वागत किया एवं बताया कि अपने गुरु के अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सभी बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन परिवार जन भाव विभोर हैं। आध्यात्मिक गुरु डॉ धर्मेंद्र कुमार को यह सम्मान योग शिक्षा और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देने में उनके अभूतपूर्व योगदान को भी दशार्ता है। स्वागत सत्कार से अभिभूत होकर गुरु डॉ धर्मेंद्र कुमार ने अपनी उपाधि एवं सम्मान को माता- पिता, संस्था एवं ईश्वर को समर्पित किया एवं आध्यात्म व योग के द्वारा संस्था को नए आयाम अर्जित कराने के लिए अपने संकल्प को भी दोहराया। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती सुमन रानी, पुत्री खुशी एवं पुत्र यश भी साथ में रहे, एवं बीइंग स्प्रिचुअल फाउंडेशन परिवार से संजीव कुमार त्यागी, श्रीमती ममता त्यागी, संजीव त्यागी, सौरभ सिंह चौहान, मृगेंद्र सिंह, रंजीत वशिष्ठ, डॉ शिवम यादव, अभय गुप्ता, अभिषेक यादव, त्रिलोकी नाथ शर्मा, सुरजीत सिंह, अवनीश मिश्रा, रोहित मौर्य, डीके श्रीवास्तव, सिकंदर, उमंग अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

# झुमका तिराहे पर दुकानों में लगी भीषण आग

## गनीमत रही समीप स्थित पेट्रोल पंप पर नहीं पहुंची चिंगारी

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र में झुमका तिराहे पर पेट्रोल पंप के पास सोमवार को तीन दुकानों में किसी तरह भीषण आग लग गई। दुकानों से ऊंची ऊंची लपटें उठता देख लोगों में खलबली मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग बराबर में पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंची, वरना बड़ी घटना घटित हो सकती थी। झुमका तिराह पर रामद्वार गेट के पास पेट्रोल पंप के बराबर में परसाखेड़ा गांव निवासी हबीब खां की परचून व इलेक्ट्रॉनिक्स की दो अलग दुकानें है। वहीं बराबर में तहसील खान की किराना की दुकान है। दोपहर में करीब बारह बजे सबसे पहले हबीब खां की परचून की दुकान में किसी तरह आग लग गई। आग ने कुछ ही पलों में इलेक्ट्रॉनिक्स व किराना की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। तीनों दुकानों में आग विकराल हो गई। आग लगने की सूचना से पुलिस-प्रशासन में खलबली मच गई, क्योंकि वहीं पास में ही बने रामद्वार गेट का मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन होना है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सीबीगंज सुरेश चंद्र गौतम पुलिस बल के मौके पर पहुंचे। दो दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाकर करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया, वरना आग कही अगर बराबर में पेट्रोल पंप तक पहुंच जाती तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी।

# सोसाइटी अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**नेशनल एक्सप्रेस**



अलीगढ़। ग्रीन पार्क अपार्टमेंट में विवाद जारी है, सोसाइटी के अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया, अपार्टमेंट निवासी महिला-पुरूष बिल्डर के खिलाफ धरने पर बैठ गए। ग्रीन पार्क अपार्टमेंट की हाउसिंग सोसाइटी बैठक में मारपीट व हंगामा विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। सोसाइटी के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को बिल्डर के खिलाफ महिलाओं के साथ अपार्टमेंट निवासी धरने पर बैठे व बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।

थाना महुआखेड़ा क्षेत्र के एटा चुंगी बाईपास इलाके में स्थित ग्रीन पार्क अपार्टमेंट की हाउसिंग सोसाइटी की बैठक में 30 मार्च को मारपीट हो गई। बैठक में जमकर हंगामा हुआ, मामला पुलिस तक पहुंच गया। ग्रीन पार्क के बिल्डर संजीव पाराशर, उनके दो पुत्र ईशान, पार्थ, उनके समधी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व खैर से चेयरमैन प्रत्याशी रहे अन्नू आजाद, सौरभ पंडित, भतीजे को नामजद व अन्य अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई। सोमवार को ग्रीन पार्क अपार्टमेंट में रहने वाली महिलाओं के साथ पुरूष हाथों में बिल्डर के खिलाफ तख्तियां लेकर धरने पर बैठ गए। धरने पर बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग धरने पर बैठे लोगों ने की। ग्रीन पार्क रेजीडेंशियल अपार्टमेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे पत्र में अनूप कुमार गुप्ता ने लिखा है कि 30 मार्च शाम को हुई कार्यकारिणी बैठक के अंत में हुए अत्यंत अशोभनीय, अमर्यादित और अत्याधिक निंदनीय आचरण और व्यवहार के कारण दिल बहुत द्रवित और दुखी है। इस तरह के माहौल में मेरे द्वारा अपने अध्यक्ष पद पर रहना संभव नहीं होगा। इसलिए तत्काल प्रभाव से अपने पद से त्यागपत्र दे रहा हूं। अनूप कुमार गुप्ता ने इस्तीफा सचिव संजीव पाराशर और कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल को भेज दिया है।

# एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद, देश में भाईचारा अमन चैन के लिए मांगी दुआएं

**नेशनल एक्सप्रेस**








अमरोहा/मंडी धनौरा/बछरायूं। सोमवार को ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नियत समय पर मस्जिदों, ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद अमन-चैन, खुशहाली-तरक्की के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे। नमाज के बाद गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। ईद को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की। ईद-उल-फितर का मुसलमान भाइयों को इस मुकद्दस त्योहार का बेसब्री से इंतजार रहता है।

रमजान की आखिरी मंजिल होती है ईद की नमाज पूरे तीस दिन के रोजे के बाद रविवार की शाम चांद दिख जाने के बाद सोमवार को ईद होने की घोषणा की गई। सोमवार की सुबह बड़ी मस्जिद में साढ़े आठ बजे ईद की नमाज अता किए जाने की इत्तिला सभी को दी जा चुकी थी। सुबह होने के साथ ही बच्चे, सयाने, बुजुर्ग नमाज पढ़ने जाने की तैयारी में जुट गए। नहा-धोकर, पाक होकर सफेद कुर्ता-पाजामा और सिर पर रंग-बिरंगी नमाजी टोपी पहनकर सब के सब नियत समय पर ईदगाह पहुंचे। ईद की नमाज को लेकर शहर की सभी मुख्य मस्जिद नमाजियों से गुलजार नजर आ रही थी। सबके सब सफेद कुर्ता-पाजामा पहन रखे थे। शालीनता से सभी नमाज पढ़ने के लिए शांत खड़े थे। हजारों की तादाद में मौजूद नामाजियों ने नमाज अदा करने के बाद गले लगकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। वहीं शहर की सभी मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं सदर विधायक महबूब अली ने लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी ईद की नमाज अदा कर नमाजियों को मुबारकबाद दी। वहीं धनौरा में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मय फोर्स के जामा मस्जिद पर तैनात दिखाई दिए।

# ताला कारीगर को इनकम टैक्स ने भेजा 11 करोड़ का नोटिस

नेशनल एक्सप्रेस





| | | |
|---|---|---|
| Total sales reported in GSTR1 | GSTR1 | 11,18,14,798.96 |
| Sum of party wise sales reported in GSTR 1 with other PAN | GSTR1 | 10,09,74,487.41 |
| Sum of party wise Purchases (Sales reported by other PAN in their GSTR1) | GSTR 1 | 11,11,85,991.65 |

4. However, in spite of having above transactions, the assessee choose not to file return of income for the relevant assessment year. Therefore source of these transactions made by the assessee remain unexplained.

5. In view of the above, the above information suggests that the income chargeable to tax amounting to Rs. 89,45,184/- worked out @8% on total reported turnover as detailed above has escaped assessment for AY 2019-20.

अलीगढ़। जूस विक्रेता को आयकर विभाग ने से आए 7.76 करोड़ के नोटिस का मामला अभी शांत नहीं हुआ, कि अब किराए के मकान में रहने वाले ताला कारीगर को आयकर विभाग ने 11.11 करोड रुपए का नोटिस भेज दिया। जिस परिवार की दिन भर की कमाई ?200 की है। आयकर का नोटिस मिलने के बाद पूरे परिवार के होश उड़ गए हैं।

पीड़ित कारीगर ने बताया कि ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है। जब नोटिस उसके पते पर आया तो उसे पर हिंदी में आयकर विभाग लिखा था। लेकिन जब लिफाफा फाड़ कर देखा तो, वह अंग्रेजी में था। इसलिए हम पढ़ नहीं पाए। मैं जब अपने जानने वाले एक लोग से इसे पढ़वाया तो जब जाकर पता लगा कि आयकर विभाग कीऔर से 11 करोड़ का नोटिस आया है। इसके बाद से ही पूरा परिवार परेशान है। अब हम रुकी सूखी रोटी भी नहीं खा पा रहे हैं। पीड़ित योगेश बोला -घर में खाने के रुपए नहीं बचते। नौरंगाबाद के डिप्टी गंज निवासी योगेश शर्मा ताला कारीगर है। वह ताला फैक्ट्री में काम करते हैं। और जो मजदूरी मिलती है उसी से किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं। वर्तमान में योगेश किराए के मकान में अपनी परिवार के साथ रह रहे हैं। उनकी पत्नी बीमार रहती है, और उनका इलाज चल रहा है। दो छोटे बच्चे हैं एक 3 साल का है और दूसरा 5 साल का है।

पीड़ित योगेश ने बताया कि उनकी पत्नी प्रीति शर्मा को टीवी है। ढाई साल से उनका इलाज चल रहा है। कई बार ऐसा दिन भी देखना पड़ता है। कि घर में खाने तक के लिए रुपए नहीं बचते। किसी तरह बच्चों को रूखा सूखा खिलाकर सुला देता हूं। हम मियां बीवी पानी पीकर सो जाते हैं। किराए के मकान में रह रहे हैं। लेकिन महंगाई इतनी है, कि पूर  ही नहीं पड़ती है। बिजली का बिल भी नहीं दे पाए। जिसकी वजह से मकान की बिजली भी कट गई। इस परिस्थितियों में करोड़ों रुपए का या नोटिस देखकर मेरा मेरी पत्नी का हालत खराब हो गई है।

4 साल पहले भी आया था नोटिस।

योगेश ने बताया कि 4 साल पहले भी उन्हें ऐसा ही एक नोटिस आया था। उसे समय लोगों ने इसे पढ़कर बताया कि यह आयकर विभाग से 10 लाख का नोटिस आया है। लेकिन उसे समय लोगों ने कहा कि यह तुम्हारे लिए नहीं होगा, गलती से आ गया होगा। झूठा नोटिस है। तब हमने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया था। लेकिन अब यह नोटिस द्वारा आया है। हम कहां जाएं किसी से मदद मांगे, हमारे पास वकील को देने के लिए ?100 भी नहीं है। इस नोटिस का जवाब कैसे देंगे।

**कारीगर के पैन कार्ड से हुआ है लेनदेनः** पूरा नोटिस पढ़ने के बाद पता चला कि आयकर विभाग ने यह नोटिस योगेश को उनके पैन कार्ड से 2018-19 में हुए लेनदेन के लिए भेजा है। नोटिस के अनुसार उसके पैन कार्ड के जरिए बनी फर्म में करोड़ों रुपए की खरीद फरुक्त का काम किया गया। जिसे हिसाब आयकर विभाग को नहीं दिया गया। इसमें आईटीआर भी दाखिल नहीं किया गया है। पैन कार्ड का कारीगर का कहना है कि उसने तो लोन लेने के लिए पैन कार्ड बनवाया था। बैंक में मांगते हैं। पैन कार्ड लेकिन इसका इस्तेमाल भी नहीं हो गया। क्योंकि लोन के लिए और भी कोई कागजात बैंक में मांगे जा रहे थे। जो मेरे पास नहीं थे। ऐसे में लग रहा है, कि मेरे पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए। नहीं तो हम गरीब परिवार के लोगों का गुजर बसैरा कैसे होगा। हम तो बचपन से ही इसी मोहल्ले में रह रहे हैं, अब तो बच्चे भी हो गए, लेकिन खुद का एक मकान भी नहीं है, मैं पीएम मोदी से गुहार लगाता हूं, कि मेरी मदद करें मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं।

# हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल ने गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद



नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। ईद उल फितर के पवन अवसर पर सभी लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों मे जाकर ईद की नमाज अदा की और देश मे अमान चैन के लिए प्रार्थना की।

इसी क्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल अपने सहयोगी कांग्रेसजनों के साथ शाहजमाल स्थित ईदगाह पहुंचे और वहां ईद की नमाज के बाद नागरिकों और कांग्रेसजनों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद नगर निगम द्वारा लगने वाले राजनैतिक दलों के कैम्प मे जाकर विवेक बंसल ने वहां उपस्थित अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी। इस अवसर यहाँ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, शाहिद खान, रामकिशन गोस्वामी, मुक ीम पठान, जितेंद्र कुमार तोशी, सिकन्द र्खान, सिराज मलिक सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# तेज हवा से गेहूं की फसल में आग लगी जलकर राख

नेशनल एक्सप्रेस



सिकंदराराऊ। शनिवार की दोपहर में पुरदिलनगर रोड स्थित रेलवे लाइन पश्चिमी दिशा मे खाली पडे ऊसर की घास फूस मे लगी आग ने तेज हवा के चलने से पास में खडी गेहू की फसल यासीन निवासी नौरगांबाद द्वारा बटाई पर लेकर की जा रही गेंहू की फसल में आग लग गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची जिसने आग पर पर काबू पाया। उक्त आग की घटना को लेकर आसपास के खेत स्वामियों में हड़कंप मच गया था।

जानकारी के अनुसार जयवीर व जुगेंद्र निवासी नौरगांबाद से यासीन ने एक साल के लिए पट्टे पर जमीन लेकर खेती करके अपनी गुजर करते है ।यह वह गरीब लोग है जो कि छोटी खेती कर अपने दो वक्त की रोटी खाने का साधन करते है लेकिन उन्ही गरीब तबके के लोगो की खडी गेहू की फसल जल कर राख हो गयी। अब उनके पास खाने के लिए गेहू ही नही बचा तो वह वे सहारा हो गये। आग की सूचना मिलते ही मौके पर जाकर राजस्व कर्मियों ने नुकसान का आंकलन किया।

# होली मिलन कार्यक्रम के सफल होने पर पदाधिकारी हुए सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) अलीगढ़ इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सारसौल स्थित स्टार इन होटल में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष मुकेश सिंह ने की।

जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह द्वारा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के होली मिलन एवं सम्मान समारोह के कार्यक्रम में अपना योगदान देने वाले सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को मैडल पहनाकर सम्मान किया।

होटल स्टार इन के संचालक प्रदीप सिंघल ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि संगठन ही हमारी ताकत है, जब तक सभी एकजुट होकर किसी भी कार्य में सहभागिता करेंगे तो वह कार्य अवश्य ही सफल होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हमारा संगठन एक लकड़ी नहीं, बल्कि लकड़ियों का वह गट्ठर है जो किसी के तोड़े से भी नहीं टूटेगा।

वहीं संरक्षक मुकेश भारद्वाज, अध्यक्ष मुकेश सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा व अन्य सभी पदाधिकारी ने भी नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने बात कही। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार करने और संगठन की एकता को बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यकारिणी में संजीव शर्मा को कोषाध्यक्ष, मनोज चौहान को संगठन मंत्री, पुष्पेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, गौरव अस्थाना को संगठन महामंत्री, सोमेश शिवांकर को जिला कॉर्डिनेटर, जितेंद्र गुप्ता को महामंत्री, संदीप शर्मा को महासचिव, पं. डी.के. गौतम को सचिव, मयंक जैन को सचिव, डी.के. शर्मा को सचिव, जितेंद्र कुमार को सचिव, प्रदीप सिंघल को सचिव व देवेंद्र पाल सिंह को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों के प्रति निष्ठावान होकर संगठन की और मजबूत करने की शपथ ली।

# सिकंदराराऊ में हर्षोल्लास से मना ईद का पर्व





नेशनल एक्सप्रेस

सिकंदराराऊ। ईद उल फितर का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। वहीं ईदगाह सहित नगर की समस्त मस्जिदों में लोगों द्वारा ईद की नमाज अदा की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीएम धर्मेंद्र सिंह चौहान सीओ श्यामवीर सिंह तथा कोतवाली प्रभारी अरविंद राठी पुलिस व पीएसी के साथ मौजूद थे। ईद के पर्व को लेकर लोगों तथा बच्चों में काफी उत्साह था और वह रंग-बिरंगे परिधान पहनकर एक दूसरे के घरों पर जाकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए।

# सलमान शाहिद ने महानगर वासियों को गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ। महानगर मै ईद उल फितर का त्यौहार बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व महापौर प्रत्याशी सलमान शाहिद ने शाहजमाल ईदगाह पर केम्प लगाकर महानगर वासियो को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर पूर्व महापौर प्रत्याशी सलमान शाहिद ने कहा कि ईद प्यार मुहब्बत खुशिया और भाईचारे का त्यौहार है सभी को मिल जुलकर इस त्यौहार को मनाना चाहिए और सबके जीवन मै मिठास बाटनी चाहिए और नफरत को खतम करना चाहिए।इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी से ज़िलाध्यक्ष सुरेश गौतम मंडल कॉर्डिनेटर अशोक सिंह, रतन दीप, विजेंद्र सिंह, विक्रम, पार्षद हारून अहमद, पार्षद शकील राइन, कदीर भाई, कासिम गाजी, हसीन भाई, नफीस, संजू, सद्दाम मलिक, मुन्ना, मलिक सिताबू मलिक, नदीम बासू, हारून जग्गी, हाजी चाद, पीतल वाले जावेद उल हसन फरीद, भाई रईस अहमद, शेरा आरिफ, सिद्दीकी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# ग्रीनपार्क में बिल्डर व सदस्यों में हुई मारपीट, फ्री मेंटीनेंस की बात पर भिड़े दोनों पक्ष

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। थाना महुआखेड़ा क्षेत्र स्थित पॉश सोसाइटी ग्रीनपार्क अपार्टमेंट में रविवार देर शाम को बिल्डर और सोसाइटी के मेंबर के बीच जमकर मारपीट हो गई। सोसाइटी के विभिन्न मुद्दों को लेकर बिल्डर और सोसाइटी के मेंबर की बैठक हो रही थी। इसी दौरान फ्री मेंटीनेंस और अन्य मुद्दों को लेकर दोनों पक्षों में बातचीत फिर विवाद हो गया। आरोप है कि बिल्डर के बेटों ने सोसाइटी के मेंबर से मारपीट कर दी। जिसके बाद विवाद बढ़ गया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। अब सोमवार सुबह से ही बिल्डिंग के लोग आरोपी बिल्डर पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। ग्रीनपार्क अपार्टमेंट के किटी हॉल में रविवार को ग्रीनपार्क वेलफेयर सोसाइटी की बैठक चल रही थी। इसमें सोसाइटी के अध्यक्ष, सचिव, मेंबर के साथ बिल्डर संजीव पराशर समेत 21 लोग मौजूद थे। हाल के बाहर सोसाइटी में रहने वाले लोग टहल रहे थे।

इसी दौरान सोसाइटी के लोगों से मेंटीनेंस लेने की बात का मुद्दा उठ गया। जिसमें कहा गया कि फ्लैट देते समय फ्री मेंटीनेंस की बात कही गई थी, तो अब सोसाइटी के लोगों से मेंटीनेंस के नाम पर रुपए क्यों लिए जा रहे हैं। इसी बात को लेकर बिल्डर और सोसाइटी के मेंबर भिड़ गए और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। सोसाइटी के लोगों ने बिल्डर के बेटों पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बिल्डर के बेटों ने सोसाइटी के मेंबर के साथ मारपीट की। इसका सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिया गया है, जो लगातार वायरल भी हो रहा है। वहीं सोसाइटी के मेंबर वैभव राठी की ओर से थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। दूसरी ओर अब बिल्डर ने भी तहरीर देने की बात कही है। महुआखेड़ा थाना प्रभारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अल्लाह की इबादत में एक साथ झुके लाखों सिर

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। रमजान के पाक महीने में खुदा की इबादत करने वाले रोजेदारों ने सोमवार सुबह ईद की नमाज अदा की। एक महीने के इंतजार के बाद आई ईद की खुशी हर किसी के चेहरे पर साफ नजर आ रही थी। बच्चे हो या बुजुर्ग, सभी ने ईदगाह में एक साथ खुदा की शान में सदका किया और नमाज अदा की। एक साथ हजारों हाथ अल्लाह की इबादत में उठे और अमन और देश की तरक्की की दुआ की। ईद की नमाज अदा करने के बाद सभी रोजेदारों ने एक दूसरे के गले लगकर सभी को ईद की बधाइयां दी। ईद मुबारक-ईद मुबारक की गूंज से सारा ईदगाह गूंजता रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन और भारी संख्या में फोर्स भी मुस्तैद रही। ईदगाह में पहली जमात ने सुबह सात बजे से नमाज अदा की, इसके बाद दूसरी जमात में 7:45 बजे से नमाजियों ने ईदगाह में मौजूद रहकर खुदा की इबादत की। ईदगाह के साथ ही ऊपरकोट स्थित शाही जामा मस्जिद और मस्जिद बू अली शाह में भी ईद की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद में सुबह 6:45 पर और मस्जिद बू अली शाह में 7:15 बजे नमाज हुई, इसके साथ सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस दौरान काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने कुछ लोग पहुंचे। यह लोग वक्फ संशोधन बिल का विरोध कर रहे हैं। ईदगाह में नमाज के दौरान एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक और एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट मौजूद रहे। उन्होंने सभी से शांतिपूर्वक नमाज पढ़ने की अपील की, एसपी सिटी ने कहा- पुलिस अलर्ट मोड पर है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। ईद और नवरात्रि के त्योहार को देखते हुए प्रशसन पूरी तरह से हाई अलर्ट मोड पर रहा। एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक समेत पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सुबह से ही अलर्ट हो गए। सभी 9 सेक्टरों में मजिस्ट्रेट लगातार निगरानी करते रहे और हर एक प्वाइंट पर नजर रखी गई। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान ऊपरकोट, शाहजमाल, ईदगाह समेत अन्य मुस्लिम बाहुल्य और संवेदनशील इलाकों में सख्त निगरानी की गई। ड्रोन उड़ाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई व सिविल कपड़ों में भी पुलिस कर्मी तैनात किए गए।

# पति ने बच्चों संग खाया जहर, पति-पत्नी पर हुआ था विवाद

अ.हि.ब्यूरो

अलीगढ़। थाना रोरावर क्षेत्र के शाहजमाल में एक पति ने अपनी पत्नी की हरकत से नाराज होकर जहर खा लिया। उसने न सिर्फ खुद जहर खाया बल्कि अपनी 8 साल की बेटी और 4 साल के बेटे को भी जहरील पदार्थ खिला दिया, जिससे तीनों की हालत बिगड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सभी को जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां पर सोमवार को मासूम बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं व्यक्ति और उसके 4 साल के बेटे का इलाज जारी है,रोरावर के शाहजमाल निवासी गुड्डू मेहनत मजदूरी करता था। उसके घर में उसकी पत्नी रुकसार, 8 साल की बेटी खुशी और 4 साल बेटा आहिल था। 4 महीने पहले किसी बात को लेकर गुड्डू का अपनी पत्नी रुखसार के साथ विवाद हो गया था। जिसके बाद रुखसार नाराज होकर अपने मायके आगरा चली गई थी। चार महीने से रुखसार मायके में ही थी और गुड्डू लगातार उसे घर वापस आने के लिए कह रहा था। रविवार को भी गुड्डू ने रुखसार से बात की थी और उसे ईद पर घर वापस आने के लिए कहा था। लेकिन रुखसार नहीं मानी और कहा कि वह अलीगढ़ नहीं आएगी। गुड्डू इसी बात से काफी परेशान हो गया था। पत्नी के घर न आने की बात से आहत होकर रविवार को गुड्डू ने अपने दोनों बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद तीनों को जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। यहां पर बच्ची की मौत हो गई, जबकि गुड्डू और 4 साल की आहिल की हालत अभी भी गंभीर है। वहीं रोरावर थाना प्रभारी सुनील जोगी ने बताया कि घरेलू कलेश के कारण युवक ने बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खाया था। बच्ची की मौत हो गई है और बाकी दोनों का इलाज जारी है। मामले की जांच की जा रही है और परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगढ़ के किड्स प्लैनेट स्कूल ऐलमपुर जीटी रोड में ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाई गई

नेशनल एक्सप्रेस





अलीगढ़ में सरसौल इलाके के ऐलमपुर में किड्स प्लैनेट स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी मनाई गई, इस मौके पर मुख्य अतिथि एमएलसी डॉक्टर मानवेंद्र प्रताप सिंह व प्रभारी आगरा शिक्षक खंड वित्त पवन शर्मा और स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र प्रताप ने सरस्वती के समक्ष दीप पृज्जवलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए, और स्कूल के सभी बच्चों के अभिभावकों को भी स्कूल में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया। तथा इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य निधि राणा ने ग्रेजुएशन दिवस समारोह आयोजित करने का उद्देश्य बताया कि जिन बच्चों ने प्राथमिक स्तर से प्रवेश लेने पर उनमें नवीन श्रेष्ठ सृजनात्मक विचारों का उदय होता है, तथा जिन बच्चों ने स्कूल में अपनी कक्षाओं में उच्च अंक पाकर प्रथम स्थान लिया है। उन बच्चों को मुख्य अतिथि मानवेंद्र व स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र प्रताप के द्वारा बच्चों को साइकिल वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्री, प्राइमरी से कक्षा 8 तक के सभी बच्चों को 14 साइकिलों का वितरण का कार्यक्रम सभी शिक्षकों के सहयोग से रहा। तथा जो बच्चे कक्षा में द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे उनका भी सम्मान शील्ड देकर किया गया।

स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि यह प्रोग्राम हमने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए किया गया है। जिससे इनको देखकर और भी बच्चे पढ़ाई में ध्यान देंगे। जिससे आगे चलकर स्कूल का और हमारे समाज का नाम रोशन होगा।

इस मौके पर बच्चों ने भी बताया की स्कूल में शिक्षकों का स्टाफ अच्छा है, जो हम सभी बच्चों पर पढ़ाई में विशेष ध्यान देते हैं। शिक्षकों द्वारा यह भी बताया गया कि जो बच्चे पढ़ने में कमजोर हैं, उनके लिए हमारे स्कूल में एक्स्ट्रा क्लास की भी सुविधा दी जाती है।

हमारा स्कूल पूरी तरह से अंग्रेजी माध्यम में है, तथा हमारे यहां किसी भी तरह की बच्चों को कोई भी असुविधा नहीं होती है। हम बच्चों का विशेष ख्याल रखते हैं।


## संपादकीय

# भूकंप नहीं, 'प्रलय'

**म्यांमार** और बैंकॉक में धरती का कंपन महज भूकंपीय आक्रमण नहीं था, बल्कि एक नए किस्म का 'प्रलय' था। हमने प्राचीन ग्रंथों में प्रलय का उल्लेख पढ़ा है, लेकिन यह प्रलय लोगों ने अपनी आंखों से देखा। खुद के अस्तित्व पर महसूस किया। तकनीक, विकास और इंजीनियरिंग की ताकत पर इतराती, गगनचुंबी इमारतों को ढहते और मलबा होते भी देखा। कैसा अप्रत्याशित, अभूतपूर्व अनुभव रहा होगा? जिंदगियों की अंतिम चीखें भी सुनीं और उन्हें लाश होते हुए भी देखा। यदि 30 मंजिला इमारत भी ताश के पत्तों की तरह, भरभरा कर, ढह जाए, बिखर जाए, तो बैंकॉक का अपनी अत्याधुनिक तकनीक, अपने विकास पर इतराना बेमानी लगता है। इनसान और देश कुदरत की नियति से बड़े नहीं हो सकते। हम सब धरती पर कुदरत के किराएदार हैं, यह एहसास हर समय रहना चाहिए। बैंकॉक में 70-80 मंजिल से 130 मंजिल तक की गगनचुंबी इमारतें हैं। यह इनसान, इंजीनियरिंग और उसकी विलासिता का अहंकार ही है। म्यांमार तो विश्व में सबसे अधिक भूकंप संवेदी देशों में एक है। वहां हर माह औसतन 7-8 भूकंप आते रहते हैं। इस बार भी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद भी 15 और झटके महसूस किए जा चुके हैं। यह भूकंप जापान के हिरोशिमा, नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों से कई गुणा अधिक ऊर्जा वाला था, नतीजतन मौत का आंकड़ा 1700 को पार कर चुका है। घायल 3400 से ज्यादा हैं और 139 लोग लापता हैं। करीब 2900 इमारतें, 30 सड़कें, 7 पुल, एक बांध आदि क्षतिग्रस्त हुए हैं अथवा मलबे के ढेर में तबदील हो गए हैं।

एक अमरीकी एजेंसी का आकलन है कि म्यांमार में ही मौत का आंकड़ा 10,000 को पार कर सकता है। ऐसा खौफनाक, डरावना मंजर 'प्रलय' नहीं होगा, तो और क्या होगा? म्यांमार ऐसा पिछड़ा देश है, जहां भूकंप के जोखिम और आक्रमण सामान्य हैं, लेकिन वह भूकंप के संदर्भ में अक्षम और पाषाणकालीन है। मलबा हटाने तक की मशीनें भी उसके पास नहीं हैं। हाथ से मलबा हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इतने में तो दम घुटने से जिंदगी का बचना असंभव लगता है। 'कुदरत का करिश्मा' तो अपवाद ही होते हैं। भारत ने 50 टन से अधिक राहत-खाद्य सामग्री भेजकर अपने पड़ोसी देश की मदद की है। एनडीआरएफ के जवान और उपकरणों के साथ चिकित्सीय टीमें भी भेजी हैं। म्यांमार-बैंकॉक के ताकतवर भूकंप का असर हमारे पूर्वोत्तर राज्यों-मणिपुर, मेघालय, मिजोरम आदि-समेत बंगाल पर भी पड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल से फोन पर बातचीत की और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। दुनिया में 7 या उससे अधिक तीव्रता वाले भूकंप असामान्य नहीं हैं। पिछले दो सालों में तीन बड़े भूकंप आ चुके हैं। भारत में कई इलाके भूकंप की तीव्रता के दायरे में हैं। उनका वर्गीकरण किया हुआ है। विडंबना तो यह है कि भारत में करीब 45 फीसदी इमारतें बिना नक्शे के ही बनाई गई हैं। हमें इस भूकंप से सबक लेना होगा।

# बूढ़े होते भारत की एक खामोश टीस दादा दादियों के हाथ में देश की कमान



बृज खंडेलवाल द्वारा

उम्रदराज होना, बाल सफेद होना, कोई अभिशाप नहीं, तजुर्बे से मिला विशेषाधिकार है। आजकल युवा वर्ग बुजुर्गों को गरिया रहा है, बेघर कर रहा है, अमानवीय व्यवहार कर रहा है ये भूलकर कि जो पैदा हुआ है वो स्वर्गवासी होने से पहले इस दयनीय अवस्था से गुजरेगा।

भारत की घड़ी उल्टी चल रही है, देश बूढ़ा हो रहा है। समाज अतीत में भविष्य खोज रहा है।

जल्दी प्रधान मंत्री 75 साल के हो जाएंगे। श्री भागवत जी, सोनिया जी, खड़गे, नीतीश, ममता, नायडू, स्टालिन, विजयन, लालू, पवार, सब सत्तर पार। धीरे धीरे राजनीति में रिटायर्ड लोगों का कुनवा बढ़ता जा रहा है। और ये कोई अच्छी बात नहीं। हम एक जनसांख्यिकीय भूकंप देख रहे हैं, सफेद बालों का एक खामोश तूफ़ान, जो हम सब को अपनी चपेट में लेने वाला है। 2050 तक, ज़रा कल्पना कीजिए: 34 करोड़, नाना नानी और दादा-दादी। आबादी स्थिर हो चुकी है, अब जन संख्या का ग्राफ गिरेगा, भारत में आगे जाकर युवा और सिक्सटी प्लस अधेड़ों की आबादी लगभग बराबर हो सकती है। प्रॉब्लम ये है कि हमने लंबी उम्र में तो महारत हासिल कर ली है, लेकिन गरिमा के साथ बूढ़ा होने की कला सीखने में बिलकुल नाकाम रहे हैं। यानी बुद्धों की सुख, सुविधा, चैन से जीवन यापन के मौकों से वंचित कर रखा है।

ज़रा इन दृश्यों की कल्पना कीजिए: झुर्रियों वाले हाथ फटे हुए रुपयों को पकड़े हुए, जो मुश्किल से बासी रोटी के लिए काफ़ी हैं। वीरान घरों से झाँकती अकेली आँखें, डॉक्टर के स्पर्श की निराशाजनक गुहार, एक ऐसी सुविधा जिसकी वे क्षमता नहीं रखते। हमारे हलचल भरे शहर, जीवंत होने से दूर, भूले हुए, त्यागे गए बुजुर्ग आत्माओं से परेशान हैं, जो एक ऐसे समाज में सांत्वना का एक टुकड़ा खोज रहे हैं जिसने अपनी पीठ फेर ली है।

प्रोफेसर पारस नाथ चौधरी कहते हैं ''सरकार की बड़ी-बड़ी योजनाएँ? कागज़ी शेर, भ्रष्टाचार से भरी और नौकरशाही की लाल फीताशाही से दम घुटती हुई। वे चाँद का वादा करते हैं, धूल देते हैं। पारंपरिक समर्थन प्रणाली, जो कभी हमारी संस्कृति की नींव थी, अब ढह रही हैं, हमारे बुजुर्गों को अकेलेपन के समुद्र में फँसा रही हैं, वे काँपते डर के साथ अपनी जीवन का अंतिम अध्याय देख रहे हैं। उस भूमि में जो कभी अपने बुजुर्गों की पूजा करती थी। एक तरफ ढलती शाम, दूसरी और जवानी का जुनून। हम झुर्रियों से डरी हुई एक संस्कृति हैं, शाश्वत युवाओं के भूत का पीछा कर रहे हैं। एंटी-एजिंग सर्कस, एक अरबों डॉलर का अजीबोगरीब व्यवसाय जो साँप का तेल और भ्रम बेचता है।''

ज़रा इसके बारे में सोचिए: 2021 में 60 अरब डॉलर, 2030 तक दोगुना होने का अनुमान, ये सब क्रीमों और दवाओं के लिए जो चमत्कारों का वादा करते हैं, लेकिन खाली जेबें और झूठी उम्मीद देते हैं। शेर की अयाल वाले मशरूम, मस्तिष्क बूस्टर के रूप में प्रचारित, एक राजा के फिरौती की कीमत है, हालाँकि विज्ञान मकड़ी के जाले की तरह कमज़ोर है। क्रायोथेरेपी, जहाँ लोग खुद को पॉप्सिकल की तरह जमाते हैं, और ''युवा रक्त आधान'', जहाँ वे 8,000 डॉलर प्रति पॉप अपने आप को किशोर प्लाज्मा का इंजेक्शन लगाते हैं, क्या क्या नहीं हो रहा है उम्र की रफ्तार थामने के लिए। सोशल एक्टिविस्ट मुक्त गुप्ता बताती हैं, ''ब्रायन जे जैसे टेक अरबपति, रक्त परिवर्तन के एक अजीबोगरीब कॉकटेल पर सालाना 20 लाख डॉलर खर्च करते हैं, इस पागलपन के पोस्टर बॉय हैं। सिलिकॉन वैली के अभिजात वर्ग, जीन-संपादन और स्टेम सेल कल्पनाओं के साथ अमरता का पीछा करते हुए, अपनी किस्मत और अपने शरीर के साथ एक खतरनाक खेल खेल रहे हैं।''यह सिर्फ़ मूर्खतापूर्ण ही नहीं, यह एक बेहद खतरनाक खेल है। ''विशेषज्ञ'' साँप के ज़हर के चेहरे और प्लेसेंटा क्रीम बेचते हैं, क्लीनिक ''युवाओं का फव्वारा'' इंजेक्शन पेश करते हैं जो कौन जानता है कि किस चीज़ से भरे होते हैं, और बायोहैकिंग गुरु बर्फ स्नान और इन्फ्रारेड सौना की इंजील का प्रचार करते हैं। यहाँ तक कि फ़िलर्स और बोटोक्स जैसी मुख्यधारा की कॉस्मेटिक





प्रक्रियाएँ, हालाँकि आजकल नॉर्मल हैं, फिर भी खतरे बहुत हैं। लोग कुछ साल उम्र कम करने के चक्कर में आफत मोल ले रहे हैं। 2022 में अकेले अमेरिका में 11 मिलियन प्रक्रियाएँ - हमारे सामूहिक पागलपन का प्रमाण।

लेकिन यहाँ सच्चाई क्या है: उम्र अपरिहार्य है। कोई औषधि, कोई प्रक्रिया, कोई अरबपति का बायोहैकिंग समय को नहीं रोक सकता। एक हारी हुई लड़ाई लड़ने के बजाय, हमें उस ज्ञान और सुंदरता को अपनाना चाहिए जो उम्र के साथ आती है। जापान ''बुजुर्गों के सम्मान का दिन'' मनाता है, और मूल अमेरिकी परंपराएँ अपने बुजुर्गों का सम्मान करती हैं। अध्ययन बताते हैं कि खुशी 50 के बाद चरम पर होती है, जब हम अंततः सतही चीज़ों को छोड़ देते हैं और उस पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो मायने रखता है।

साँप के तेल पर पैसा फेंकने के बजाय, हमें स्वस्थ जीवन में निवेश करना चाहिए: अच्छा भोजन, व्यायाम और मानसिक रूप से एक्टिव। बाल काले करके अमिताभ बच्चन बनने का ढोंग क्यों? बूढ़ा होना एक विशेषाधिकार है, एक सम्मान का प्रतीक। आइए डर फैलाने और झूठे वादों को त्यागें। अपनी गरिमा को पुनः प्राप्त करें, और सफेद तूफ़ान का सम्मान करें, इसे नज़रअंदाज़ न करें। भारत को एक ऐसी जहां बनाएँ जहाँ बूढ़ा होना संकट न हो, बल्कि एक उत्सव हो।

## 1 अप्रैल :इतिहास की अहम घटनाएं

1996 बैंक ऑफ़ टोकियो और मित्सुबिशी बैंक के विलय से बना विश्व का सबसे बड़ा बैंक न्यू बैंक आफ़ टोकियो-मित्सुबिशी ने अपना कार्य आरम्भ किया।

1996 केंटकी ने 58 वें एनसीएए पुरुषों की बेसबॉल चैम्पियनशिप में सिरैक्यूज को 76-67 से हराया।

1996 नोवा स्कोटिया की सरकार ने शहर के हेलिफैक्स शहर के लोगों को आदेश दिया कि वे अपने आसपास के 200 से अधिक सहयोगियों के साथ संभोग करें।

1996 नोवा स्कोटिया में हैलिफ़ैक्स शहर को क्षेत्रीय नगरपालिका बनाया गया।

1997 स्विटजरलैंड की मार्टिना हिंगिस टेनिस इतिहास में सबसे कम उम्र की नंबर एक महिला खिलाड़ी बनीं।

1997 गोर्डी होवे ने 65 साल की उम्र में सिरैक्यूज क्रंच के साथ एएचएल गेम खेलना शुरू किया।

1998 मिनेसोटा में वर्ल्ड आइस पेरिस फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई थी।

1999 मिरया मोस्कोसो पनामा की प्रथम महिला राष्ट्रपति नियुक्त की गईं।

2001 नीदरलैंड समलैंगिक विवाह कानून बनाने के लिए दुनिया में पहला देश बना।

2001 सेंट ज़ूइस में, 20 वीं एनसीएए महिलाओं की बास्केटबॉल चैम्पियनशिप आयोजित की गई थी।

2002 जॉर्जिया गुंबद अटलांटा में 64 वें एनसीएए पुरुषों की बास्केटबॉल चैम्पियनशिप हुई।

2002 डच सरकार द्वारा पाँच साल बाद और लोगों को शादी करने की अनुमति देने के बाद, उन्होंने फैसला किया कि यह किसी के जीवनसाथी को मारने के लिए स्वीकार्य है।

2004 मारेक बेल्का पोलैंड के नए प्रधानमंत्री बने।

2004 Google ने एक मुफ्त वेब-आधारित सेवा शुरू की जो उपयोगकर्ताओं को स्पैम के लिए एक अभूतपूर्व 1000 मेगाबाइट भंडारण के साथ अनिवार्य रूप से प्रदान करती है।

2005 नेपाल में आपातकाल लागू होने के बाद बंदी बनाये गये गिरिजा प्रसाद कोइराला के साथ 285 राजनीतिक बंदियों को रिहा किया गया।

2006 रियो डी जिनेरियो में विमान दुर्घटना में 19 लोगों की मृत्यु।

2006 ब्रिटिश संसद के 2005 के अधिनियम के अनुसार, कई ब्रिटिश पुलिस एजेंसियां एक साथ मिलकर बहुत गंभीर और संगठित हो गईं।

2006 सकई ब्रिटिश पुलिसिंग एजेंसियां एक साथ मिलकर बहुत गंभीर और संगठित हो गईं।

2009 स्वीडन में समलैंगिक विवाह को मान्यता दी गई।

2010 नॉर्थन आयरलैंड में बिजली ने दस्तक दी और लगभग 25000 घर बिजली विहीन थे।

2011 अमेरिका पर सितंबर 2001 हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के एबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि की गई।

2011 ग्रीस में 6.2 तीव्रता के भूकंप के साथ क्रीट ने समझा।


2012 2012 की एकेडमी ऑफ कंट्री म्यूजिक अवार्ड्स में क्रेजी गर्ल और एंटरटेनर ऑफ द ईयर के गाने के लिए एली यंग बैंड और टेलर ने साल के गाने पर स्विफ्ट किया।

2013 सुदीन उमर के अध्यक्ष अल बशीर ने सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा करने का आदेश दिया। ऐसा 2015 में पद छोड़ने की योजना तैयार करने के लिए किया गया था।

2014 नेन अर्थक्वेक ने 58 मील नॉर्थ ईस्ट ऑफ इक्विक को Cile मापन में लगभग 8.2 पर रिचर स्केल पर आघात किया।

## समसामयिक

# पाकिस्तानी कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध



ऋषभदेव शर्मा

**अमेरिका** ने पाकिस्तान की 19 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों में एलाइड बिज़नेस कंसर्न प्राइवेट लिमिटेड, एरिस्टन ट्रेड लिंक्स, ब्राइटलाइट इंजीनियरिंग कंपनी, ग्लोबल ट्रेडर्स, इंडेंटिंग इंटरनेशनल, इंट्रा लिंक इनकॉर्पोरेटेड, लिंकर्स ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, एनए एंटरप्राइज़ेज़ आदि शामिल हैं।

ग़ौरतलब है कि अमेरिका ने इन्हें 'एन्टिटी लिस्ट' में डाल दिया है। इस लिस्ट में अमेरिका उन संस्थाओं, कंपनियों और लोगों को शामिल करता है जिनके बारे में वह समझता है कि वे अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा या विदेश नीति और अमेरिकी हितों के ख़िलाफ़ काम कर रहे हैं। ऐसे में, अब से ये कंपनियाँ अमेरिकी कंपनियों और नागरिकों के साथ व्यापार नहीं कर सकतीं। इस कदम को अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर अंकुश लगाने के प्रयास के रूप में प्रस्तुत किया है। यह तो किसी से छिपा नहीं है कि 1998 में परमाणु परीक्षण करने के बाद से पाकिस्तान सामरिक हथियारों के विकास में तेजी से प्रगति कर रहा है। उसकी मिसाइल प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से 'शाहीन' और 'ग़ज़नवी' मिसाइल शृंखला क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती हैं। अमेरिका को संदेह है कि पाकिस्तान की कुछ कंपनियाँ चीन और उत्तर कोरिया से प्रौद्योगिकी प्राप्त कर रही हैं और इसे ईरान जैसे अन्य देशों को हस्तांतरित कर सकती हैं। यही कारण है कि अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने इन कंपनियों को प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के पीछे कई प्रयोजन लक्षित किए जा सकते हैं। अमेरिका की नीति रही है कि वह परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रसार को सीमित करने का प्रयास करे। यह प्रतिबंध उसी नीति का एक हिस्सा है। यही नहीं, अमेरिका को लगता है कि पाकिस्तान को सैन्य तकनीक और उपकरण मुहैया कराने में चीन की भूमिका बेहद अहम है। इस प्रतिबंध से अमेरिका चीन-पाकिस्तान सैन्य सहयोग को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। एक बात और यह भी कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संतुलन महत्वपूर्ण है। अमेरिका चाहता है कि पाकिस्तान का मिसाइल कार्यक्रम सीमित रहे ताकि क्षेत्र में सामरिक स्थिरता बनी रहे।

रही बात इन प्रतिबंधों के असर की, तो सबसे पहले यह समझना ज़रूरी है कि नेशनल डिफेंस काम्प्लेक्स समेत ये सब कंपनियाँ पाकिस्तान की रक्षा क्षमताओं में अहम भूमिका निभाती हैं। इन पर प्रतिबंध लगने से पाकिस्तान के मिसाइल विकास कार्यक्रम में बाधा आ सकती है। पाकिस्तान को अब नई तकनीक और उपकरण प्राप्त करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करनी होगी। इन प्रतिबंधों से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को भी झटका लग सकता है। कई पाकिस्तानी कंपनियाँ अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सक्रिय हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण उनके लिए वैध सौदे करना कठिन हो जाएगा। पाकिस्तान की रक्षा और प्रौद्योगिकी आधारित कंपनियों में विदेशी निवेश में भी गिरावट आ सकती है।

सयाने याद दिला रहे हैं कि अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध पहले ही कई वर्षों से तनावपूर्ण हैं। इन प्रतिबंधों से दोनों देशों के बीच और तनाव बढ़ सकता है। पाकिस्तान इस कदम को अपनी संप्रभुता पर हमला मान सकता है और चीन या रूस के साथ अपने रणनीतिक रिश्ते और मजबूत कर सकता है।

कुल मिलाकर, अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी कंपनियों पर लगाए गए ये प्रतिबंध न केवल पाकिस्तान की रक्षा क्षमताओं को प्रभावित करेंगे, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन पर भी असर डालेंगे। इन प्रतिबंधों से पाकिस्तान को अपनी रक्षा नीति पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, जबकि अमेरिका अपनी वैश्विक गैर-प्रसार नीति को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा। आगे की रणनीति पाकिस्तान पर निर्भर करेगी कि वह इस चुनौती का सामना कैसे करता है और किन देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत करता है।

# प्रकृति और मानव के मध्य सामंजस्य का संदेश देने वाला पर्व सरहुल



अशोक "प्रवृद्ध"

जनजातीय समुदाय अर्थात आदिवासी प्रकृति प्रेमी होते हैं। वे प्रकृति के अत्यंत नजदीक, काफी करीब होते हैं। उनकी समस्त गतिविधियां प्रकृति के इर्द-गिर्द ही घूमती है। आदिवासियों के प्रकृति प्रेम की अनेक गतिविधियों में से एक है सरहुल का पर्व, जिसमें प्रकृति का विधि- विधान से पूजा -अर्चना किया जाता है। वसंत ऋतु में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में भारत के जनजातीय समुदाय द्वारा सरहुल का पर्व मनाए जाने की पारंपरिक व वृहत परिपाटी है। झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और मध्य -पूर्व भारत के जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाले मुण्डा, भूमिज, हो, संथाल, उराँव आदिजनजातियों के द्वारा मनाया जाने वाला सरहुल पर्व भारतकेआदिवासीसमुदायोंकाएकप्रमुखपर्व और महत्वपूर्ण उत्सवों में से एकहै। झारखण्ड, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों में सरहुल महोत्सव का आयोजन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को किया जाता है। हालांकि इस त्योहार की कोई निश्चित तिथि नहीं होती, क्योंकि विभिन्न गांवों में इसे विभिन्न तिथियों, दिनों पर मनाया जाता है। इसलिए सरहुल का यह उत्सव कई दिनों तक चलता रहता है। लोग एक गांव से दूसरे गांव अपने संबंधियों के यहां जाकर इसे पूरे उल्लास के साथ मनाते हैं। इसमें प्रकृति पूजा के साथ मुख्य पारंपरिक नृत्य सरहुल नृत्य किया जाता है। झारखण्ड राज्य की राजधानी रांची में चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन सरहुल महोत्सव का मुख्य आयोजन होता है। राजधानी के विभिन्न सरना स्थानों से आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाती है। इस शोभायात्रा में आदिवासी समुदाय की महिलाएँ व पुरुष मांदर, ढोल, नगाड़ा आदि पारंपरिक वाद्यों की थाप पर मधुर गीतों के साथ पूरे ताल में सरहुल नृत्य कर रहे होते हैं। चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया को आयोजित किया जाने वाला यह त्योहार धरती एवं सूर्य के विवाहोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह नववर्ष के आरंभ का प्रतीक है। जनजातियों के लिए यह नए साल की शुरुआत की निशानी है। इस वार्षिक उत्सव को बसंत ऋतु के काल में मनाया जाता है और इसमें पेड़ों और प्रकृति के अन्यान्य तत्वों की पूजा का विधान है। इस समयसाल अर्थात सखुआके पेड़ों में नवपल्लव के साथ फूल आने लगते हैं। सरहुल में साल के फूलों को शामिल किया जाता है। झारखण्ड मेंचैत्र शुक्ल तृतीया को सरहुल महोत्सव का आयोजन राजकीय तौर पर किए जाने के कारण इस दिन को एक राजकीय अवकाश घोषित किया गया है।

सरहुल का शाब्दिक अर्थ है -साल वृक्ष की पूजा- अर्चना। सरहुल पर्व धरती माता को समर्पित है। आदिवासियों की मान्यतानुसार इस त्योहार को मनाए जाने के बाद ही नई फसलमुख्यतः धान, वृक्षों के पत्ते, फूलों और फलों का उपयोग किया जाता है। भूमिज इस पर्व को हादी बोंगाके नाम से और संथाल में इसे बाहा बोंगाके नाम से मनाया जाता है। इसे बाः परबऔर खाद्दी परबके नाम से भी जाना जाता है। सरहुल पूजा में नई धान, ज्वार और गेहूं के फसलों को कृषि की उर्वरता को बढ़ाने के लिए चढ़ाया जाता है। इस पर्व पर आदिवासी समुदाय के लोग जल, जंगल और जमीन की पूजा करते हैं और भगवान से अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं। यह अनुष्ठान न सिर्फ अच्छी फसल के लिए किया जाता है, बल्कि यह प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने का प्रतीक भी है। इस दिन गांव के पुरोहित अर्थात पाहन गांव के पवित्र स्थान सरना स्थल में साल के फूल चढ़ाते



हैं, परंपरानुसार पूजा करते हैं। और फिर सभी ग्रामीणों के साथ सामूहिक भोज और नृत्य करते हैं। गांव के गैरआदिवासी सदान भी हर्षोल्लास के साथ शामिल होते हैं। पूजा में धान, ज्वार चढ़ाये जाने की इस परंपरा का प्राकृतिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। यह न सिर्फ भूमि की उर्वरता और समृद्धि की कामना से जुड़ा है, बल्कि लोगों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। आदिवासी समुदाय में साल के वृक्ष को पवित्र वृक्ष की मान्यता प्राप्त है। यही कारण है कि इस पर्व में साल वृक्ष की पूजा की जाती है। इस पेड़ के फूल को पवित्रता, उर्वरता और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। इसलिए इन्हें देवी-देवताओं को अर्पित किया जाता है। यह पर्व जनजातीय समुदाय की एकजुटता को दर्शाता है। साल का फूल इस परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। साल वृक्ष जंगलों के संतुलन को बनाये रखने में बड़ी भूमिका निभाता है। इस दिन जनजातीय समुदाय के पूजा स्थल सरना को साल के फूलों से सजाया जाता है। साल के फूलों, फलों और महुआ के फलों को जायराथान अथवा सरनास्थल पर लाया जाता है, जहां पाहन अर्थात मुख्य पुजारीऔर सहायक पुजारी देउरी जनजातियों के सभी देवताओं की पूजा करते हैं। जायराथान पवित्र सरना वृक्ष का एक समूह है, जहां आदिवासी विभिन्न अवसरों में पूजा पाठ करते हैं। यह ग्राम देवता, जंगल, पहाड़ तथा प्रकृति की पूजा है, जिसे जनजातियों का संरक्षक माना जाता है। देवताओं की साल और महुआ फलों और फूलों के साथ पूजा की जाती है। देवताओं की पूजा करने के बादगांव के पुजारी, पाहन एक मुर्गी के सिर पर कुछ चावल अनाज डालता है। परंपरागत मान्यतानुसार मुर्गी के सिर से चावल के गिरने के बाद मुर्गी के द्वारा चावल खाने अर्थात चुगने पर गांव के लोगों के समृद्धि व कल्याण की भविष्यवाणी की जाती है और चावल नहीं खाने अर्थात नहीं चुगने पर गांव पर आपदा आने की संभावना व्यक्त की जाती है। आने वाले मौसम में पानी में टहनियों की एक जोड़ी देखते हुए वर्षा की भविष्यवाणी की जाती है। सरहुल के समय विभिन्न गांवों में भविष्यवाणी करने की अन्य प्रक्रियाएं भी देखने को मिलती हैं। सरहुल के एक दिन पूर्व पाहन या बैगा सरना स्थल में मिट्टी के घड़े में पानी रखकर रात भर वहां छोड़ देते हैं। अगले दिन उपवास के समय सरना स्थल जाते हैं और घड़े में पानी के स्तर को देखते हैं। और घड़े में पानी के स्तर के आधार पर भविष्यवाणी करते हैं कि उस वर्ष कितनी वर्षा होगी? घड़े में पानी का स्तर कम होना इस बात का संकेत होता है कि उस वर्ष बारिश कम होगी। पानी का स्तर कम नहीं होना अथवा कुछ मात्रा में ही नीचे गिरना इस बात का संकेत होता है कि वर्षा ठीक होगी। स्पष्ट है कि घड़े के स्तर को देखकर अनुमान किया जाता है कि वातावरण में वायु में आर्द्रता कितनी है? वायु के शुष्क होने पर वह अधिक पानी सोखेगी और घड़े में पानी का स्तर नीचे जाएगा। वायु के शुष्क होने के कारण और आर्द्रता की कमी के कारण वर्षा सीमित होगी। वातावरण में वायु में आर्द्रता अधिक होने पर वह घड़े के पानी को कम सोखेगी। यह एक सामान्य अवलोकन आधारित विज्ञान है और बेहद तर्कपूर्ण है।

प्रकृति पर्व सरहुल को जनजातीय समुदाय सूर्य और धरती के विवाह के रूप में देखते है। जनजातियों की आस्था और पारंपरिक दंतकथाओं में धरती अर्थात पृथ्वी को माता के रूप में और सूर्य को एक पिता की तरह देखा गया है। वैदिक मान्यतानुसार भी सृष्टि के आदिकाल में मानव सृष्टि के लिए सूर्य ने पिता और पृथ्वी ने माता की भूमिका निभाई थी। विवाह का अर्थजीवन का नव सृजन होना है। यदि पृथ्वी पर जीवन है, तो उसमें सूर्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरहुल से पूर्वपूरी धरती पलाश और सेमल के फूलों से लाल दिखने लगती है। यह लाल रंग यौवन का प्रतीक होता है। आदिवासियों के मान्यतानुसार यह सूर्य और पृथ्वी के विवाह के समय का प्रतीक है। विवाह के समय हल्दी के पीले रंग का महत्व होने की भांति ही सखुआ के पीले फूल चारों ओर नजर आने लगते हैं। सरहुल के आने के साथ ही सखुआ पेड़ की डालियों में फूल आते हैं, नई कोपलें और नए पत्ते आते हैं। पतझड़ के बाद वातावरण में नए जीवन का संचार होता है। जिस तरह विवाह नए जीवन की शुरुआत होती है उसी तरह सरहुल में भी सूर्य की ऊर्जा, पृथ्वी में नए जीवन का संचार करती है। वस्तुतः मिट्टी (पृथ्वी), जल और सूर्य के द्वारा ही नया जीवन संभव हो पाता है। इसीलिए प्रकृति और मानव के मध्य सामंजस्य का संदेश देने वाला यह पर्व पूरे समुदाय के लिए सुख- समृद्धि, कल्याण औरप्रसन्नता की कामना करता है।

## खबरें फटाफट

### नौकरी का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले चार आरोपित गिरफ्तार



कानपुर। शहर में बैठकर देश भर के लाखों लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो युवतियों समेत चार शातिरों को क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित naukri.com वेबसाइट से आवेदकों के मोबाइल नंबर निकालते थे। फिर उन्हें कॉल कर इंटरव्यू लेने के बहाने जॉइनिंग के नाम पर रुपये मांगते थे। पुलिस उपायुक्त अपराध एसएम कासिम आबिदी ने सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि यह गिरोह बीते 10 सालों से ठगी का काम कर रहा था। इसी साल जनवरी महीने में विकास नाम का युवक इन शातिरों का शिकार बना था। जिसने आरोपितों की झांसे में आकर 26800 गवाएं थे। पीड़ति की शिकायत के बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से चमनगंज इलाके में रहने वाली आरोपित अरीबा को उसके घर से उठाया। आरोपित ने घर पर ही ठगी का सारा खेल सजा रखा था। उसी की निशानदेही पर क़दिवई नगर निवासी कीर्ति गुप्ता, बिठूर निवासी अनुराग दीक्षित और गैंग का सरगना हरिओम पांडेय को गाजियाबाद से उठाया गया।

पुलिस पिछले तीन महीनों से इन सभी की तलाश कर रही थी। पकड़े गए शातिर चार बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे। जिनमें करोड़ो रूपये का लेनदेन हुआ था। अब इन सभी पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। आरोपितों ने देश भर के करीब एक लाख बीस हजार लोगों के साथ ठगी का प्रयास कर तीन से चार करोड़ रुपये ऐंठे हैं। इनके पास से तीन लैपटॉप, नौ मोबाइल, चौदह कीपैड मोबाइल, अलग-अलग कंपनियों के आठ सिम, वाईफाई राउटर, दो पासबुक, सात डेबिट कार्ड और एक कार बरामद हुए हैं।

### कानपुर की बड़ी ईदगाह में दो पालियों में अदा की गई नमाज

कानपुर। शहर के बेनाझाबर स्थित बड़ी ईदगाह में शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार शांति और सुरक्षा के माहौल में पूरी श्रद्धा के साथ दो पालियों में नमाज अदा की गई। ईदगाह के अंदर लाखों की तादाद में नमाजियों ने नमाज अदा करते हुए अमन और चैन की दुआ मांगी।

शासन और प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार बड़ी ईदगाह में दो पालियों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजे और नौ बजे लाखों नमाजियों द्वारा नमाज अदा की गई। इस मौके पर कमिश्नरेट के उच्च अधिकारी और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स भी तैनात रही। नमाज के दौरान ड्रोन कैमरों से निगरानी करते हुए किसी को भी सड़क पर नमाज नहीं अदा करने दी गई। नमाज को लेकर सोमवार की सुबह छह बजे से नमाज खत्म होने तक रूट भी डायवर्ट किया गया था। पुलिस प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। शहर का पुलिस तंत्र पूरी तरह से एक्टिव था और फ्लैग मार्च, ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी कैमरों से पूरे ईदगाह और आसपास के इलाकों की निगरानी की जा रही थी। खुफिया तंत्र भी सक्रिय था, और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही थी ताकि किसी भी तरह की आपत्ति से निपटा जा सके।

## आज का राशिफल





ज्योतिर्विद डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : आज का आपका दिन आपके लिए शुभ फलदाई रहेगा । लाभ का योग है । भाग्योदय के नवीन अवसर बन रहे हैं । स्वास्थ्य में उत्तम रहेगा । मित्रों से सहयोग मिलेगा । पढ़ाई में थोड़ी दिक्कत आएगी, मन कम लगेगा ।

वृषभ : आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा । आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा , फिर भी खानपान पर ध्यान दें। बाहर के खाने से परहेज करें। बड़ों के आशीर्वाद लेकर काम करें, सफलता मिलेगी ।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा । आय के नवीन स्रोत बन सकते हैं । आज जमीन में निवेश करना फायदेमंद रहेगा । मनोबल ऊंचा रहेगा । कोई भी नवीन कार्य करना भविष्य में शुभ फलदाई होगा ।

कर्क : आज का दिन आपके लिए सुकून भरा है । सुख के साधन बढ़ेंगे । पढ़ाई में कंफर्ट जोन से बाहर आने में जूझेंगे इसलिए पढ़ाई बढ़िया नहीं हो पाएगी। किन्तु परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा । पैरों में समस्या बन सकती है।

सिंह : आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदाई है । आय के नवीन स्रोत बनेंगे किंतु आज अपव्यय भी अधिक होगा । पूरे दिन अनेक उतार चढ़ाव आएंगे । आज किसी से बहस या क्रोध ना करें वरना नुकसान हो सकता है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

कन्या : आज आपका दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। आज आप अच्छा करने का प्रयास करेंगे ,जिसमें आशा से कम परिणाम प्राप्त होगा। किसी नए प्रोजेक्ट में निवेश न करें । स्वास्थ्य से थोड़ा परेशान हो सकते हैं ।संभव है गले या सर में दर्द रहे।

तुला : आपका आज का दिन भाग्योदय का दिन है। आज कोई नया प्रोजेक्ट शुरू करना या इन्वेस्ट करना भविष्य में सुखद प्रणाम देगा। अच्छा रहे कि आप पिता या बड़ों से सलाह लेकर काम करें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए कार्य क्षेत्र में उपलब्धि जनक रहेगा। आज आर्थिक लाभ के साथ-साथ उन्नति का भी दिन है। मन उत्साहित रहेगा ।स्वास्थ्य उत्तम रहेगा किंतु क्रोध से बचें।

धनु : आज आपका का दिन आय की दृष्टि से अच्छा रहेगा। आप कुछ नवीन करना चाहेंगे ।इसके विषय में आवश्यक योग बनेंगे । खान-पान पर विशेष ध्यान दें ।गुरु व बड़ों का आशीर्वाद अवश्य लें लाभ होगा।

मकर : आज आपका दिन संघर्ष से बड़ा भरा रहेगा। फालतू खर्च हो सकता है। आज धनहानि संभव है। अच्छा रहे कि आज इन्वेस्टमेंट से बचें। स्वास्थ्य परेशानी भरा रह सकता है। पैरों में दर्द संभव है। परिणाम अनुकूल नहीं रहेगा।

कुंभ : आज आपका दिन मध्यम शुभ रहेगा ।मन थोड़ा विचलित रहेगा किंतु अपेक्षित सफलता प्राप्त होगी ।नौकरी का परिणाम सुखद रहेगा ।आर्थिक लाभ का योग है ।मन में आशा का संचार आवश्यक है।

मीन : आज का दिन आपके लिए उपलब्धि जनक रहेगा ।आय के नवीन स्रोत बनेंगे। आर्थिक लाभ का योग है ।कोई खुशखबरी सुनने को जरूर मिलेगी ।जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा ।आज इन्वेस्ट करना भविष्य के लिए अच्छा साबित होगा।

# रामजी की निकली सवारी पर बरसे आस्था के फूल

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दिखाई झंडी

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर ।रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी के गानो के बीच गोबिन्द नगर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।शोभा यात्रा को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना,पूर्व विधायक अजय कपूर व कोपोस्टेट चेयरमैन विजय कपूर ने झण्डी दिखाई।

श्री सनातनधर्म सभा मोहन मन्दिर ब्लाक-5 गोबिन्द नगर द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सबसे आगे विशाल सनातन धर्म का ध्वज था ।इसके बाद रामायण की झाकी, जिस पर सुन्दरकाण्ड मण्डली द्वारा भजन किया जा रहा था ।इसके बाद बैण्ड एवं रामचरितमानस के प्रंसगो के आधार पर बनाई गई विभिन्न प्रकार की मनोरम झांकियां थी जिसमें से प्रमुख माता दुर्गा जी साई दरबार, शबरी की कुटिया में राम लक्ष्मण (शबरी के बेर) कैलाश पर्वत पर शंकर जी, राजमहल में दशरथ जी विश्वामित्र वशिष्ठ जी, राम लक्ष्मण झांकी, अशोक वाटिका में सीता जी प्रमुख थी। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।पूरे गोबिन्द नगर क्षेत्र को झालरों व सनातन पताकाओं से सजाया गया था। व्यापार मंडलों द्वारा जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। शोभा यात्रा सनातन धर्म मोहन मंदिर से शुरू होकर नटराज, लेबर कालोनी, बाटा,चावला, नंदलाल होते हुए वापस मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से बलदेव राज मल्होत्रा, सुनील दीक्षित, रामकुमार पाठक, प्रकाश वीर आर्य , अंकुर खन्ना,दीपू पासवान, दिव्यांशु बाजपेयी, शम्मी मल्होत्रा,भारत भूषण कपूर, अनिल बजाज, सुशील भोला, मनोज ,विनोद धवन ,गुलशन बलूजा डॉ भूपेंद्र दुआ अनिल यादव नीरज चड्ढा,राकेश पाटनी अनिल कपूर संजय कत्याल आदि रहे

## 17 वर्षीय युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया, हालत गंभीर



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर के घाटमपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गणेशपुर गांव में एक कार्यक्रम के दौरान 17 वर्षीय युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया।

प्रिंस नाम का यह युवक विनोद सिंह का पुत्र है। रविवार दोपहर को उनके घर में आयोजित कार्यक्रम में डीजे बजाया जा रहा था। इसी दौरान प्रिंस डीजे बॉक्स पर चढ़ गया। वहां से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन घटना के बाद परिजन तुरंत युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्रिंस को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया है।

## टाटमिल पुल के समानांतर पुल बनाने के लिए नए ब्रिज का प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर में जाम की समस्या को खत्म करने के लिए नए-नए ओवरब्रिज प्रस्तावित किए जा रहे हैं। सेतु निर्माण निगम ने टाटमिल पुल के समानांतर पुल बनाने के लिए नए ब्रिज का प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। नए समानांतर पुल के बन जाने से जाम की समस्या को पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

125 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया गया

सेतु निर्माण निगम ने नए पुल के निर्माण में 125 करोड़ रुपए का आंकलन किया है। सेतु निर्माण निगम ने कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेज दी है। नए फाइनेंशियल ईयर में पुल के बजट को मंजूरी मिल सकती है। जिसके बाद डीपीआर बनाने का काम तेज किया जाएगा।

मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता की समिति प्रोजेक्ट का परीक्षण कर रही है। इस

### परीक्षण के बाद वित्त समिति जाएगी योजना

### 125 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया गया

समिति की मंजूरी के बाद डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में परीक्षण के बाद मंजूरी के लिए वित्त समिति के पास भेजा जाएगा।

एलिवेटेड पुल को भी स्वीकृति

गोल चौराहा से रामादेवी तक जीटी रोड के ऊपर 10.5 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड के निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके निर्माण पर करीब 3700 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसके बनने से जरीब चौकी, कोकाकोला चौराहा, टाटमिल चौराहा और अफीम कोठी पर जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

## भारतीय नव वर्ष पर शहर में 6 स्थानों से गीता संदेश यात्राएँ जेके मंदिर पहुंची

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास, के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस बार भी भारतीय नव वर्ष पर कानपुर महानगर में विशाल गीता संदेश यात्रा का आयोजन किया गया। आज शुभारम्भ दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नव वर्ष गीता संदेश यात्रा एवं सांस्कृतिक संध्या महोत्सव का आयोजन किया गया। अनेक यात्राएँ श्री राधा कृष्ण मंदिर में 5बजे से सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया।

श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास, के अध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल ने नेशनल एक्सप्रेस दैनिक समाचार पत्र के प्रभारी कानपुर मंडल डी के सिंह को बताया कि संस्था समाज में पावन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता जी के प्रचार-प्रसार के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कार्य कर रही है। संस्था द्वारा गत चार वर्षों से कानपुर समेत अन्य ज़िलों में भी लोगो के घरों में गीता ज्ञान यज्ञ, प्रदेशव्यापी गीता संदेश मानव श्रृंखला, गीता कर्मयोगी सम्मान, गीता जयंती वार्षिक स्मारिका, गीता मनीषियों द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा प्रति वर्ष भारतीय नववर्ष के दिन नववर्ष गीता संदेश यात्रा आदि कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो को जन संदेश आन्दोलन चलाया जा रहा है। अनेक स्थानों पर श्रीमद्भगवद्गीता सरस्वती ज्ञान मन्दिर गीता श्लोक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमे लाखो लोगो को श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से जागरूक किया गया है

संस्था के संरक्षक भवानी भीख जी ने बताया कि हमें अपनी संस्कृति और विरासत को सम्भाल कर रखना है तथा उससे हमे प्रेरणा लेनी है उन्होने कहा कि हमे गीता से जीवन जीने की कला सीखनी है और इस भारतीय नववर्ष महोत्सव में गीता जन संदेश आंदोलन को आगे बढ़ने वाले शहर के विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया ।

## ईद पर अपनों से मिलने जा रहे युवक की हादसे में मौत

कानपुर। अरौल थाना क्षेत्र में अपनों के साथ ईद मनाने आए युवक की सोमवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मुमताज (18) अपने घर से रिश्तेदारों से मिलने कन्नौज जा रहा था कि तभी सड़क किनारे खड़े कंटेनर से उसकी बाइक टकरा गयी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अरौल स्थित धर्मशाला गांव में रहने वाले रईस पेशे से दर्जी है। कस्बे में ही छोटी सी दुकान भी है। उनका 18 वर्षीय बेटा मुमताज राजधानी दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। इस बार उसने परिवार के साथ ईद मनाने की सोची थी। इसलिए कुछ दिन पहले वह छुट्टी लेकर गांव आया था। सोमवार को मुमताज ईद की नमाज अदा कर अपने रिश्तेदारों से मिलने बाइक से कन्नौज जाने के लिए निकला था। अभी वह सरैया दस्तमखा गांव के समीप ही पहुंचा था।

## 12 साल की नाबालिग को तीन युवक ने किया गैंगरेप

### वीडियो वायरल कर परिवार को जान से मारने की दी धमकी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। कानपुर के बिल्हौर में 12 साल की नाबालिग को तीन युवक घर से खींचकर खेत पर ले गए और गैंगरेप किया। इतना ही नहीं गैंगरेप का वीडियो भी बनाया। आरोपियों ने नाबालिग से कहा कि किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर दूंगा और परिवार को जान से मार दूंगा।

डरी सहमी नाबालिग बीते 25 दिनों से गुमसुम थी, इसी बीच उसके गैंगरेप का वीडियो आरोपियों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद उसने परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गैंगरेप के तीनों आरोपियों को रविवार देर रात अरेस्ट कर लिया। अब सोमवार को तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा। बिल्हौर थाना क्षेत्र में रहने वाली 12 साल की गैंगरेप पीड़िता के ताऊ ने मामले में 29 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके भाई का परिवार 6 मार्च को एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। घर पर 12 साल की भतीजी अकेले थी।

देर रात 9:30 बजे ढाकापुरवा गांव में रहने वाला रामजी, सूरज और हिमांशु यादव आए और पिता को पूछने लगे। किशोरी ने कहा कि वह शादी में गए हैं। घर में अकेले होने की बात पता चलते ही तीनों की नीयत बिगड़ गई और बच्ची को बहाने के बाहर से खींचकर खेत पर ले गए। वहां बने ट्यूबवेल में तीनों ने बच्ची के साथ गैंगरेप किया। बच्ची ने चीखने का प्रयास किया तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। तीनों आरोपियों ने बारी-बारी से हैवानियत की और इसका वीडियो भी बना लिया। धमकाते हुए कहा कि किसी को बताया तो सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल कर देंगे। इसके साथ ही परिवार के लोगों की हत्या करने की धमकी दी।

इसके बाद बहदवास हालत में बच्ची को छोड़कर भाग निकले। बच्ची किसी तरह घर पहुंची और मामले की जानकारी परिवार वालों को दी। लेकिन वीडियो वायरल होने के डर से परिजन ने भी चुप्पी साधे रहे। इतना ही नहीं गांव के लोगों ने आरोपियों के रसूखदार होने के चलते समझौता करा दिया। परिवार के लोग भी बदनामी के डर से चुप्पी साध लिए उधर आरोपी और बेखौफ हो गए और 28 मार्च को गैंगरेप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## कानपुर देहात रसूलाबाद में ईद उल फितर का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात रसूलाबाद में ईद उल फितर का त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाया गया। शाही ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की। पेश इमाम हाजी अब्दुल रऊफ खान बकाई ने नमाज कराई।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। ईदगाह के बाहर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मुस्लिम समुदाय को बधाई दी।पुलिस व प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। ईदगाह के सभी गेटों पर कड़ी निगरानी रखी गई ।पुलिस व प्रशासन की ओर से तहसीलदार संतोष सिंह, नायब तहसीलदार अभिनव चतुर्वेदी, सीओ राजीव सिरोही, कोतवाल अनिल कुमार समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। क्षेत्र के भीखदेव कहिंजरी, औझान, पहाड़ीपुर, उसरी, सेननाय मोहम्मद नगर समेत कई गांवों में भी शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई।

त्यौहार पर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर बच्चे ईदगाह पहुंचे और दुकानों से खरीदारी की। रसूलाबाद में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम परिवारों ने अपने हिंदू भाइयों को घर बुलाकर सेवईयां खिलाईं। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

## कानपुर में सकुशल ईद, नहीं हुई सड़कों पर नमाज ,चर्चा में टीम सीपी अखिल कुमार

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। आज यहां सोमवार को तगड़ी तैयारियों के साथ कमिश्नरेट पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने बीते सभी त्योहारों की तरह चुनौतीपूर्ण ईद उल फितर के त्यौहार को भी सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। इस मौके यहां लाखों लोगों की नमाज अदा करके मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। शासन की नीति आदेश और निर्देशों का सम्मान करते हुए यह नमाज सड़क पर नहीं बल्कि ईद गाहों के अंदर ही पढ़ी गई।

इसके साथ ही सेंट्रल जोन स्थित मरकज़ी ईदगाह पहुंचकर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार और डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों को स्नेहपूर्वक गोद में उठाकर ईद की मुबारकबाद दी तथा मुस्लिम पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नमाजियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

कुल मिलाकर प्रदेश के इस अति संवेदन जिले में बीते हर त्यौहार की तरह इस ईद उल फितर के त्यौहार को भी शांति और सद्भाव पूर्ण तरीके से संपन्न कराने में मिली सफलता ने यहां की कमिश्नरेट पुलिस का जोरदार स्वागत इसलिए किया ,क्योंकि इसके लिए यहां के बेहद जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार ने सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थीं।

यहां ईद उल फितर के त्यौहार के पूर्ण शांति और सकुशल सम्पन्न होने के बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि चुनौतीपूर्ण ईद जैसे त्यौहार को दूरदर्शिता पूर्ण अपनी तगड़ी तैयारियों के फलस्वरूप शांति पूर्ण सकुशल संपन्न कराने में सफल रहे कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार की गिनती देश प्रदेश के उन कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में की जाती है ,जो अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही और पीड़ितों की सहायता के मामले में सदैव अग्रणी रहते हैं।अपनी सफल सराहनीय सेवाओं और लोकहित वाली अपनी कार्यशैली तथा उपलब्धियों के फलस्वरूप कई मेडलों के भी यशस्वी धारक निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा वाले बेहद कर्मठ और ईमानदार यूपी सरकार की मंशा पर हर दृष्टिकोण से खरे कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार अपनी अबतक की जुझारू नौकरी के कार्यकाल में सभी त्योहारों, पर्वों और चुनावों आदि को भी बहुत शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के साथ ही सैकड़ों सफ़ेदपोश माफिया अपराधियों को भी भरपूर सबक सिखा चुके हैं। इसी क्रम में बेहद कड़ी सुरक्षा के बीच बीते सभी त्योहारों की तरह चुनौतीपूर्ण ईद का भी सकुशल संपन्न हो जाना भी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की विवेकशीलता, उनकी दूरदर्शिता, उनकी व्यवहार कुशलता और उनकी कर्मठता पूर्ण नेतृत्व कुशलता का ही प्रशंसनीय सार्थक परिणाम माना जाता है। वहीं ईद सकुशल संपन्न होने के बाद मुबारकबाद देने का सिलसिला भी इस महानगर में लगातार जारी रहा। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्री एस. एम. कासिम आबिदी, पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) श्री दिनेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# केंद्रीय व कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में नवनिर्वाचित महापौर ने संभाला पदभार

## जिले के विकास में दिन-रात कार्य करेगी ट्रिपल इंजन की सरकारः केंद्रीय राज्य मंत्री

**कविता**

फरीदाबादः जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार का साक्ष्य सोमवार को नगर निगम फरीदाबाद की नव निर्वाचित महापौर प्रवीण बत्रा जोशी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में देखने को मिला। उनको पदासीन कराने के लिए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर व खेल मंत्री गौरव गौतम के अलावा अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने महापौर को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए जिले को विकास कार्य तेज गति से पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनता ने ऐतिहासिक मतदान कर उन्हें जनसेवा का मौका दिया है। ऐसे में वह आश्वस्त हैं कि ट्रिपल इंजन की सरकार के कार्यकाल में फरीदाबाद के विकास को



मेयर को कुर्सी पर बैठाते केन्द्रीय मंत्री और राज्यमंत्री व अन्यः फोटो- ओमप्रकाश पांचाल

नए पंख लगेंगे। इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार दिन रात काम करेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्रत्येक पार्षद को एक-एक करोड़ रुपये की राशि अलॉट की जाएगी। उन्होंने स्थानीय क्षेत्रों का नेतृत्व करने वाले पार्षदों से आह्वान करते हुए कहा कि वह सभी क्षेत्र के विकास के लिए तत्काल काम करना शुरू करें। इसमें अधिकारी सहित सरकार का प्रत्येक प्रतिनिधि उनका सहयोग करे। राज्य के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने नवनिर्वाचित महापौर को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं देते हुए जनहित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता की ओर से चुन कर आई महापौर के जरिए अब जिले का ऐतिहासिक विकास होगा। यह फरीदाबाद क्षेत्र का स्वर्णिम समय है। अब विकास को पंख लगेंगे। राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार एक टीम की तरह कार्य करेगी। जनता पूरी तरह से आश्वस्त रहे। अब क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ सरमा, पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक धनेश अदलखा, विधायक सतीश फागना, विधायक हरेंद्र रामरतन, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, जिला अध्यक्ष फरीदाबाद पंकज रामपाल, जिला अध्यक्ष बल्लबगढ़ सोहनपाल सिंह, जिला अध्यक्ष गुरुग्राम पिंटू त्यागी, नीरा तोमर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर देवेन्द्र चौधरी, पूर्व डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, पूर्व विधायक चन्द्र भाटिया, गोपाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, ग्यासी राम शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, पूर्व जिला महामंत्री आर. एन.सिंह, जिला महामंत्री, भाजपा मनोज वशिष्ठ एवं सुरेन्द्र जांगड़ा, ओमप्रकाश रक्षवाल, जिला उपाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, योगेश लाठर, जिला महामंत्री महिला मोर्चा सीमा भारद्वाज व अलका भाटिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुनीता झा, अनीता शर्मा, प्रिया सहगल, मनीष छोंकर, गौरव चौहान, अमित आहूजा, विमल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में होगा काम

महापौर प्रवीण जोशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि फरीदाबाद का विकास खासकर साफ-सफाई व्यवस्था से लेकर स्थानीय निवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। फरीदाबाद शहर की जनता की उम्मीदों पर वह हमेशा खरा उतरने की कोशिश करेंगी। उन्होंने आज पद ग्रहण के अवसर पर मंत्रीगण, पार्षद गण और अधिकारियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।

## भड़के केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर, रो पड़ी पूर्व मेयर

**कविता**



फरीदाबादः मेयर के कार्यभार संभालने के समारोह में अलग अलग रंग देखने को मिले। जहां एकतर-फसांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जिलाध्यक्षों को कुर्सी न मिलने पर भड़क गए। वहीं मेयर पद की दावेदार व पूर्व मंत्री/बडखल विधायक रह चुकी सीमा त्रिखा और हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया कार्यक्रम में नहीं पहुंची, जोकि चर्चा का विषय था। वहीं मेयर रह चुकी अब पार्षद के पद पर चुनाव लड़ी सुमन बाला की आंखों में आंसू देखने को मिले।

दरअसल, नगर निगम फरीदाबाद मुक्रयालय पर मेयर के पदभार संभालने का समारोह सोमवार को आयोजित किगया था। जिसमें फरीदाबाद से भाजपा अध्यक्ष पंकज रामपाल और बल्लभगढ़ से प्रधान सोहनपाल छोकर को बैठने के लिए कुर्सी नहीं मिली। वह खड़े होकर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से बात करते रहे। यह देख कृष्णपाल गुर्जर ने नेताओं को डांटा कि जिलाध्यक्ष खड़ा रहे और तुम बैठे रहो, ऐसे अच्छा नहीं लगता। इसके बाद पिछली पंक्ति में बैठे नेता मायूस होकर उठकर मंच से चले गए। तब गुर्जर को पता चला कि दोनों को मंच पर बैठने के लिए कुर्सी नहीं मिली है। इस पर मंत्री ने दूसरी पंक्ति में बैठे नेताओं को डांटना शुरू कर दिया। इसके बाद भाजपा के एक बुजुर्ग नेता डॉ. कुलदीप जयसेन को कुर्सी खाली कर जाना पड़ा।

वह 30 साल से बीजेपी में हैं। इसके बाद दोनों जिला अध्यक्षों को कुर्सी मिल गई। इस दौरान प्रदेश के मंत्री विपुल गोयल और राजेश नागर स्टेज पर बैठकर सब कुछ देखते रहे। इसके बाद बुजुर्ग नेता स्टेज पर ही पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के पास जाकर बैठ गए। वहीं कार्यक्रम चल रहा था, तो पूर्व मेयर सुमन बाला की आंखों में आंसू नजर आए।

## नौवीं और 11वीं के रिजल्ट के संग बच्चों ने ली कैरियर काउंसलिंग

**कविता**




फरीदाबादः युवा या किशोर अपने करियर तथा पढ़ाई लिखाई को लेकर दुविधा की स्थिति में रहते हैं। वे यह तय नहीं कर पाते कि अब आगे क्या करें। बच्चों की इस समस्या को देखते हुए संजय कालोनी स्थित माडर्न बीपी पब्लिक स्कूल में चेयरमैन ओपी परमार और प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने बच्चों को आगे कॉलेज में कौन से कोर्स के लिए बढ़ना है और उन्हें किस विषय को लेकर पढ़ाई करनी है इसके लिए फरीदाबाद और उससे लगते जिलों के कॉलेजों से कैरियर काउंसलिंग के लिए काउंसलर बुलवा कर बच्चों और उनके अभिभावकों को काउंलिंग दिलवाई।

इसी के संग नौवीं और 11वीं कक्षा के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर बच्चों के वर्ष भर किए गए बेहतर कार्यों के लिए सक्वमानित किया गया। इस मौके पर एक खास बात ये देखने को मिली, कि एक -एक बच्चा कई कई चीजो में अपना हुनर दिखा रहे है, उनके प्रमाण पत्र इतने हो रहे थे, कि उन्हें संभालना भी मुश्किल हो रहा था। बच्चों के माता और पिता संग स्कूल के टीचर तक उन्हें लेकर खड़े नजर आए। इस बारें में जानकारी देते हुए माडर्न बीपी पद्बिलक स्कूल के प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने बताया कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ इस बात से अधिक परेशान रहते है कि वह आगे कौन से विषय को चुनेंगे।

उन्होंने कहा कि इसलिए ही ये कैरियर काउंसलिंग बच्चों की करवाई जा रही है कि वह स्वयं चयन कर सके। उन्होंने कहा कि यदि आप स्वयं अच्छी तरह से विचार करेंगे, तो करियर चयन को लेकर अपनी दुविधा को आसानी से दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपनी रुचि/रुचियों पर अच्छी तरह से विचार करें। वह क्षेत्र पालिटिक्स का भी हो सकता है और बिजनेस का भी या फिर आइएएस। वैसे अपनी रुचि और क्षमता के बारे में अच्छी तरह से सोचने के बाद ही कोई निर्णय लेना उचित होगा। इसलिए ही बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए यह कैरियर काउंसलिंग करवाई गई है।

## महापौर प्रवीण जोशी की अधिकारियों के साथ की पहली बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




फरीदाबादः नवनिर्वाचित महापौर ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद निगम अधिकारियों के साथ निगम सभागार में बैठक ली। महापौर की पहली बैठक में पहुंचने पर कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने महापौर का बुक्का देकर स्वागत किया। बैठक में निगम एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल और एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

महापौर प्रवीण जोशी ने अधिकारियों की बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि उनका सपना फरीदाबाद शहर को स्मार्ट सिटी बनाना है उन्होंने कहा कि क्लीन फरीदाबाद, ग्रीन फरीदाबाद पर कार्य करना है। महापौर जोशी ने कहा कि शहर में बारिश से पहले सभी नालों की सफाई कराई जाए और गंदगी के ढेरो को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए।

उन्होंने कहा कि शहरवासियों को हरियाणा की ट्रिपल इंजन की सरकार से का$फी उम्मीदें हैं और उनको पूरा करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पहली बार सीधे जनता ने अपना वोट देकर हमें चुना है और उसके बदले हमें जनता को विकास कराकर दिखाना है इसलिए अधिकारी अपने अपने इलाके में जितने भी बड़े खुले नालें हैं उनकी सफाई बारिश से पहले करवाना सुनिश्चित करें, ताकि बारिश के दौरान शहर में जलभराव ना दिखे और आमजन को कोई परेशानी ना हो।

हरियाणा सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। महापौर ने कहा कि $फरीदाबाद को इंदौर शहर की तर्ज साफ सफाई कराकर सुंदर बनाने की दिशा में कार्य करना है ताकि शहरवासियों से किए गए अपने वायदों पर हम खरा उतर सके।

जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय से काम करेंगे अधिकारी- निगमायुक्त ए मोना श्रीनिवास ने मेयर को आश्वस्त किया कि निगम अधिकारी सभी चुनिंदा प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर काम करेंगे।

साथ ही साथ जन हित के लिए सभी जरूरी कामों को पूरा करने में तेजी लाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में अधिकारी रियल टाइम फीड बैक भी लेंगे।

## शहरभर में दूसरे व तीसरे नवरात्रे की हुई पूजा

**कविता**



फरीदाबादः नवरात्रों के दूसरे दिन दूसरे और तीसरे नवरात्रे की पूजा धूमधाम से की गई। मंदिरों में दूसरे व तीसरे स्वरूप की धूमधाम से पूजा हुई। जिसमें शहरभर के मंदिरों में सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। पुजारियों ने बताया कि नवदुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी और तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की महिमा का गुणगान किया। मंदिरों में आरती में सैकड़ों भक्तों ने मां के जयकारों के लगाते हुए पूजा की। वैष्णो देवी मंदिरः सिद्धपीठ श्री वैष्णोदेवी मंदिर में प्रातकालीन आरती में सैंकड़ों श्रृद्धालुओं ने भाग लिया और मां ब्रह्मचारिणी और चंद्रघंटा की भव्य पूजा की। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि नवरात्रों के विशेष अवसर पर मंदिर के कपाट चौबीस घंटे खुले रहते हैं। उन्होंने बताया कि माता के दोनों स्वरूप का वर्णन किया। इस भव्य आयोजन में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के राजनीतिक सलाहकार डॉ कौशल बाटला, भाजपा पार्षद मनोज नासवा, रोहित भाटिया, नीरज भाटिया, बत्रा और धीरज ने माता रानी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए अतिथियों को माता की चुनरी और प्रसाद भेंट किया। भाटिया ने नवरात्रों के त्यौहार में पुलिस प्रशासन के सहयोग का भी आभार जताया। काली मंदिरः तिकोना पार्क में स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर में दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी और चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। मंदिर के प्रधान राकेश ने मां ब्रह्मचारिणी और चंद्रघंटा की पूजा करने से मिलने वाले फल को बताया। जिसमें उन्होंने मां के हर रूप की पूजा विधि और कथा का महत्व बताया।

### आज होगी मां कुष्माण्डा देवी की पूजा

नवरात्रों के चौथे दिन मां कुष्माण्डा देवी की पूजा अर्चना की जाती है। लेकिन इस बार मां कुष्माण्डा का चौथे दिन नहीं, बल्कि तीसरे दिन पूजा की जाएगी। इन्हें मां दुर्गा का चौथा स्वरूप माना जाता है। अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के लिए इनका नाम कुष्माण्डा पड़ा। ये अनाहत चक्र को नियंत्रित करती है। मां की आठ भुजाएं हैं इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहते हैं। एनएच-पांच स्थित श्रीराधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने बताया कि हरे कपड़े पहनकर मां कुष्माण्डा का पूजन करें। पूजन के दौरान मां को हरी इलाइची, सौंफ अर्पित करते हैं। इसके बाद उनके मुख्य मंत्र 'ॐ कुष्मांडा देव्यै नमःइ का 108 बार जाप करें। इससे बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ निर्णय क्षमता भी अच्छी हो जाएगी।

## नवसंवत्सर पर पन्हैड़ा कलां में पुस्तकालय का शुभारंभ



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः गांव पन्हैड़ा कलां में हिन्दू नववर्ष संवत्सर 2082 के विशेष दिन पर भगवान परशुराम पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर गांव के ही सूरज शर्मा को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर की नौकरी के लिए भारत वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त होने की खुशी में ग्रामीणों द्वारा पगड़ी बांध व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप शर्मा जिला पार्षद उपस्थित हुए तथा पुस्तकालय के लिए अलमारी तथा अन्य व्यवस्था की। इसी के साथ ग्राम पंचायत व समस्त ग्रामीणों ने पार्षद का फूल-मालाओं से तथा पगड़ी बांधकर स्वागत किया। संदीप शर्मा ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं, हमें निरंतर पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। पुस्तकों के अध्ययन से छात्र जीवन को अनुशासन मिलता है। युवाओं को चाहिए कि सूरज शर्मा की तरह कठीन परिश्रम कर गांव का नाम रोशन करना चाहिए। मंचसंचालन रघु शास्त्री ने किया और धर्मवीर सरपंच, अत्रि जी महाराज, जगदीश चेयरमैन, मा. अमीचन्द, नानक चन्द ने भी अपने विचार रखे। इस शुभ अवसर पर धर्मवीर सरपंच, स्वामी अत्रि जी, जगदीश चेयरमैन, मनफूल, ब्लॉक मैम्बर ओमकार, स्वामी राजेन्द्रा, मा. अमीचन्द, महेश दुधिया, किशन चन्द, रामकुमार मैम्बर, राहुल मैम्बर, रघु वत्स, नानकचन्द, ग्यालाल, दयाराम, मा. अनिल कुमार, शान्ति, बीरेन्द्र, भवीचन्द, सुरेश, चन्दन, योगेश, राजकुमार, शीशराम, धरम ठेकेदार, वेदपाल, लक्ष्मीकान्त, अशोक कुमार, चेतन आदि गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## किसान हित देखते हुए समन्वय बनाकर पारदर्शी तरीके से पूरा करें फसल खरीद कार्यः डीसी




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः उपायुक्त (डीसी) ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में मंडियों में एक अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं की खरीद संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों के अलावा बैठक में संबंधित आढ़ती, ट्रांसपोर्टर व खरीद एजेंसी के पदाधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने स्पष्ट किया कि किसान हित का ध्यान रखते हुए समन्वय बनाकर पारदर्शी तरीके से फसल खरीद का कार्य किए जाए। अव्यवस्था न फैले इसके लिए एसडीएम व मंडी सचिव फील्ड में तैनात रहें। डीसी ने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी तरह की परेशानी के लिए सक्षम अधिकारी को रिपोर्ट करें। इसके बाद भी समस्या बनी रहे तो तत्काल उन्हें सूचित करें। गोदाम में से मंडी में बारदाना पहुंचने में कोई देरी न हो इसके लिए भी डीसी ने बैठक के दौरान ही निर्देश देते हुए स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि गेहूं की आवक से पहले अधिकारी अपने स्तर पर मंडियों में बारदाना पहुंचने की रिपोर्ट दें। संबंधित एजेंसियों के पदाधिकारियों को भी फसल खरीद के दौरान ही नमी व गुणवत्ता परखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडी में फसल आवक के साथ उठान कार्य बिनी किसी परेशानी के पूरा होना चाहिए। फसल खरीद व उठान प्रक्रिया चेन वर्क है। ऐसे में सभी संबंधित आपसी समन्वय बनाएं। इसके लिए अधिकारी मंडी स्तर पर ही एक कमेटी गठित करें। यह कमेटी कार्य संपन्न होने तक प्रगति रिपोर्ट पर नजर रखे। उन्होंने कहा कि जिला की छह मंडियों में गेहूं की खरीद की जाएगी। इसमें बल्लभगढ़ अनाज मंडी, फतेहपुर बिलौच, फरीदाबाद एनआईटी, फरीदाबाद ओल्ड मंडी, मोहना और तिगांव मंडी में गेंहू की खरीद जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड और हरियाणा राज्य भंडारण निगम (एचएसडब्ल्यूसी) द्वारा की जाएगी। डीसी ने कहा कि आदेशों की पालना में कोताही बरतने पर जिम्मेदार कार्रवाई के लिए तैयार रहे। समीक्षा के लिए वह औचक निरीक्षण कर स्वयं भी जमीनी हकीकत परखेंगे। फसल खरीद हर वर्ष होने वाला कार्य है। ऐसे में इस कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह बीते वर्ष आई परेशानियों से सबक लेते हुए इस वर्ष सफलतापूर्वक कार्य को संपन्न करें। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, बड़खल एसडीएम त्रिलोक चंद सहित संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शहर में धूमधाम से मनाया ईद का त्योहार



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः शहर में ईद-उल-फितर धूमधाम से मनाई गई। ईद पर्व पर शहर में रौनक छाई रही। सोमवार को सुबह आठ बजे से ही मस्जिदों में रौनक छाने लगी। नमाज से पहले मौलाना ने नेकी व भाईचारे का पैगाम दिया। नमाज अता करने के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। फोन व मैसेज कर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। ओल्ड फरीदाबाद स्थित जामा मस्जिद जहांगीरी में सुबह दस बजे ईद की नमाज अदा की गई। इमाम ने कहा कि सभी मिलकर ईद मनाएं। आपसी भाईचारा कायम रखे। अपने वतन की तरक्की के लिए प्रयास करें। 60 फुट रोड जवाहर कालोनी मस्जिद में सोमवार को सुबह सवा नौ बजे ईद की नमाज अता की गई। इमाम साहब ने अल्लाह के फरमानों का जिक्र किया। कई जगहों पर नमाजियो के लिए मस्जिद में जगह नहीं बची तो आसपास के घरों की छतों पर जाकर ईद की नमाज अदा की गई। वहीं कुछ स्थानों पर नेता भी पहुंचे, उन्होंने कहा कि हर धर्म व मजहब हमें प्रेम व भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर पर्व को मिलजुलकर आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। ताकि देश की तरक्की हो। ऊंचा गांव स्थित जामा मस्जिद में इमाम ने अमन व चैन की दुआ की। इसके अलावा सराय ख्वाजा मस्जिद, ओल्ड फरीदाबाद पीर वाली मस्जिद, ओल्ड फरीदाबाद ईदगाह मस्जिद, एसजीएम नगर नूरे इलाही मस्जिद, सेक्टर-छह ईदगाह, धौज ईदगाह, बड़खल ईदगाह, फतेहपुर बिल्लौच मस्जिद, बल्लभगढ़ शहर मस्जिद, सेक्टर-छह ईदगाह, सेक्टर-तीन मस्जिद, में ईद की नमाज अता की गई।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 157 मरीजों का हुआ इलाज

नेशनल एक्सप्रेस

- नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेहटा कला में डॉ. एस.के. सिंह ने 45 मरीजों की जांच कर किया इलाज
- मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया : डॉ अमल पटेल

लालगंज(रायबरेली)। क्षेत्र के चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।इस मेले में 157 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं।नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेहटा कला में डॉ. एसके सिंह ने 45 मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया।इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबारा पश्चिम में डॉ. जी.के. चौरसिया ने 40 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित दवाएं दीं।जगतपुर भिचकौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. मुकेश ने 40 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं।वहीं,पूरे भैरो मिश्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 34 मरीजों का इलाज हुआ।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।सभी केंद्रों में कुल 157 मरीजों का इलाज किया गया।

# अनधिकृत ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ आज से चलेगा अभियान

नेशनल एक्सप्रेस

- मुख्यमंत्री ने नाबालिगों को टेंपो और ई-रिक्शा का संचालन न करने के दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई बैठक में अफसरों को सख्त निर्देश दिए थे कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था सरकार की पहली प्राथमिकता है, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके बाद, प्रदेश भर में अनधिकृत ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान आज 1 अप्रैल (मंगलवार) से शुरू होकर 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) संजय सिंह को मुख्यालय स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो प्रतिदिन जनपदों की मॉनिटरिंग करेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय को हर शुक्रवार को अभियान की रिपोर्ट भी भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किसी भी वाहन का स्टेयरिंग नाबालिगों के हाथों में न हो। इसके अलावा, टेंपो और ई-रिक्शा चालकों का वेरीफिकेशन कराया जाएगा और परिवहन विभाग के अधिकारी जनपद स्तर पर गठित टास्क फोर्स का हिस्सा होंगे।

### मुख्यालय से जनपद स्तर तक की जिम्मेदारी

इस अभियान की समग्र मॉनिटरिंग परिवहन विभाग द्वारा की जाएगी और जनपद स्तर के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत यह अभियान सख्ती से लागू किया जाएगा, जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

**मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के लिए विगत दिनों बैठक ली थी। इसमें उन्होंने अनधिकृत रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया था। यह अभियान पहली अप्रैल (मंगलवार) से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। मुख्यालय स्तर से इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जनपदों में भी संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/ प्रवर्तन) को अभियान की सफलता को लेकर निर्देश दिया गया है। हर शुक्रवार को शासन को इसकी रिपोर्ट भी प्रेषित की जाएगी। - ब्रजेश नारायण सिंह, परिवहन आयुक्त, उप्र**

# किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं : सीओ

नेशनल एक्सप्रेस



- पुलिस बल के साथ सीओ ने नगर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का दिया भरोसा
- सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजारों में की पैदल गश्त

लालगंज(रायबरेली)।ईद और नवरात्र पर्व में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों ने रविवार की शाम को नगर में फ्लैग मार्च किया।सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजारों में पैदल गश्त की।यह मार्च मेन रोड,नई बाजार, सराफा मंडी और चिकमंडी मोहल्ले से होकर गुजरा।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक और पुलिस कर्मियों ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं।ईद और नवरात्र को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।त्योहारों के मद्देनजर नगर की प्रमुख बाजारों,मंदिरों और मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है।संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है,ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।उन्होंने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों से भी सहयोग की अपील की।कहा कि अगर कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह,सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह,सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह,एसआई अमरेश द्विवेदी सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए तय की जाए जवाबदेही : केशव प्रसाद मौर्य

## जनता दर्शन कार्यक्रम में बोले उप मुख्यमंत्री, हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





लखनऊ । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, , भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक- एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना । जनता दर्शन मे 2, दर्जन से अधिक ज़िलों से लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# यूपी में एनएचएआई का टोल आज रात से हो जाएगा महंगा

नेशनल एक्सप्रेस



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 31 मार्च को रात 12 बजे के बाद से एनएचएआई के टोल की कीमतें बढ़ जाएंगी। एनएचएआई अपने सभी टोलों में कम से कम पांच रुपये की बढ़ोतरी कर रही है, और ये बढ़ोतरी गाड़ियों की क्षमता के हिसाब से बढ़ेगी। राहत की बात यह है कि इस बार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बीते वर्षों की तरह 10 प्रतिशत तक रेट नहीं बढ़ाए हैं, बल्कि बढ़ोतरी 3 से 5 प्रतिशत तक की गई है। टोल रेट की बढ़ी हुई दरें 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेंगी।

### इन टोल के जारी किए गए रेट

लखनऊ से जुड़ने वाले कानपुर-लखनऊ के नवाबगंज टोल, अयोध्या-लखनऊ के बाराबंकी में अहमदपुर टोल, अयोध्या रोहनिया टोल, लखनऊ में दक्षिण शेखपुरा टोल, बाराबंकी का साहबपुर टोल, अन्नी टोल प्लाजा बहराइच, दुलारपुर टोल प्लाजा बहराइच, गोलू पूरवा टोल प्लाजा बहराइच, बड़ागांव टोल प्लाजा बलरामपुर, बारा टोल प्लाजा बाराबंकी, असरोगा टोल प्लाजा सुल्तानपुर, बालीपुर टोल प्लाजा हरदोई, मानपुर टोल प्लाजा इटौंजा, कमलापुर सीतापुर के टोल रेट जारी किए गए हैं।

# सादगी, सहजता और सेवा के लिए लंबे समय तक याद किए जाएंगे गिरीश नारायण पाण्डेय : डॉ वी पी सिंह

नेशनल एक्सप्रेस



लालगंज/रायबरेली - आज शांति उत्सव लॉन, लालगंज में दिवंगत पूर्व कैबिनेट मंत्री गिरीश नारायण पांडेय एवं उनकी धर्मपत्नी वीणा पांडेय की शोक सभा का आयोजन हुआ जिसमें मनोरोग चिकित्सक व समाजसेवी डॉ वी पी सिंह ने पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ वी पी सिंह ने पूर्व कैबिनेट मंत्री गिरीश नारायण पाण्डेय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की साथ दो मिनट का मौन रखा गया। डॉ वी पी सिंह ने कहा कि श्री पाण्डेय लालगंज के ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के चहेते नेताओं में शामिल थे। उत्तर प्रदेश की राजनीति में वह बड़ा नाम थे।भाजपा के तमाम बड़े नेता उन्हें अपना आदर्श मानते थे।उनके सरल और मृदुल स्वभाव के कारण सभी लोग उन्हें पसंद करते थे। आज हमारे बीच उनके नहीं होने की कमी हम सब के लिए बहुत दुखदायी है। मंत्री जैसे पद पर रहने के बाद भी उनमें रत्ती भर में घमंड व विलासिता न थी।वह जनता के लिए बेहद सहज व सादगी पसंद थे। उनका कोई विरोधी न था।वह राजनीति के अजातशत्रु थे। गिरीश जी विशिष्ट होते हुए भी न केवल एक अति सामान्य व्यक्ति थे बल्कि एक चलती फिरती समाजसेवी संस्था भी थे। उन्हें जब भी किसी ने याद किया वे बिना स्वयं के परिवार की चिंता किये और बिना देरी किए तुरंत उसकी सेवा में हाजिर हो जाते थे। साथ ही इस दुख के घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही।

# ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ संगोष्ठी व वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम

## मां वीणा-वादिनी का माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि संगीता पाल द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ

## विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अभिभावकों को भाव विभोर कर देने वाले स्वागत गीत किए गए प्रस्तुत

नेशनल एक्सप्रेस



लालगंज(रायबरेली)।क्षेत्र में बहुचर्चित शिक्षण संस्थान ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल बाल्हेमऊ ऐहार में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीता पाल द्वारा मां वीणा-वादिनी का माल्यार्पण करके किया गया।कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अभिभावकों को भाव विभोर कर देने वाले स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए।विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंध तंत्र समिति की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत किए गए प्रयासों का उल्लेख किया।शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला।वहीं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर स्वदेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तथा छात्रों को समाज का कुशल मार्गदर्शक बनाने के लिए विद्यालय व अभिभावक दोनों का योगदान होना अति आवश्यक है।साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलावों के बारे में भी अभिभावकों को अवगत कराया गया।विद्यालय के प्रबंध तंत्र समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह द्वारा समस्त कक्षाओं के सभी वर्गों के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनको सम्मानित किया गया तथा चतुर्थ व पंचम श्रेणी के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।विद्यालय की पीआरओ दिव्यांशी तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।संगोष्ठी में मौजूद अभिवावकों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की और बताया कि सुनीता पाल ने इस वर्ष अपने बच्चे को प्रतिदिन स्कूल भेजा उसको प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया,उनसे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।कार्यक्रम का संचालन कर रही महलका अकबर ने शानदार शब्दों से कार्यक्रम को संबोधित किया।

# धर्मांतरण,लव जिहाद और गौ हत्या कतई बर्दाश्त नहीं: राकेश तिवारी

## विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक संपन्न, संगठन को मजबूती देने के लिए नए दायित्व की घोषणा

नेशनल एक्सप्रेस



रायबरेली। विश्व हिंदू परिषद की जिला योजना बैठक रविवार को जिले में संपन्न हुई।बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों,प्रशिक्षण योजनाओं और विभिन्न समितियों के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।प्रांत मंत्री देवेंद्र ने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संगठन के विस्तार और हिंदू समाज के सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि समाज में एकता और जागरूकता लाने के लिए सभी कार्यकताओं को समर्पित भाव से कार्य करना होगा।उन्होंने आने वाले समय में होने वाले प्रशिक्षण शिविरों और अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की।बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ हिंदू समाज की रक्षा और उसकी संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि धर्मांतरण,गौ हत्या और लव जिहाद जैसी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इन विषयों पर संगठन पूरी सतर्कता बरतेगा और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कदम भी उठाएगा।उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पूरी सक्रियता के साथ संगठन के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करें और समाज को इन बुराइयों से बचाने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।बैठक के दौरान संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दायित्वों की घोषणा की गई।इनमें अनुपम को जिला सह प्रचार-प्रसार प्रमुख,अरुण दास को जिला सत्संग प्रमुख,प्रेमशंकर शुक्ला को प्रखंड अध्यक्ष सतांव,अरुण को नगर मंत्री,रूपा को नगर संयोजिका और मुदित सिंह को प्रखंड संयोजक बछरावां नियुक्त किया गया।इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को और अधिक सशक्त करने की रणनीति बनाई गई।कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री धनंजय पांडेय ने किया।बैठक में जिले और प्रखंड स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे,जिनमें प्रांत सहमंत्री विवेक सिंह,जिला कार्याध्यक्ष महेश विश्वकर्मा,प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख हरिश्चंद्र शर्मा,प्रांत सह धमार्चार्य संपर्क प्रमुख दिनेश लोधी,विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी,जिला संयोजक विनोद मौर्य,दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका ऐश्वर्या मिश्रा,जिला सह मंत्री संतोष सोनी व जयशंकर श्रीवास्तव,जिला कोषाध्यक्ष राजनारायण शुक्ला,विभागाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी,जिला उपाध्यक्ष संजय तिवारी,जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख घनश्याम मिश्र और नगर अध्यक्ष आलोक साक्य शामिल रहे।

बैठक में संगठन की भावी योजनाओं पर गहन मंथन किया गया और तय किया गया कि हिंदू समाज की रक्षा के लिए सतत प्रयास किए जाएंगे।साथ ही,कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।प्रांत मंत्री देवेंद्र ने कहा कि आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण आयोजन किए जाएंगे,जिनमें हिंदू जागरण अभियान,गोसंरक्षण कार्यक्रम,धर्म रक्षा यात्रा और सामाजिक समरसता अभियान शामिल हैं।इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना होगा।बैठक में जिले और प्रखंडों से आए सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति रही,जिससे कार्यक्रम को व्यापक समर्थन मिला।बैठक के अंत में सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर हिंदू समाज की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।

## जसराना में अता की गई ईद उल फितर की नमाज



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। ईदुल फितर के मौके पर जसराना के साथ कस्बा पाढ़म में नमाज अता की गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी।

सुबह से ही जसराना के ईदगाह परिसर में मुसलिम समाज के लोग एकत्रित होना शुरू हो गए। तय समय पर ईद की नमाज अता की। इस दौरान देश में अमन और चैन की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। जसराना विधायक इंजी. सचिन यादव के साथ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ईदगाह पहुंचे और गले मिल ईद की बधाई दी। वहीं अन्य लोग भी ईदगाह पहुंचे और गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। वहीं कस्बा पाढ़म के साथ एका, फरिहा, मुस्तफाबाद में भी ईद की नमाज अता की गई। नमाज के दौरान एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि देश में अमन चैन बना रहे यही अल्लाह ताला से दुआ की है। वहीं ईदगाह परिसर में लगे मेले का भी लोगों ने एवं बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया।

# ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण रूप से संपन्न, लोगों ने मांगी अमन चैन की दुआ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**





फिरोजाबाद। पवित्र रमजान के महीने के बाद देशभर में ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है ।जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदगाहों /मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज सकुशल अदा की गई । इस दौरान गंगा यमुना की तहजीब पर तथा हिन्दू मुस्लिम भाईचारा की मिशाल के साथ लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले मिलकर ईद की बधाई दीं । सकुशल नमाज के संपन्न होने के उपरांत मुस्लिम धर्म गुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों तथा छोटे-छोटे बच्चों में ईद की खुशी देखने को मिली ।

महिलाओं ने भी एक दूसरी महिलाओं को गले मिलकर बधाई दी । वहीं राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने अपने समर्थकों को ईद की बधाई दी ।

**जनपद में कुल 244 स्थानों पर हुई ईद की नमाजः** ईद उल फितर के मौके पर फिरोजाबाद जनपद में भी 244 स्थान पर ईद की नमाज हुई। फिरोजाबाद शहर के गांधी पार्क स्थित ईदगाह पर रोजेदारों द्वारा नमाज अदा की गई। ईद के मौके पर हजारों की तादाद में मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे और नमाज अदा की।

शिकोहाबाद, टूंडला, जसराना, सिरसागंज फरिहा एका में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा करके एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। एसपी सिटी सर्किल में 162 मस्जिदों और 12 ईदगाहों में और एसपी ग्रामीण सर्कल में 10 ईदगाह और 60 मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। फिरोजाबाद शहर के गांधी पार्क स्थित ईदगाह पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा कराई गई। नमाज के दौरान फिरोजाबाद के जिला अधिकारी रमेश रंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिला अधिकारी विशु राजा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद सहित बड़ी तादाद में पुलिस प्रशासन के अधिकारी और पुलिसकर्मी तैनात रहे। शिकोहाबाद स्थित जामा मस्जिद में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश भदोरिया शिकोहाबाद, क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के साथ बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। ईद की नमाज अदा करके बाहर निकले नमाजियों ने कहा कि अल्लाह से देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई है देश में खुशहाली संपन्नता और भाईचारा बना रहे। देश में आपसी सद्भाव और गंगा जमुनी तहजीब और मोहब्बत कायम रहें।

## मुजाहिद अमन कमेटी ने दी ईद उल फितर की बधाई



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । जनपद में मुजाहिद अमन कमेटी के पदाधिकारियों ने एक दूजे को गले मिलकर दी ईद उल फितर की बधाई । इस दौरान अध्यक्ष डॉ एम एस अख्तर ने कहा कि यह मुस्लिम समुदाय का एक हर्ष उल्लास के साथ मनाए जाने वाला त्यौहार है तथा आज बहुत ही सादगी तथा शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर को नमाज अदा की गई । वहीं गंगा यमुना की तहजीब पर भाईचारा स्थापित किया गया इस दौरान हिंदू धर्म के भाइयों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले मिलकर ईद की बधाई दी । इस दौरान प्रशासन की बहुत चाक चौबंद व्यवस्था रही । पुलिस तथा प्रशासन के लोगों ने भी इस की बधाई दीं वहीं इस दौरान उनके द्वारा की गई व्यवस्था के लिए हमारी कमेटी उनका बहुत बहुत आभार व्यक्त करती है । इस दौरान बधाई देने वालों में भुवनेश चंद्रा, इस्हाक अली , मुकर्रम अली , हाजी शरिक, इमरान सिद्धकी, मु.नदीम राइन,मुहम्मद फैजान आदि के साथ पूरी टीम मौजूद रही ।

## बसपा नेताओं ने गले मिलकर दी ईद की बधाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। जनपद में बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने मस्जिदों पर पहुंच कर मुस्लिम समुदाय लोगों को ईद उल फितर की बधाई दीं । इस दौरान फिरोजाबाद मस्जिद पर अपने समर्थकों के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के अन्य सभी लोगों को बसपा नेताओं ने बधाई दी ।

इस दौरान यादवेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष बबलू सिंह गोल्डी राठौर जिला प्रभारी फिरोजाबाद गौरव जाटव जिला प्रभारी फिरोजाबाद जिला कोषाध्यक्ष साबिर कुरेशी जी जिला सचिव अमित भारती ताराचंद संखवार विधानसभा अध्यक्ष फिरोजाबाद लोकेश पीपल आलोक अंबेडकर राहुल राज प्रकाश निगम तथा अन्य बसपा नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## सरस्वती शिशु मन्दिर में हुआ परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



टूंडला ।विगत कई वर्षों से विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक व बालिकाओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता रहा है,इसी क्रम में विद्यालय के प्रांगण में प्रबन्ध समिति, अभिभावक व नगर के गणमान्य बंधुओं के सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ भंवर सिंह चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पवन कुमार अग्रवाल प्रबन्धक, के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण कर किया गया। व्यवस्थापक पवन कुमार अग्रवाल ने नगर पालिका अध्यक्ष के बैज लगाकर स्वागत किया। जिला व्यवस्था प्रमुख अम्बरीश कुलश्रेष्ठ ने सभी अतिथियों का चन्दन तिलक लगाकर स्वागत किया ।प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया व सफल पुरातन छात्रों के उदाहरण से बच्चों में जोश भर दिया ।इस अवसर पर कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले सभी बालक बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कक्षा में स्थान लाना बहुत ही सरल है परन्तु उस स्थान पर अपने आप को स्थापित रखना बहुत कठिन है इसलिए अभी से अपनी न्यूनताओं को दूर कर प्रगति पथ पर अग्रसर हों ।। कक्षा प्रथम में ज्योति यादव प्रथम द्वितीय दिव्याशू मीणा व आशीष निषाद व खुशी ने तृतीय स्थान पाया ।परीक्षा प्रमुख आकांक्षा दीक्षित ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा है ।विद्यालय में आये हुए अतिथियों का आभार विद्यालय के सह व्यवस्थापक वृन्दावन लाल गुप्ता ने किया ।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावक गण,पुरातन छात्रों के साथ अनेक गणमान्यों की उपस्थिति रही।

# रेलवे यार्ड में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मचा हड़कंप

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। जनपद के टूंडला कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन परिसर के पीडब्लूआई कार्यालय के पास बने यार्ड में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग लगातार बढ़ती चली गई। फिरोजाबाद और टूंडला फायर स्टेशन की दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं लेकिन इसके बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पूरा मामला टूंडला रेलवे जंक्शन पर पीडब्लूआई कार्यालय के पास बने यार्ड का है। रविवार देर शाम शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी सूखे पत्तों पर जा गिरी और पत्तों ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते पत्तों की आग से रेलवे यार्ड में रखें लकड़ी के स्लीपरों में भी पहुंच गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। रेलवे यार्ड में सैकड़ो की तादाद में रखे स्लीपर देखते ही देखते आग की चपेट में आ गए। आग इतनी भीषण हो गई के लगभग 700 वर्ग फुट से ज्यादा क्षेत्र में आग फैल गई। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग के विकराल होने की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद टूंडला के साथ-साथ फिरोजाबाद फायर स्टेशन की दमकल भी मौके पर बुलाई गई। पांच दमकल लगातार आग बुझाने का प्रयास करती रही लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियां लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रही थी लेकिन गाड़ियों का पानी कुछ ही देर में खत्म हो जाता और गाड़ियों को वापस पानी लेने के लिए अलग-अलग जगह पर जाना पड़ा। पानी की व्यवस्था करने में रेलवे के इंतजाम भी फेल नजर आए। दमकल की गाड़ियों के लिए पानी का इंतजाम नगर पालिका द्वारा कराया गया। आग बुझाने के लिए फायर कर्मियों ने जेसीबी बुलाकर यार्ड की दीवारों को तोड़कर आग पर पानी की बौछार जारी रखी लेकिन आग इतनी भीषण थी के दमकल की गाड़ियों का पानी कुछ ही मिनट में खत्म हो जाता। यार्ड में जेसीबी की मदद से दीवार तोड़कर आग को आगे फैलने से रोका गया। आग बुझाने में दो दर्जन से ज्यादा दमकल कर्मी और 6 दमकल की गाड़ियां जुटी रहीं। अग्निशमन विभाग के क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र पांडे दमकल कमीर्यों और पुलिस कर्मियों की मदद से आग बुझाने के लिए दिशा निर्देशित कर रहे थे। यार्ड में लगी आग से ट्रेनों के संचालन में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं आई।

## कचरा हैंडलिंग और निपटान प्रणाली को मजबूत बनाने पर जोर दिया जाए

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



वृंदावन/मथुरा। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृंदावन शशांक चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना सहित समाज कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि के साथ समीक्षा बैठक ली। प्रियंक कानूनगो ने बताया कि बदलती जीवनशैली के साथ खुदरा दुकानों के माध्यम से दैनिक उपयोग की वस्तुओं और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की खपत में वृद्धि हुई है। इन्हें कागज, प्लास्टिक, कांच, धातु और अन्य कंटेनरों में पैक किया जाता है और फेंकी गई पैकिंग सामग्री अक्सर कचरे के रूप में समाप्त हो जाती है और भूमि, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनती है। जबकि उनमें से अधिकांश को पुनः उपयोग के लिए रीसाइकिल किया जा सकता है और वे मूल्यवान कच्चे माल में पुनः प्रयोग में लाया जा सकता है। वर्तमान कचरा संग्रह, हैंडलिंग और निपटान प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ साथ मजबूत बनाने पर जोर दिया जाए। मुख्य रूप से पैकेजिंग सामग्री के पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग के सामाजिक-आर्थिक लाभों के साथ-साथ कमियों और परिणामों पर प्रकाश डाला गया। कानूनगो ने नगर आयुक्त से कहा कि अपशिष्ट प्रबंधन की रिसाइक्लिंग हेतु किसी एजेंसी को नामित किया जाए और बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाए। छोटी छोटी दुकानों से लेकर बड़े बड़े शोरूमों से कचरा लिया जाए। मथुरा जनपद के सभी मंदिर के आस पास से कूड़े को रिसाइक्लिंग किया जाए।


## न्यूज ब्रीफ

### दूसरे दिन भी उमड़ा मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। चैत्र नवरात्रों के दूसरे दिन टूंडला थाना क्षेत्र में उसायनी स्थित माता वैष्णो देवी धाम में माता के दरबार में दर्शन करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दूरदराज से महिलाएं पुरुष और बच्चे माता के दर्शन करने को उमड़ पड़े। हाथों में पूजा की थाली लेकर भक्त माता के जयकारे लगाते हुए और मंगल गान करते हुए माता के दरबार में हाजरी लगाने पहुंचे। भीड़ अत्याधिक होने के कारण पंक्तियों में श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश मिल रहा था। नन्हे मुन्ने बच्चे भी माता की भक्ति में झूम रहे थे। मंदिर प्रांगण के बाहर मेले जैसी स्थिति थी चहुंओर दुकानदारों ने दुकानें सजा रखी थी जिनपर माता की चुनरी, प्रसाद पूजा की थाली और ताजा फूलों की मालाएं श्रद्धालुओं को बेची जा रही थी। पुलिस ने संभाल रखी है कमान- वैष्णो देवी धाम ख्याति प्राप्त मंदिर है और प्रति वर्ष दर्शनार्थियों का हुजूम बढ़ता ही जा रहा है थाना पुलिस ने भी मेला प्रांगण और आस पास कमान संभाल रखी है। पुलिस के जवान और महिला पुलिस मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करते दिखे।

### सम्मान समारोह के साथ मेला तीज का हुआ समापन



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। ऐतिहासिक मेला तीज सिरसागंज का समापन रविवार को सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ है । प्राचीन ऐतिहासिक मेला तीज के समापन पर नगर पालिका परिषद सिरसागंज में नगर के गणमान्य लोग , मीडिया, स्कूल एसोसिएशन, मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदार तथा साफ सफाई का ध्यान रखने वाले सफाई कर्मचारी व पुलिस के पदाधिकारी सहित कई लोगों को जन संस्कृति परिषद सिरसागंज के पदाधिकारी ने पटका पहनाकर पुरस्कार वितरण किया । इस दौरान मेला अध्यक्ष संजय शर्मा, योगेश कुमार गुप्ता, महेश गर्ग, ज्ञानेंद्र उर्फ पप्पू, ईओ सिरसागंज, थाना प्रभारी वैभव सिंह, स्कूल एसोसिएशन के सदस्य व आदि लोग मौजूद रहे।

## इंडियन बैंक में धोखाधड़ी करने वाले कैशियर सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। थाना जसराना पुलिस और सर्विलांस पुलिस ने इंडियन बैंक कस्बा जसराना में धोखाधड़ी कर 1,85,97,900 रुपए का गबन करने वाले बैंक कर्मचारी तत्कालीन कैशियर सहित कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंडियन बैंक कस्बा जसराना के तत्कालीन शाखा प्रबन्धक व कैशियर द्वारा अन्य प्राइवेट लोगों के साथ संगठित गिरोह बनाकर खाताधारकों और शिकायकताओं के 91 खातों से करीब एक करोड़ 85 लाख सतानवै हजार नौ सौ रुपए का गबन किया था। शाखा प्रबन्धक व कैशियर खातों से गबन किए गए रूपयों को बैंक में प्रचलित गिरोह में शामिल सदस्यों के खातों में ट्रान्सफर कर देते थे। रूपयों को अपने गिरोह के कुछ ठेकेदार व कान्ट्रेक्टरों के खातों में ट्रासंफर कर उन रूपयों के एवज में तत्कालीन शाखा प्रबन्धक, कैशियर व अन्य साथियों ने ब्याज वसूल करके आर्थिक लाभ प्राप्त कर जनता के रूपयों का गबन किया।

कुछ दिन पूर्व वादी तरूण कुमार विश्नोई आगरा द्वारा थाना जसराना पर तहरीर दी गयी कि तत्कालीन शाखा प्रबन्धक इंडियन बैंक जसराना राघवेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम नगला गिरधारी पोस्ट मोटा, तहसील भौगाँव जनपद मैनपुरी व तत्कालीन कैशियर शाखा इंडियन बैंक जसराना जयप्रकाश सिंह पुत्र अमर सिंह, शक्ति नगर, पुरानी तहसील के पास टूंडला द्वारा इंडियन बैक कस्बा जसराना द्वारा अपने पद पर रहते हुए धोखाधड़ी करते हुए विभिन्न ग्राहकों के खातों से 1,85,97,900 रुपए का गबन कर लिया गया है। वादी की तहरीर के आधार पर थाना जसराना पर अभियोग पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में थाना जसराना पर दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने छानबीन के दौरान जयप्रकाश सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी शक्ति नगर पुरानी तहसील के पास कस्बा व थाना टूण्डला व विवेचना से प्रकाश में आए अन्य आकाश मिश्रा पुत्र सहेन्द्र मिश्रा निवासी इण्डियन बैंक के ठीक सामने घिरोर रोड, वीरबहादुर पुत्र ओमप्रकाश निवासी शिवनगर थाना कोतवाली नगर जनपद मैनपुरी, ठेकेदार प्रवीन कुमार पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी भैंडी थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद और कुवरपाल सिंह पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम भैडी थाना जसराना फिरोजाबाद को नगला रामा तिराह के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के आधार पर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा संगठित रूप से गैंग बनाकर अपने पद का दुरूपयोग कर इण्डियन बैंक कस्बा जसराना में प्रचलित खाताधारकों शिकायतकताओं और पीडितों के 91 खातों से करीब 02 करोड़ रूपयों की धोखाधडी कर गबन किया गया है।

## पुलिस ने पकड़ा करीब 01 करोड़ रुपये का अवैध गांजा, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस ने और एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट की टीम ने अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 तस्कर गिरफ्तार किए। तस्करों के कब्जे से 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 01 करोड़ रुपये है। तस्करों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, एक टाटा ट्रक व 3300 रुपये बरामद हुए हैं। तस्कर उड़ीसा से सस्ते रेट में गांजा खरीदकर 4-5 गुना मंहगे रेट पर बेचते थे।

जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन सक्रिय तस्करों जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र जलबीर सिंह निवासी बराखुर चिकसाना भरतपुर राजस्थान, अर्जुन पत्र सुरेश सिंह निवासी लधौली थाना इगलास अलीगढ, और धर्मेन्द्र पुत्र शंकर सिंह निवासी सैदपुर कासिमपुर थाना बल्देव मथुरा को आरोंज मोड़ हाइवे एनएच 19 थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। कब्जे से 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, 04 मोबाइल फोन, एक टाटा ट्रक बरामद किया गया है। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का एक ग्रुप है जिसका लीडर नरेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी लोहरा अवैरनी थाना बल्देव है। आरोपियों ने बताया कि यह ट्रक नरेन्द्र ने अपने परचित से गुड्डू चौधरी के माध्यम से एग्रीमेन्ट पर ले रखा है। नरेन्द्र का परिचित व्यक्ति जो अंगुल अडीसा का रहने वाला है उसी ने हमको यह गांजा अंगुल से लदवाया है इससे पहले करीब एक माह पूर्व भी ढाई कुन्तल गांजा लेकर आये थे तथा हम लोग काफी समय से उड़ीसा से गांजा लाकर आगरा मथुरा आदि क्षेत्र में बेचने का काम कर रहे हैं। हम लोग आपस में बातचीत फोन और व्हाट्सएप से करते हैं तथा पैसे का आदान-प्रदान नगद एवं यूपीआई के माध्यम से होता है ।पुलिस ने सभी को जेल भेजा है।

### नहर में नहाते समय युवक डूबा, युवक की खोज जारी

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद। बालाजी पर नेजा चढ़ाने आए एक युवक की गांव छीछामई पुल के पास नहर में नहाते समय नहर में डूब गया। जबकि उसके अन्य साथी बाल बाल बच गए। घटना से परिवार में कौहराम मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू कर दी है। सोमवार को सर्जन (18) पुत्र मंशाराम प्रजापति निवासी मोड़ा कनेटा थाना मटसेना अपने गांव के लोगों के साथ बालाजी मंदिर पर नवरात्रि पर नेजा चढ़ाने के लिए आया था। सभी लोगों ने नेजा चढ़ाने के बाद करीब आधा दर्जन युवक नहर में नहाने के लिए छीछामई नहर पुल के पास पहुँच गए। हालांकि नहर में वर्तमान समय में पानी नहीं है लेकिन युवक नहर में नहाते समय नहर में बने बड़े पानी के गड्ढे में पहुँच गया। जिससे वह पानी में डूब गया। युवक के पानी में डूबते समय उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन पानी अधिक होने के चलते वह आगे नहीं जा सके। जिसके चलते युवक पानी में डूब गया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कौहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुँच गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने युवक की खोजबीन शुरू कर दी है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि बालाजी मंदिर में नेजा चढ़ाने आया एक युवक नहर में डूब गया है। नहर में पानी नहीं है लेकिन पुल के पास बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिसमें वह जाकर डूब गया है। युवक को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़, प्राथमिकी दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। किशोरी की मां ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च को वह खेत पर काम करने गई थी और 16 वर्षी किशोरी घर पर अकेली थी, तभी पड़ोस के युवक उपदेश ने मेरी बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

# मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों का किया भ्रमण,लोगों से मुलाकात कर दी बधाई एवं शुभकामनायें

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ईद-उल-फितर के अवसर पर खानकाह-मुजीबिया फुलवारीशरीफ जाकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह आयतुल्ला कादरी से मुलाकात कर उनकी दुआयें ली और ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दी।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज स्थित एदार-ए-शरिया पहुंचकर वहां के सदस्य डॉ.फरीद अमानुल्लाह एवं पूर्व विधान पार्षद गुलाम रसूल बलियावी से मुलाकात कर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।एदार-ए-शरिया के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और राज्य की तरक्की के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनका आभार जताया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री मित्तन घाट,पटना सिटी स्थित खानकाह-ए-मुनएमिया पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं हजरत सैयद शाह शमीमुद्दीन अहमद मुनअमी के साथ मिलकर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की दुआ की।साथ ही वहां मौजूद लोगों को ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।इसके पश्चात मुख्यमंत्री तकिया शरीफ,मित्तन घाट,पटना सिटी स्थित खानकाह बारगाहे इश्क पहुंचकर वहां के सज्जादा नशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद सहित अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इसके पश्चात मुख्यमंत्री एक्जीविशन रोड स्थित डॉ.अहमद अब्दुल हई के आवास,आशियाना दीघा रोड स्थित डॉ.मो.ग्यासुद्दीन रई साहब के आवास,आशियाना दीघा रोड स्थित पूर्व सांसद अहमद अशफाक करीम के आवास,दानापुर छावनी स्थित हाजी मोहम्मद इलियास उर्फ सोनू बाबू के आवास,बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अब्बास एवं बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो. इशार्दुल्लाह के आवास पर जाकर ईद की बधाई एवं शुभकामनायें दीं।ईद-उल-फितर के अवसर पर विभिन्न जगहों पर भ्रमण के दौरान ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी,विधान पार्षद गुलाम गौस,पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम रसूल वलियाबी,पूर्व मंत्री श्याम रजक,जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह,वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खुदा इस मुबारक दिन पर अपनी रहमतों की बारिश करें और राज्य में सुख,शांति एवं समृद्धि आए:हिफजुर रहमान

**नेशनल एक्सप्रेस/सोनी कुमार वर्मा**



जमुई कार्यालय।ईद के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों को तथा विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।खुदा इस मुबारक दिन पर हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और राज्य में सुख,शांति एवं समृद्धि आए।

यह उक्त बातें जमुई के लोकप्रिय समाजसेवी हिफजुर रहमान ने मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुए कही।मो.रहमान ने कहा कि यह त्योहार हमें आत्मसंयम,त्याग और उदारता का संदेश देता है।मेरी कामना है कि ईद-उल-फित्र सबके जीवन में सुख,शांति और समृद्धि लेकर आए।इस अवसर पर हम सभ्य,सद्भावनापूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण का संकल्प लें।बताते चलें कि समाजसेवी हिफजुर रहमान की जिले में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने में इनकी बड़ी अहम भूमिका रही हैं।गौरतलब हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन्हें राजधानी पटना में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए सम्मानित कर चुके हैं।जिला प्रशासन के सहयोग के लिए हमेशा सक्रिय रहने वाले समाजसेवी हिफजुर रहमान ने पिछले दिनों भी अपनी सूझबूझ से शरारती तत्वों के नापाक हरकतों पर पानी फेर दिया।जिसकी सर्वत्र बुद्धिजीवी समाज के लोगों में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने पटना विश्व विद्यालय छात्र संघ चुनाव में विजयी उम्मीदवारों को दी हार्दिक बधाई

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर सुश्री मैथिली मृणालिनी,महासचिव पद पर सुश्री सलोनी राज एवं कोषाध्यक्ष पद पर सुश्री सौम्या श्रीवास्तव द्वारा जीत दर्ज करने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में महिला उम्मीदवारों का बेहतर प्रदर्शन महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है।महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं।पहली बार पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के 05 में से 03 महत्वपूर्ण पदों पर महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।

### सिविल सर्जन के सरकारी आवास में लगी भयंकर आग,कई एम्बुलेंस जलकर खाक

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

पटना(बिहार)।सोमवार की दोपहर समस्तीपुर सिविल सर्जन के सरकारी आवास में अचानक आग लग गई।इस दौरान सिविल सर्जन के आवासीय परिसर में खड़ी कई पुरानी एम्बुलेंस जलकर राख हो गई।आग तेजी से फैलते हुए आसपास के झाड़ियों और पेड़ पौधों को भी अपने चपेट में ले लिया।सिविल सर्जन आवास के अगल बगल भी अधिकारियों के आवास होने की वजह से चारो तरफ अफरातफरी मच गई।तेज पछुआ हवा के कारण आग फैलने लगी।आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई।मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि आग कैसे लगी।

### ऑपरेशन भौकाल के तहत बाड़मेर पुलिस की बड़ी सफलता

## 5 प्रकरणों मे वांछित 25 हजार रुपए के ईनामी दुर्जन सिंह ने किया एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर(राजस्थान)।ऑपरेशन भौकाल के तहत बाड़मेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले के 5 प्रकरणों में वांछित 25 हजार रुपए के ईनामी एवं जिला स्तर के टॉप 10 वांटेड बदमाश दुर्जन सिंह पुत्र भीम सिंह निवासी केलनोर थाना बीजराड़ ने एसपी नरेंद्र मीना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि वांछित ईनामी अपराधियों की धरपकड़ के लिए आईजी जोधपुर रेंज के निदेर्शानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत 5 प्रकरणों में वांछित 25 हजार रुपए के ईनामी व जिला स्तर के टॉप-10 में



चिन्हित अपराधी दुर्जन सिंह की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी।इनामी बदमाश दुर्जन सिंह थाना कोतवाली,सदर,ग्रामीण,बीजराड़ तथा जिला जैसलमेर के पुलिस थाना कोतवाली के प्रकरणों में वांछित अपराधी था।पुलिस के शिकंजा कसने के परिणाम स्वरूप सोमवार को इसने उनके कार्यालय मे आकर आत्मसमर्पण कर दिया।इनामी बदमाश को थाना कोतवाली बाड़मेर में गत वर्ष दर्ज हत्या का प्रयास करने के प्रकरण में गिरफ्तार कर अग्रिम अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है।गिरफ्तार आरोपी दुर्जन सिंह आले दर्जे का बदमाश है, जिसके विरूद्ध कुल 8 प्रकरण दर्ज है। जिसमें थाना कोतवाली व सदर पर 2-2 एवं थाना सेड़वा,बीजराड़ व ग्रामीण बाड़मेर एवं थाना कोतवाली जैसलमेर मे 1-1 प्रकरण दर्ज है।

## राजद-कांग्रेस के शासनकाल में चीनी मिलों का कब्रगाह बना बिहार : मंगल पाण्डेय

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

- लालू-राबड़ी के राज में उत्तर बिहार की आधा दर्जन चीनी मिलों में लटक गया था ताला
- जंगल राज के भय व दहशत से मिलरों, उद्योगपतियों ने किया था पलायन

पटना(बिहार)।स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि राजद-कांग्रेस के शासनकाल(1985-2005) के 20 वर्षों में उत्तर बिहार जो कभी चीनी का कटोरा कहलाता था यहां की आधा दर्जन चीनी मिलें एक-एक कर बंद हो गईं।जंगल राज के भय व दहशत से मिलरों व अन्य उद्योगपतियों का बड़ी संख्या में बिहार से पलायन हुआ।श्री पांडेय ने कहा कि एक जमाने में उत्तर बिहार में 16 चीनी मिलें चलती थीं,उनमें से 7 लालू-राबड़ी के राज में बंद हो चुकी थीं।मिलें बंद होने का असर न सिर्फ रोजगार पर पड़ा,बल्कि लाखों



किसान नकदी फसल की खेती से अलग हो गए।उन्होंने कहा कि पश्चिम चंपारण में नरकटियागंज,लौरिया,मझौलिया,चनपटिया,बगहा और रामनगर में कुल छह चीनी मिलें थीं।चनपटिया चीनी मिल वर्ष 1994 से बंद है।मधुबनी की लोहट चीनी मिल भी जंगल राज के दहशत के दौर में 1996 में जो बंद हुई,आज तक बंद है।मुजफ्फरपुर की मोतीपुर चीनी मिल में सन-1997 से पेराई ठप हो गई।समस्तीपुर जिला मुख्यालय स्थित चीनी मिल में 1985(कांग्रेस के शासनकाल)से ताला बंद है।श्री पांडेय ने कहा कि लालू-राबड़ी राज में सबसे बुरी स्थिति मिथिलांचल की रही।कभी यहां की सकरी और रैयाम चीनी मिलों का नाम था।वर्ष 1993 में सकरी और एक साल बाद 1994 में रैयाम में तालाबंदी हो गई।राजद को बताना चाहिए कि यह किसका कार्यकाल था?पूर्वी चंपारण में भी ऐसा ही देखने को मिला।सात चीनी मिलें लालू-राबड़ी और कांग्रेस के राज में तालाबंदी का शिकार हुई।राजद के दहशत भरे राज में अपराध,भ्रष्टाचार, फिरौती के लिए अपहरण और लूट-खसोट से जहां बिहार के लोग तबाह थे वहीं चीनी मिलों की बंदी ने लाखों गन्ना किसानों व मिलों में कार्यरत करीब एक लाख कामगारों के परिजनों को भुखमरी के गर्त में धकेल दिया।आज उसी राजद,कांग्रेस को उद्योग,पलायन,रोजगार व किसानों की बातें करते हुए शर्म भी नहीं आ रही है।

# खेल

## न्यूज ब्रीफ

### मुंबई के खिलाफ केकेआर 116 रन पर आउट

मुंबई (भाषा ) गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के इस सत्र के पहले घरेलू मैच में 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया । मुंबई के लिये पदार्पण करने वाले अश्वनी कुमार ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिये । केकेआर के लिये अंगकृष रघुवंशी ने सर्वाधिक 26 रन बनाये ।

### श्रीभूमि एफसी ने नीता एफए को हराया

बैरकपुर (पश्चिम बंगाल) (भाषा) मौसमी मुर्मू के दो गोल की मदद से श्रीभूमि एफसी ने सोमवार को यहां विभूतिभूषण स्टेडियम में इंडियन्स वुमेन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) फुटबॉल मैच में नीता फुटबॉल अकादमी को 4-2 से हराकर तीन मैच में पहली जीत दर्ज की। मेजबान टीम मध्यांतर तक 3-1 से आगे थी। मौसमी ने 33वें मिनट के अलावा पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा। टीम के लिए सांद्रा एटिंगा (42वें मिनट) और बाला देवी (52वें मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। नीता फुटबॉल अकादमी के लिए मनीषा नाईक (34वें मिनट) और जूली किशन (58वें मिनट) ने गोल किए।

### अपना स्ट्राइक रेट बेहतर करना चाहता हूं : उमरजई

नयी दिल्ली (भाषा) अफगानिस्तान और पंजाब किंग्स के हरफनमौला अजमतुल्लाह उमरजई वनडे प्रारूप में मिली सफलता को टी20 में दोहराना चाहते हैं और उसके लिये वह अपनी रफ्तार के साथ बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट पर भी मेहनत कर रहे हैं । पिछले 12 महीने उमरजई के लिये बेहतरीन रहे जिसमें उन्हें आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार मिला । यह पुरस्कार पाने वाले वह अफगानिस्तान के पहले खिलाड़ी हैं । वह आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष हरफनमौला भी हैं ।

## शम्मी सिल्वा को लगातार चौथी बार एसएलसी अध्यक्ष चुना गया

कोलंबो (भाषा) शम्मी सिल्वा को सोमवार को यहां 64वीं वार्षिक आम सभा में श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एसएलसी ने कहा कि उन्हें 2025-27 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुना गया।

यह अध्यक्ष के रूप में उनका लगातार चौथा कार्यकाल है और तीसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया है। सिल्वा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के वर्तमान प्रमुख भारत के जय शाह के सहयोगी के रूप में देखा जाता है। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में शाह की जगह ली थी।

सिल्वा का कार्यकाल 2023 में तत्कालीन खेल मंत्री रोशन राणासिंघे के साथ उनके टकराव से प्रभावित



रहा था। विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ श्रीलंका की बड़ी हार के बाद मंत्री ने एक अंतरिम समिति की नियुक्ति की थी जिसके कारण श्रीलंका को आईसीसी से निलंबित कर दिया गया था।

आईसीसी के निलंबन के बाद पिछले साल जनवरी में श्रीलंका में होने वाला अंडर-19 पुरुष विश्व कप दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया गया।

बाद में खेल मंत्री को बर्खास्त कर दिया गया और अदालत ने सिल्वा की अगुआई में एसएलसी प्रशासन को बहाल कर दिया। श्रीलंका द्वारा 1996 का विश्व कप जीतने के बाद से स्थानीय व्यापार जगत के शीर्ष लोगों के बीच एसएलसी में पद पाना प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। प्रतिद्वंदी खेमों के बीच वार्षिक चुनावों में बहुत कटुता रही है।

वर्ष 1998 में देश की तत्कालीन राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा का सुरक्षा विभाग एजीएम में शामिल हो गया जिसके परिणामस्वरूप प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच हाथापाई हुई।

## धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते : फ्लेमिंग

गुवाहाटी (भाषा) चेन्नई सुपरकिंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुलासा किया कि महेंद्र सिंह धोनी पूरी ताकत से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते क्योंकि उनके घुटने में समस्या है और यह पूर्व कप्तान मैच की स्थिति के आधार पर अपना बल्लेबाजी क्रम तय करता है। पिछले सप्ताह चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सुपरकिंग्स की 50 रन की हार के दौरान नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए 43 वर्षीय धोनी को आलोचना का सामना करना पड़ा था।

रविवार को धोनी ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी की जब सुपरकिंग्स को 25 गेंद पर 54 रन की जरूरत थी लेकिन वह 11 गेंद पर सिर्फ 16





रन ही बना सके और टीम को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करना पड़ा।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह समय की बात है। धोनी इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं। वह ठीक से मूव कर रहे हैं लेकिन इसमें पोषण संबंधी पहलू भी है। वह पूरी ताकत के साथ 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इसलिए वह उस दिन आकलन करते हैं कि वह हमें क्या दे सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैच आज की तरह संतुलन में है तो वह थोड़ा पहले जाएंगे और जब अवसर आएंगे तो वह अन्य खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे इसलिए वह संतुलन बना रहे हैं। मैंने पिछले साल कहा था कि वह हमारे लिए बहुत मूल्यवान हैं, (उनकी) नेतृत्वक्षमता और विकेटकीपिंग के साथ, उन्हें नौवें-10वें ओवर में उतारना उचित नहीं है।

फ्लेमिंग ने कहा, देखिए वह 13वें, 14वें ओवर के बाद से रन बनाने की कोशिश कर रहा है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन खेल रहा है। रॉयल्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाए जबकि सुपरकिंग्स की टीम एक विकेट पर 42 रन ही बना सकी और फ्लेमिंग ने माना कि उन्होंने पावरप्ले में मैच गंवा दिया।

## उत्तर प्रदेश द्वारा अनदेखी के बाद जीशान ने आईपीएल में छोड़ी छाप

नयी दिल्ली (भाषा) जीशान अंसारी 2016 में 16 साल की उम्र में भारतीय अंडर-19 विश्व कप टीम के सबसे कम उम्र के सदस्य थे जिस टीम के कई सदस्यों ने बाद में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। ऋषभ पंत, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, सरफराज खान, आवेश खान और खलील अहमद जहां अगले स्तर पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रहे थे तो वहीं जीशान गुमनामी में खो गए। तब से उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए सिर्फ पांच रणजी ट्रॉफी मैच और एक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबला खेला है।

लखनऊ के हजरतगंज का यह लेग स्पिनर उस टीम में आकर्षण का केंद्र नहीं था जिसके छह खिलाड़ियों ने बाद में विभिन्न प्रारूप में भारत की सीनियर टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला। वर्षों की गुमनामी के बाद रविवार की दोपहर अब 25 वर्षीय और बेहतर कद-काठी वाले अंसारी ने आईपीएल में पदार्पण करते हुए फाफ डु प्लेसिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क और लोकेश राहुल जैसे उम्दा बल्लेबाजों को आउट किया लेकिन उनकी टीम सनराइजर्स को हार का सामना करना पड़ा।

जीशान गेंद को फ्लाइट करने से नहीं डरते और इससे पूर्व अंडर-19 भारतीय चयनकर्ता और उत्तर प्रदेश के दिग्गज ज्ञानेंद्र पांडे उस समय प्रभावित हुए थे। उन्हें जूनियर राष्ट्रीय टीम के लिए चुना गया था। भारत के लिए 1999 में दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पांडे ने कहा, उसे ईद से पहले ईदी मिल गई। वह काफी कड़ी मेहनत करने वाला गेंदबाज है। उन्होंने कहा, मैं इस बात में नहीं पड़ना चाहता कि उन्होंने इतने वर्षों में घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए अधिक मैच क्यों नहीं खेले लेकिन वह मेरठ मैवरिक्स के लिए यूपी टी20 लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद के स्काउट्स ने उन्हें चुना।

हजरतगंज में एक दर्जी के बेटे जीशान ने पांच रणजी मैच में 17 विकेट लिए जो कि शानदार प्रदर्शन तो नहीं हैं लेकिन फिर भी 2020 से किसी भी प्रारूप में मौका नहीं मिलने से सवाल उठ सकते हैं। उत्तर प्रदेश के एक अन्य पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा, कुलदीप (यादव) अधिकतर समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यस्त रहता था लेकिन पता नहीं क्यों हमारे कोच सुनील जोशी (भारत के पूर्व स्पिनर) को इस लड़के में कुछ खास नहीं दिखा। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि अब उसे कुछ खास मिलेगा। मेरा मानना है कि विप्पी (दिल्ली कैपिटल्स के विपराज निगम) और जीशान दोनों एक साथ उत्तर प्रदेश के लिए खेल सकते हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण में जीशान को लगभग 12 साल की उम्र में कलाई की स्पिन का पहला पाठ पढ़ाने वाले उनके बचपन के कोच गोपाल सिंह ने कहा कि उनके शिष्य के लिए यह बहुत ही विचित्र स्थिति बन गई थी। गोपाल ने कहा, 2016 में अंडर-19 विश्व कप से वापस आने के बाद उसने रणजी ट्रॉफी खेली और अच्छा प्रदर्शन किया। अगले सत्र में उसने एक भी मैच नहीं खेला, अंडर-19 या अंडर-23 भी नहीं। उसने रणजी ट्रॉफी खेली थी इसलिए लोगों ने सोचा कि उसे अंडर-19 में वापस क्यों जाना चाहिए लेकिन फिर उसे सीनियर टीम के लिए भी नहीं चुना गया।

## यह शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी थी, नितीश राणा के बारे में विलियमसन ने कहा

नयी दिल्ली (भाषा) न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नितीश राणा की प्रशंसा करते हुए उनकी 36 गेंद में 81 रन की पारी को शीर्ष स्तर की बेहतरीन पारी कहा और चेन्नई सुपरकिंग्स पर छह रन की जीत का श्रेय राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण को भी दिया।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नितीश ने आक्रामक पारी खेली जिससे रॉयल्स ने नौ विकेट पर 182 रन बनाए और फिर सुपरकिंग्स को छह विकेट पर 176 रन पर रोककर सत्र की पहली जीत दर्ज की।

वानिंदु हसरंगा के चार विकेट और कार्यवाहक कप्तान रियान पराग का शिवम दुबे का एक हाथ से शानदार कैच लपकने सहित टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने जीत में अहम भूमिका निभाई।

सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के लिए खेल चुके विलियमसन ने ह्यजियोहॉटस्टारह्व पर कहा, नितीश स्पिन के खिलाफ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने अपनी पारी की शुरूआत तेज गेंदबाजी के खिलाफ की, गति का अच्छा इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, शायद बाएं हाथ, दाएं हाथ के संयोजन के कारण वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। यह शीर्ष स्तर की एक बेहतरीन पारी थी।

विलियमसन ने कहा, राजस्थान रॉयल्स के पास कई अन्य प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं, लेकिन आज नितीश मैच विजेता थे। इस तरह के मैच में जहां ऐसी विकेट पर गलती की गुंजाइश काफी कम थी वहां मेरा मानना है कि राजस्थान रॉयल्स के क्षेत्ररक्षण ने उन्हें जीत दिलाई।

सुपरकिंग्स को जब 12 गेंद पर 39 रन चाहिए थे तब महेंद्र सिंह धोनी (16) ने शॉर्ट थर्ड मैन पर एक चौका और तुषार देशपांडे की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर लंबा छक्का लगाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। धोनी के तेज पर बात करते हुए विलियमसन ने कहा, सुपरकिंग्स विरोधी के मैदान पर खेल रहे थे, फिर भी अधिकतर दर्शक पीले रंग की पोशाक में थे, यह अविश्वसनीय था। हमने इसे पहले भी कई बार देखा है। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि धोनी एक ओवर में 20 रन बनाकर मैच को खत्म कर देगा- उसने ऐसा कई बार किया है। लेकिन यह एक मुश्किल काम था क्योंकि आखिरी दो ओवर में 40 रन चाहिए थे। फिर भी उसे आउट होते देखना खास था। मैं केवल कल्पना कर सकता हूं कि जब वह क्रीज पर हो तो किसी भी विपक्षी टीम के लिए स्कोर का बचाव करना कितना डरावना होगा।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायुडू का भी मानना है कि क्षेत्ररक्षण ने मैच में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया।

सुपरिंग्स के पूर्व खिलाड़ी रायुडू ने कहा, जब आप कोई करीबी मैच खेल रहे होते हैं, तो ये एक प्रतिशत चीजें काफी मायने रखती हैं।

नई दिल्ली, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''संविधान हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। केवल अधिकारों की मांग से राज्य तबाह हो जाते हैं, जैसा कि हमने कई उदाहरणों में देखा। कर्तव्यों का पालन ही देश को समृद्ध बनाता है।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।




# मन को जीवंत रखने के लिए अध्यात्म विचारों अर्थात सत्संग भागवत भजन से खुद को चार्ज करें: भाई जी रमेश भाई ओझा













नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एकल श्री राम कथा का तीसरा दिन

**नई दिल्ली।** एकल अभियान के अंतर्गत संचालित भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा शिक्षित, स्वस्थ एवं स्वावलंबी राष्ट्र निर्माण के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाये जा रहें 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में पर भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 चैत्र नवरात्रि पर नई दिल्ली के पंजाबी बाग स्टेडियम रिंग रोड नई दिल्ली में गुजरात के सुप्रसिद्ध कथा व्यास भाईजी रमेश भाई ओझा के सानिध्य में आयोजित भव्य एकल रामकथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचें।

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु एकल विद्यालय के निमित्त पंजाबी बाग स्टेडियम में चल रही 'एकल श्री राम कथा ' के तीसरे दिन अद्भुत राष्ट्रोनामुखी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसे देखकर सभी अभिभूत हो गए।

कथा वाचक पूज्य भाई श्री रमेश भाई ओझा जी ने कहा कि जैसे मोबाइल का प्रयोग करने के बाद उसे चार्ज करने की जरूरत पड़ती है ठीक उसी प्रकार से हमें अपने शरीर को जीवंत रखने के लिए अध्यात्म विचारों अर्थात, सत्संग भागवत भजन से खुद को भी चार्ज करके रखना चाहिए। तभी हमारा जीवन सार्थक होगा। इसी दौरान तीसरे दिन कथा में महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी श्री नवल किशोर दास जी महाराज, महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी श्री कंचन गिरि जी, महामंडलेश्वर परम पूज्य स्वामी श्री धीरेन्द्र पुरी जी महाराज, साथ ही आलोक कुमार अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद्सहित कई प्रमुख गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

एकल भारत लोक शिक्षा परिषद के ट्रस्टी और कथा के मुख्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, विनीत कुमार गुप्ता, नरेश कुमार, सुरेश कुमार जिंदल, सुरेन्द्र पाल गुप्ता, विवेक नागपाल मुख्य यजमान अनिल गुप्ता, मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन नीरज रायजादा, राष्ट्रीय प्रधान अखिल गुप्ता, राष्ट्रीय उपप्रधान संजीव टेकड़ीवाल, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील गुप्ता सहित कई गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद




**नयी दिल्ली,** (भाषा) ईद-उल-फित्र का त्योहार सोमवार को पूरे भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और लाखों लोगों ने ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज अदा की, एक-दूसरे के गले मिले तथा शांति और भाईचारे के इस पर्व की बधाई दी।

ईद-उल-फित्र रमजान के महीने के समापन का प्रतीक है जो उत्सव, खुशी और एकजुटता के अवसर के रूप में समाप्त होता है। देश के विभिन्न हिस्सों से झड़पों की कुछ घटनाओं को छोड़कर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से यह त्योहार मनाया गया। दिल्ली में ऐतिहासिक जामा मस्जिद में ईद के अवसर पर कड़ी सुरक्षा के बीच बच्चों और बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। एक महीने तक सुबह से शाम तक उपवास रखने के बाद, लोग भोजनालयों और रेस्तरां में पहुंचे और अपने पड़ोसियों, मित्रों और रिश्तेदारों के यहां जाकर सेवई और मिठाइयां खाईं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को ईद-उल-फित्र की बधाई देते हुए कामना की कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''ईद-उल-फित्र की हार्दिक बधाई। यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। यह त्योहार आपके लिए खुशहाली लाए और आपको आपके सभी प्रयासों में सफलता मिले। ईद मुबारक।'' उत्तर प्रदेश में ईद-उल-फित्र का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की इमामत में ईद की नमाज पढ़ी और अमन-चैन की दुआ की। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी लखनऊ के अलावा संभल, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, रामपुर, अमेठी, हरदोई, अलीगढ़, झांसी, गोंडा समेत विभिन्न जिलों की मस्जिदों और ईदगाहों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद की नमाज अदा की गई। कड़ी सुरक्षा और सोशल मीडिया पर निगरानी के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित ड्रोन से वास्तविक समय पर निगरानी की गई।

# दिल्ली: एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण घर में आग लगने से नाबालिग भाई-बहन की मौत



नयी दिल्ली, (भाषा) पश्चिमी दिल्ली के मनोहर पार्क स्थित एक घर में एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव हो जाने के कारण भीषण आग लग जाने से दो नाबालिग भाई-बहनों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार रात करीब आठ बजकर 20 मिनट पर मनोहर पार्क के डब्ल्यूजेड-7 इलाके में हुई। दमकल की दो गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर पहुंची टीम ने पुष्टि की है कि आग एलपीजी सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण लगी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक बच्चों की पहचान साक्षी (14) और उसके भाई आकाश (7) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्रा वीर ने बताया कि दोनों बच्चों की मां सविता (34) के अनुसार, वह रात करीब आठ बजे खाना बना रही थी, तभी पास में रखे कुछ कपड़ों में आग लग गई। घटना के समय कमरे में उनकी दो बेटियां और बेटा भी मौजूद थे।

डीसीपी ने बताया कि सविता और उसकी दूसरी बेटी मीनाक्षी (11) सुरक्षित बाहर निकाल ली गईं, जबकि साक्षी और आकाश अंदर फंस गए।

वीर ने बताया कि इस घटना में तीन लोग भी झुलस गए, जिन्हें पीसीआर टीम ने आचार्य भिक्षु अस्पताल पहुंचाया। मृतक दोनों भाई-बहन पूरी तरह झुलस गए थे, जिन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।"उन्होंने बताया कि संदीप पाठक नामक एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से झुलस गया जिसका इलाज हो रहा है। डीसीपी ने बताया कि दोनों बच्चों के पिता लाल बहादुर (40) अशोका पार्क मेन इलाके में निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं और घटना के समय ड्यूटी पर थे।

# दिल्ली में कार की चपेट में आने से बच्ची की मौत, किशोर चला रहा था वाहन

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में पड़ोसी के किशोर बेटे द्वारा चलाई जा रही कार की चपेट में आ जाने से दो साल की बच्ची की मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह घटना हो जाने के बाद ईद का जश्न उसके परिवार के लिए त्रासदी में बदल गया। पुलिस ने बताया कि यह कार पड़ोसी पंकज अग्रवाल की है और दुर्घटना के समय उसका बेटा वाहन चला रहा था। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि यह घटना रविवार शाम करीब सवा छह बजे पहाड़गंज के राम नगर में हुई और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में यह हादसा रिकार्ड हो गया।

## आर्य समाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का किया अभिनंदन

# हमें भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए: रेखा गुप्ता






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**दिल्ली।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के नेतृत्व में आर्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भेंट कर नववर्ष विक्रमी संवत की बधाई दी कि उनके कुशल नेतृत्व में दिल्ली में विकास का कार्य और आगे बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नववर्ष विक्रमी संवत 2082 की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और आर्य समाज के 150 वें स्थापना दिवस पर उन्होंने आशा व्यक्त की आज पहले से अधिक आर्य समाज की आवश्यकता है।

आर्य समाज समाज निर्माण के कार्य को गति देगा।साथ ही आर्य समाज अशोक विहार दिल्ली के कार्यक्रम में बोलते हुए केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आर्य समाज राष्ट्रवादी संगठन है। हम देश भक्ति की भावना को युवा शक्ति में जागृत करेगें। प्रवीण आर्य पिंकी के मधुर भजन हुए।

प्रमुख रूप से महेन्द्र भाई, वेद प्रकाश आर्य,रामकुमार आर्य,आस्था आर्य,सुरेश आर्य,प्रेम सचदेवा, जीवन लाल आर्य,आशा भट्टनगर आदि उपस्थित थे।

# ईद पर ममता ने एकजुटता का आह्वान किया भाजपा की राजनीति को विभाजनकारी बताया



कोलकाता, (भाषा) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में 'विभाजन की राजनीति के जरिए सांप्रदायिक दंगे' भड़काने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का 'गंदा धर्म' हिंदुत्व के सच्चे सिद्धांतों के खिलाफ है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे ऐसे उकसावे में न आएं जिससे सांप्रदायिक दंगे भड़क सकते हैं। बनर्जी ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के साथ खड़ी रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य में कोई भी तनाव पैदा न कर सके।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यहां 'रेड रोड' पर ईद की नमाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं श्री रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद के अपनाए धर्म का अनुसरण करती हूं। मैं उनके (भाजपा के) बनाए 'गंदा धर्म' का पालन नहीं करती जो हिंदू धर्म के भी खिलाफ है।'' तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोई धर्म किसी दूसरे मनुष्य के खिलाफ कटुता का उपदेश नहीं देता, लेकिन कुछ नेता और राजनीतिक दल अपने ही फायदों के लिए नफरत फैलाते हैं। उन्होंने कहा, ''दंगे भड़काने के लिए उकसाने की कोशिश की जा रही है, कृपया इस प्रकार के जाल में न फंसें। पश्चिम बंगाल सरकार अल्पसंख्यकों के साथ खड़ी है। राज्य में कोई भी तनाव पैदा नहीं कर सकता।'' बनर्जी ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा, ''अगर उन्हें (भाजपा को) अल्पसंख्यकों से समस्या है तो क्या वे देश का संविधान बदल देंगे?'' उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वहीं उन्होंने भाजपा की राजनीति को 'विभाजनकारी' बताते हुए उसे ''जुमला राजनीति'' कहा।

तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सभी हिंदू लोग मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि कुछ राजनेता ऐसे हैं जो धर्म के नाम पर 'सौदागरी' करते हैं। मुख्यमंत्री ने वामपंथियों पर निशाना साधते हुए कहा, ''लाल और भगवा एक हो गए हैं। लेकिन निश्चिंत रहें, मैं आपको कोई नुकसान होने नहीं दूंगी।'' उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल 'राम और वाम' (भाजपा और वामपंथी दल) दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। बनर्जी ने कहा, ''उनकी योजना दंगों को भड़काने की है और मेरा काम दंगों को रोकना है। दंगे रोकिए। अगर आप दंगे रोक सकते हैं तो वे खुद ही गायब हो जाएंगे। उनके जाल में मत फंसिए।'' उन्होंने वाम दलों पर निशाना साधते हुए कहा, ''शर्म की बात है कि धर्मनिरपेक्षता की बात करने वाले वामपंथी दलों ने भगवा खेमे से हाथ मिला लिया है। उन्हें हाथ मिलाने दें। हम अकेले दम पर लड़ेंगे।'' उन्होंने सद्भाव और एकता के महत्व पर बल दिया और बार-बार जोर देते हुए कहा, ''उकसावे में न आएं।'' इस मौके पर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को रोकने के लिए पार्टी की एकजुटता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''पिछले (2024) लोकसभा चुनावों में, हमने मिलकर भाजपा को रोका।'' उन्होंने अंतरधार्मिक एकता पर जोर देते हुए कहा, ''चंद्रमा का कोई धर्म नहीं होता।''

# मोदी सरकार ने देश के स्वास्थ्य ढांचे को बेहतर बनाया: शाह



**हिसार,** (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले एक दशक में पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाकर भारत के स्वास्थ्य ढांचे को ऊपर उठाया है।

शाह ने कहा कि प्राथमिक से लेकर उच्चतर स्तर तक स्वास्थ्य ढांचे में सुधार किया गया है। वह यहां अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज परिसर में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्मित गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) का उद्घाटन किया और स्नातकोत्तर छात्रावास की आधारशिला रखी। शाह ने विभिन्न क्षेत्रों में मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कई पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। शाह ने कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए गए हैं, जिससे 20 करोड़ लोगों को आश्रय मिला है।

उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक घर में शौचालय उपलब्ध कराने के केंद्र सरकार के फैसले पर भी चर्चा की।

शाह ने कहा, ''2014 तक इस देश में 12 करोड़ परिवारों के पास शौचालय नहीं थे। कल्पना कीजिए कि शौचालय विहीन परिवारों में लड़कियों की क्या स्थिति थी।'' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने चिकित्सा ढांचे को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया है। गृह मंत्री ने कहा, ''2013-14 में भारत सरकार का स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट 37,000 करोड़ रुपये था और 2025-26 में यह 1.37 लाख करोड़ रुपये है।''

शाह ने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब देश में सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) थे, जिनमें से छह अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान स्थापित किए गए थे। अब, 23 एम्स हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 766 हो गई है। एमबीबीएस सीटों की संख्या 51,000 से बढ़कर 1.15 लाख हो गई है, अगले पांच सालों में 85,000 अतिरिक्त सीटें जोड़ने की योजना है। उन्होंने कहा कि पहले पीजी की 31,000 सीटें थीं, जो अब बढ़कर 73,000 हो गई हैं। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस सीटों में वृद्धि के अनुपात में पीजी सीटों में भी वृद्धि होगी।

शाह ने कहा कि देश के 750 जिलों में 766 अस्पताल हैं। उन्होंने कहा, ''यह हर भाजपा शासित राज्य का संकल्प है कि हर जिले में कम से कम एक अस्पताल होगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में देश में ऐसा कोई जिला नहीं होगा जहां मुफ्त चिकित्सा उपचार देने वाला मेडिकल कॉलेज और अस्पताल न हो।''

गृह मंत्री ने पिछली कांग्रेस सरकारों का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार के लिए बदनाम था। उन्होंने कहा कि जातिवाद के कारण एक सरकार आती थी और एक क्षेत्र के लोगों को नौकरी मिलती थी, और जब दूसरी सरकार आती थी तो दूसरे क्षेत्र के लोगों को नौकरी मिलती थी। उन्होंने पिछली सरकारों के दौरान नौकरियों में 'भ्रष्टाचार' पर जोर देते हुए कहा, ''बिना रिश्वत के किसी को नौकरी नहीं मिलती थी।'' उन्होंने कहा कि नौकरी के लिए खर्ची' (रिश्वत) और 'पर्ची' (पक्षपात) दोनों की जरूरत होती थी।

शाह ने कहा कि बिना 'खर्ची-पर्ची' के भाजपा नीत सरकार ने सरकारी नौकरियां देकर साबित कर दिया कि लोकतंत्र में जाति के आधार पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 साल में हरियाणा के खिलाड़ियों ने तीन गुना ज़्यादा पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि छोटा राज्य होने के बावजूद हरियाणा बासमती चावल का सबसे बड़ा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि सेना में हर 10वां व्यक्ति हरियाणा से है।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।